ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 29 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 146 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रश्मिका मंदाना ने अल्लू अर्जुन फिल्म... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

आईपीएस अजय भटनागर बने सीबीआई के विशेष निदेशक

रांची। झारखंड कैडर के 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अजय भटनागर को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में विशेष निदेशक नियुक्त किया गया है। भटनागर फिलहाल सीबीआई में अतिरिक्त निदेशक हैं। आदेश में कहा गया है कि उन्हें 20 नवंबर 2024 को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक इस पद पर नियुक्त किया गया है। सीबीआई में संयुक्त निदेशक अनुराग अब एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक होंगे। उन्हें 24 जुलाई 2023 तक की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है।

चाईबासा : माओवादियों का पूर्वी क्षेत्रीय मुख्यालय हुआ ध्वस्त

चाईबासा। माओवादियों के पूर्वी क्षेत्रीय मुख्यालय को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के सरजोमबुरु में माओवादियों ने अपना ईस्टर्न रीजनल हेडक्वार्टर बना रखा था और यहां तक पहुंचने के लिए विगत जनवरी महीने से जिला पुलिस और तमाम केंद्रीय सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सुरक्षाबलों को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली जब उनके इस मुख्यालय को सुरक्षाबलों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बुधवार को चाईबासा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसे पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी बताया।

रोहित झा हत्याकांड में दो गिरफ्तार

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस डिपो के समीप ऑटो चालक रोहित झा उर्फ पंडित हत्या मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में संतोष साहू और एक अन्य शामिल है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की अहले सुबह सिटी डीएसपी दीपक कुमार और चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने दलबल के साथ बूटी मोड़ में छापेमारी कर संतोष और एक अन्य को गिरफ्तार किया है।

लोहरदगा आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने थाईलैंड में दिखाया दम

लोहरदगा। थाईलैंड में अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता खेलने गयीं लोहरदगा जिले की बच्चियों ने जिले और राज्य समेत पूरे देश का मान बढ़ाया है। लोहरदगा जिले में कस्तूरबा गांधी आवासीय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने थाईलैंड भारत की ओर से खेलते हुए 4 स्वर्ण पदक और तीन रजत पदक झटके हैं। विजेता टीम की खिलाड़ी 30 जून को लोहरदगा पहुंचेंगी।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्तारीकरण में गबन के आरोपी को राहत नहीं

रांची। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जमीन के बदले फर्जी तरीके से 20 लाख से अधिक मुआवजा राशि भुगतान प्राप्त करने के मामले के आरोपित पदाधिकारी और योजना सह वित्त विभाग के तत्कालीन आप्त सचिव दीपक कुमार वर्मा को राहत नहीं मिली। दीपक कुमार अभी सूचना जनसंपर्क विभाग के अंतर्गत राज्यपाल सचिवालय में निजी सहायक के पद पर प्रतिनियुक्त हैं। सरकार ने उनके अपील अभ्यावेदन को खारिज कर दिया है। साथ ही उन्हें दिए गये दंड को यथावत रखा है। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

कैबिनेट : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दी

एजेंसी। नई दिल्ली

बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दे दी गई। पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना देना है। इसके साथ केन्द्र सरकार अगले तीन साल में किसानों के कल्याण के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि जो राज्य केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग कम करेंगे, उन राज्यों को केन्द्र सरकार की तरफ से सहायता दी जाएगी यानी जो केमिकल फर्टिलाइजर में सब्सिडी में कटौती करेंगे, उसका 50 फीसदी ग्रांट के तौर पर उन्हें वापस कर दिया जाएगा। इसके साथ इस योजना के तहत जैविक खेती और वैकल्पिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि धरती को केमिकल से बचाने के उद्देश्य से बनाई गई योजना के तहत नैनो यूरिया और सल्फर कोटेड यूरिया के भी इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ जैविक खेती के उत्पाद को मार्केटिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके।

नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना को मंजूरी

केंद्र सरकार ने देश में रिसर्च इको-सिस्टम को मजबूत करने के लिए संसद में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) बिल 2023 पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, 2023 को संसद में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्वीकृत विधेयक एनआरएफ की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा जो अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को बढ़ावा देगा और देश के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और आर एंड डी प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। संसद में मंजूरी के बाद विधेयक पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्चस्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए एक शीर्ष निकाय एनआरएफ की स्थापना करेगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) एनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा शासित होगा। इसमें विभिन्न विषयों के प्रख्यात शोधकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। एनआरएफ का दायरा व्यापक है, सभी मंत्रालयों को प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री इसके बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होंगे। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा शासित होगा। मंत्री ने कहा कि पांच साल में 50,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और एनआरएफ को 1,000 करोड़ रुपये का इनोवेशन फंड भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र से 14,000 करोड़ रुपये, बाकी 36,000 करोड़ रुपये समाज-सेवियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, वैश्विक फंडिंग एजेंसियों आदि से जुटाए जाएंगे। यह विधेयक 2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) को भी निरस्त कर देगा और इसे एनआरएफ में शामिल कर देगा।

हेल्थ सेक्टर की बेहतरी के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



सीएम से अमेरिका के एफिसीएन्स सिस्टम के सीईओ ने की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज अमेरिका के एफिसीएन्स सिस्टम, (ई.एफ.आई. सी. ई. एन. एस.) के सीईओ संजीव कुमार, रामू और श्री शिवनाथ ने औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन, हेल्थ केयर और स्मार्ट सिटी समेत कई और सेक्टर में डिजिटली काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड के विकास के लिए आपका जो विजन है , उसके अनुरूप हमारी कंपनी राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने को इच्छुक है। राज्य सरकार को इन सभी सेक्टर्स के तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में जो भी सहयोग चाहिए, उसे हमारी कंपनी प्रोवाइड कराएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए हेल्थ सेक्टर को बेहतर करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

कल्याण गुरुकुल के 500 विद्यार्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

युवाओं को स्किल्ड करने पर जोर : हेमंत सोरेन

रांची में 300 करोड़ रुपये की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जाएगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज तकनीक का जमाना है। कल-कारखानों से लेकर आम जनजीवन में मशीनें जगह लेती जा रही है। ऐसे में आपका स्किल्ड होना हर हाल में जरूरी है । ऐसे में राज्य के युवाओं को स्किल्ड करने पर सरकार का विशेष जोर है। इसी कड़ी में रांची में लगभग 300 करोड रुपये की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जाएगा। यहां अलग-अलग युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को प्रेझा फाउंडेशन से संचालित आईटीआई कौशल विकास कॉलेज- नर्सिंग एवं कल्याण गुरुकुल के लगभग 500 विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थानों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद लोगों को संबोधित करे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है। ऐसे में गरीबी और पिछड़ेपन से राज्य को कैसे निकालें, इस दिशा में तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और अपोलो समूह ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। इसके अलावा भी और कई अस्पताल राज्य में खुल रहे हैं। टाटा समूह द्वारा कुछ दिनों पहले रांची में आधुनिक कैंसर अस्पताल खोला गया है। ऐसे में नर्सिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए काफी संभावनाएं हैं। हमारी सरकार का निर्णय लिया है कि अब नर्सिंग कोर्सेज लड़के भी कर सकेंगे। इसके लिए जल्द सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और प्रेझा फाउंडेशन के सीईओ कल्याण चक्रवर्ती मौजूद थे।

सरकार ने जो योजनाएं बनाई, उसके मिल रहे हैं बेहतर परिणाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती विशेषकर आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा और बुजुर्गों के लिए सरकार ने जो योजनाएं बनाई है, उसके बेहतर और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। इसमें जिन सहयोगियों को सरकार के साथ जोड़ा, उन्होंने भी पूरा सहयोग किया है। एक बेहतर टीम से बेहतर राज्य बनाने का संकल्प पूरा कर रहे हैं।

मेडिकल सर्किट करेंगे तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में पंचायत स्तर पर शिक्षित ग्रामीण युवाओं को दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हम मेडिकल सर्किट बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

विद्यार्थियों का डेटाबेस साझा करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो भी संस्थाएं यहां के युवाओं को स्किल्ड करने के लिए प्रशिक्षण दे रही है, वे उसका डेटाबेस तैयार कर सरकार के साथ भी साझा करें, ताकि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने में सहूलियत हो। सरकार ने राज्य में निजी क्षेत्र में 40 हजार तक मासिक वेतन वाली नौकरियों में 75 प्रतिशत स्थानीय के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया है। ऐसे में प्रशिक्षित युवाओं को यहां भी जॉब मिलेगा।

ईडी ने जमीन घोटाले में की पूछताछ

अधिवक्ता हिमांशु मेहता ने किया स्वीकार, जयंत से लिए थे पैसे

जयंत करनाड ने दस्तावेज देने की बात कही

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेना जमीन घोटाले में ईडी ने बुधवार को अधिवक्ता हिमांशु मेहता से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान हिमांशु मेहता ने स्वीकार किया कि उन्होंने सेना जमीन का मालिकाना हक जयंत करनाड को दिलाने के बदले 1.20 करोड़ की फीस ली थी। वहीं हिमांशु मेहता ने जयंत करनाड के बयान के उलट ईडी को बताया है कि उन्हें जयंत करनाड ने ही

जमीन के दस्तावेज दिए थे, इसके बाद उन्होंने इस मामले में हाईकोर्ट में सेना से रेंट लेने व जमीन पर मालिकाना हक का दावा संबंधी याचिका डलवायी थी। पूर्व में जयंत करनाड ने बताया था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सेना की करमटोली स्थित जमीन उनकी है। करनाड ने बताया था कि अधिवक्ता हिमांशु मेहता ने उन्हें बताया था कि वह जमीन के मालिक हैं, साथ ही उनके पास जमीन के सारे दस्तावेज हैं। इसके बाद करनाड ने हाईकोर्ट में सेना से रेंट वसूली की याचिका डालने व मालिकान हक का दावा किया था।

भू-माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना गंभीर : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस की जमीन हड़पने के लिए बाउंड्री तोड़े जाने का मामला झारखंड हाईकोर्ट तक जा पहुंचा है। हाईकोर्ट ने अखबारों में छपी खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी एवं गृह विभाग से जवाब मांगा है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि शहर के बीचो-बीच दिन के चकाचौंध में भू माफियाओं का जमीन पर कब्जा करना बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा के कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस के कोर्ट में भेज दिया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। दरअसल भू माफियाओं ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जस्टिस स्वर्गीय युसूफ इकबाल की जमीन हड़पने कोशिश की थी। इसको लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख के लिए प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी द्वारा रविवार को मामला दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार की सुबह अचानक जुनेद राज पप्पू अपने साथ 20-25 अज्ञात लोगों और मजदूरों को लेकर आए और स्वर्गीय न्यायाधीश की जमीन पर बनी दीवार को तोड़ने लगे। इन लोगों ने दीवार को सामने से तोड़ दिया। इसी दौरान लोअर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तो सभी लोग मौके से भाग गए। मौके पर सिर्फ मजदूर ही मौजूद थे। इन लोगों पर अवैध रूप से दीवार तोड़ कर जमीन में प्रवेश करने और धक्का-मुक्की और मारपीट का भी आरोप लगा है।

टेरर फंडिंग केस

प्रद्युमन के सहयोगी के खिलाफ एनआईए ने की चार्जशीट

रांची। एनआईए रांची ने माओवादियों से जुड़े टेरर फंडिंग व अवध जोन में माओवादियों की मजबूती बढ़ाने से जुड़े केस में चार्जशीट दायर कर दी है। एनआईए रांची की विशेष अदालत में प्रद्युमन शर्मा के सहयोगी अभिनव उर्फ गौरव कुमार को आरोपी बनाया गया है। अभिनव को 3 जनवरी को औरंगाबाद से एनआईए ने गिरफ्तार किया था। एनआईए ने अपने चार्जशीट में बताया है कि भाकपा माओवादी सदस्य अभिनव माओवादियों के लिए फंड की उगाही करता था। मगध जोन में वह पुराने माओवादियों को फिर से जोड़कर संगठन को मजबूती देने में भी लगा था। एनआईए ने चार्जशीट में बताया है कि बिहार व झारखंड के माओवादियों, सहयोगियों व स्टेकहोल्डर्स को एक साथ जोड़ने में मध्यस्थ की भूमिका भी अभिनव के द्वारा अदा की जाती थी।

नीतीश के राज्यपाल से मिलने के बाद सुशील मोदी भी पहुंचे राजभवन

सूबे में राजनीति कयास हुए तेज

एजेंसी। पटना

सीएम नीतीश कुमार और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी की मुलाकात के बाद बिहार की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। दरअसल, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करने बुधवार को सीएम नीतीश कुमार पहुंचे हुए थे। इस दौरान राज्यपाल हाउस बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी भी पहुंच गए। इस मुलाकात के बाद बिहार की राजनीति को लेकर कई तरह के कयास भी लगाने शुरू हो गए हैं। इसे 2024 लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, इससे सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या नीतीश कुमार फिर से नई खिचड़ी बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

प्रदेश की दो पार्टियों के बड़े नेताओं के अचानक राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मिलने के बाद प्रदेश की सियासत में सरगर्मी बढ़ गई है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजभवन पहुंचकर वहां चल रहे निर्माण और मरम्मत कार्यों को भी देखा। नीतीश कुमार राजभवन क्यों पहुंचे, इसकी हालांकि अब तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है।

इस मुलाकात को लेकर सुशील कुमार मोदी ने कहा कि राज्यपाल हाउस संयोग है कि मुख्यमंत्री के आने के बाद मैं पहुंचा। एक औपचारिक मुलाकात थी। बहुत दिनों से मुलाकात नहीं हुई थी। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से पुरानी जान पहचान है। कॉलेज के समय एक साथ हम लोगों ने विद्यार्थी परिषद में काम किया। आगे उन्होंने राज्यपाल की तारीफ करते हुए कहा कि वो बहुत ही बेहतरीन तरीके से विश्वविद्यालय को चला रहे हैं। हायर एजुकेशन पर ध्यान दे रहे हैं। हायर एजुकेशन में लगातार वो सुधार करने में लगे हुए हैं। उनको इसलिए बधाई भी देनी थी।

पूर्व डिप्टी सीएम ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात पर कहा कि यह एकमात्र संयोग था कि मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मैं पहुंचा, लेकिन इसका कोई अर्थ नहीं निकालना चाहिए। वही, शिक्षक भर्ती में आवासीय नीति खत्म करने पर उन्होंने कहा कि यह सब बिहारियों का अपमान है। शिक्षा मंत्री कह रहे हैं कि भौतिकी, रसायन और गणित के अभ्यर्थी नहीं मिल रहे हैं तो फिर बिना परीक्षा दिए यह कैसे पता चल गया? बाहर के लोग यहां आकर पढ़ाएंगे तो बिहार के लोग कहां जाएंगे?

बीजेपी नेता ने कहा कि सरकार को इस निर्णय पर फिर से विचार करना चाहिए। इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। शिक्षक तो तृतीय श्रेणी के कर्मी माने जाते हैं तो वर्ग तीन और चार में भी बाहर के अभ्यर्थी लाएंगे तब तो बेकार ही बिहार के अंदर इतने कॉलेज चल रहे हैं। सरकार की मंशा बहाली करने की नहीं है। इस बहाली से सरकार को 11 हजार करोड़ अतिरिक्त भार आएगा।

देश के बैंकों का फंसा कर्ज 3.9 फीसदी पर : आरबीआई

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति यानी फंसा कर्ज अनुपात घटकर इस साल मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया है। इसे और सुधरकर 3.6 फीसदी पर आने का अनुमान है। आरबीआई ने बुधवार को जारी अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा है कि सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) इस वर्ष मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया है। इसे और सुधरकर 3.6 फीसदी पर आने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है कि बैंक और कंपनियों के बही-खाते मजबूत हुए हैं। इससे कुल मिलाकर वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है।

शक्तिकांत दास ने रिपोर्ट में कहा

है कि बही-खातों के मजबूत होने का दोहरा लाभ है। एक तरफ जहां कंपनियों का कर्ज कम होगा, वहीं बैंकों का एनपीए भी नीचे आएगा। दास ने साइबर जोखिम और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नियामकीय व्यवस्था पर ध्यान देने की भी बात कही। उन्होंने विदेशों में कुछ बैंकों के विफल होने के बीच सतर्क रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि वित्तीय क्षेत्र के नियामक स्थिरता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : निदेशक

नवीन मेल संवाददाता। मांडर

भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के अर्न्तगत भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कन्दरी, माण्डर में दिनांक 27जून से प्रारंभ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 28 जून 2013 को देश विदेश के लिए मिल का पत्थर बनकर सभी के लिए यादगार बन कर सम्पन्न हो गया। सेमिनार के प्रथम दिन में डॉ. अजित कुमार सिन्हा, कुलपति, राँची विश्वविद्यालय, राँची, डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची, डॉ. आर. के. मोहालिक, विकास चन्द्र श्रीवास्तव, पुलिस उपाधीक्षक, इस संस्थान की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर एवं समापन के दिन मुख्य अतिथि

पद्मश्री मुकुन्द नायक, डीएसडब्यू राँची डॉ. सुदेश कुमार साहू, रजिस्टार डॉ. मुकुन्द चन्द्र मेहता, फॉर्मर डीएसडब्ल्यू पीके वर्मा आदि ने विषय से सम्बंधित अपने विचार विस्तृत रुप से व्यक्त करते हुए इस तरह के सेमिनार का हर वर्ष आयोजन होने पर जोर दिया।भारथी ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स संस्थान के निदेशक नितिन पराशर ने कहा कि आज छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देने कीआवश्यकता है, संस्कार के बिना शिक्षा इस डिजिटल युग में अधूरी है। संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती छवि सिन्हा ने आधुनिक शिक्षा नीति तथा पौराणिक शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए लोगो को इन सभी की अच्छाइयों को ग्रहण करने का सुझाव दिया। संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर द्वारा सभी गणमान्य व्यक्तियों को पौधा देकर , शॉल ओढ़ाकर एवं महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह के रूप में मोमन्टों देकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि जिस व्यक्ति के अन्दर विवेक होता है वह आम तौर पर विन्रम हो ही जाता है। भारतीय परम्परा में कहा गया है ह्लविद्या ददाति विनायमह्लह्ल अर्थात विद्या सच में है तो आप विन्रम हो ही जाऐंगें। इस बैठक में आपसी विचार-विमर्श भी किया गया। मंच का संचालन संत जेवियर कॉलेज, राँची के प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. कमल कुमार बोस एवं धन्यवाद ज्ञापन डीन उपेन्द्र उपाध्याय ने किया। मौके पर प्राचार्य राकेश कुमार राय, मनोज कुमार गुप्ता, अनामिका, व्याख्यातागण शिक्षकेत्तर कर्मचारी तुलसी दास, सुरेन्द्र एवं सभी सत्रों के छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

पद्मश्री सिमोन उरांव हमारे राज्य के गौरव हैं : सांसद

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

भाजपा के तत्वावधान में चलाए जा रहे लोहरदगा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड के विशेष व्यक्तित्व को सम्मानित करने के कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत ने बुधवार को साईं मंदिर बेड़ो रोड स्थित आवास पहुंचकर पद्मश्री सिमोन उरांव को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद ने कहा सिमोन उरांव हमारे राज्य के गौरव है। हमारे समाज व युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की 9 सालों की सरकार में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ावा दिया है। वहीं गरीबों और वंचितों को सम्मान दिया। किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर कृषि के क्षेत्र में बढ़ावा दिया है। नारीशक्ति को गति देने का काम किया है। इन सारी बातों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा एक महीने के लिए चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद सुदर्शन भगत ने बेड़ो में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही उन्होंने प्रबुद्धजनों से केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बातचीत किया। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी नंबर पर मिस्ड कॉल करा के महासंपर्क अभियान से जोड़ा। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत व धनंजय कुमार राय समेत कई लोग मौजूद थे।

फ्लैट का ताला तोड़कर एक लाख 20 हजार की चोरी

रांची। अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सफा अपार्टमेंट के तीसरे तल्ले के एक फ्लैट का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों के सामान की चोरी चली गई। इस संबंध में मोहम्मद मुस्तफा कमाल ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मोहम्मद मुस्तफा कमाल परिवार के साथ बाहर गए थे। बुधवार को लौटे तो देखा कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और अलमारी से 30 हजार नकदी और 90 हजार के जेवर की चोरी हो गयी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आपसी सौहार्द के साथ मनाएं पर्व : मुफ्ती अब्दुल्लाह

रांची। मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष सह पथलकुदवा मस्जिद के खतीब हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने प्रेस बयान जारी कर लोगों से आपसी सौहार्द एवं एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि बकरीद पर्व 29 जून को मनाया जाना है। सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए अपने-अपने हिसाब से त्योहार मनाएं। अपने खुशियों में दूसरो को शामिल करें। किसी एक व्यक्ति को भी तकलीफ न पहुंचे इसका ख्याल रखें। मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आपसी भाई-चारे और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हुए पाया जाए तो मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड को बताएं उसपर कार्रवाई की जाएगी। हमारे नौजवान सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाए जाने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। बगैर जांच पड़ताल के कोई भी चीज को फारवर्ड न करें।

संयुक्त सचिव हिमांशु मोहन को हॉकी झारखंड की ओर से किया गया स्वागत

रांची । खेल विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव हिमांशु मोहन बुधवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी स्थित हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे। हिनाशु सर का हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने उन्हे हॉकी इंडिया का प्रतीक चिन्ह, शॉल और हॉकी स्टिक देकर स्वागत किया इस मौके पर हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह एवं खेल विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संत जेवियर्स कॉलेज पूर्वी भारत में फिर अव्वल

रांची। झारखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संत जेवियर्स कॉलेज ने एक बार फिर शिक्षा जगत में अपना परचम लहराया है। इंडिया टुडे के एनुअल सर्वे- 2023 में पढ़ाई के मामले में संत जेवियर्स रांची ने पूर्वी भारत में सर्वश्रेष्ठ कॉलेज के रूप में अपनी जगह बनायी है। कला संकाय के क्षेत्र में देश भर के 173 कॉलेजों के सर्वे में 32वां स्थान हासिल किया है, तो वहीं विज्ञान संकाय में 198 कॉलेजों में 75 वां स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय के सर्वे में 225 कॉलेजों में 35वां स्थान प्राप्त किया है। बीबीए 201 कॉलेजों के सर्वे में 31वां स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य फादर नबोर लकड़ा एस.जे. एवं उप-प्राचार्य फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एस. जे. ने बताया कि क्षेत्रवार सर्वे रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पूर्वी भारत में संत जेवियर्स कॉलेज रांची वाणिज्य व आर्ट्स में दूसरा स्थान हासिल किया है।

ट्रैफिक डीएसपी के दो नए पद भी सृजित करने का प्रस्ताव

रांची। राजधानी रांची में बदलते जरूरतों के हिसाब से पुलिसिंग में बदलाव की कवायद हो रही है। रांची पुलिस ने रांची में दो सिटी एसपी के पदों के सृजन का प्रस्ताव भेजा है। वहीं शहर में ट्रैफिक नियंत्रण के लिए ट्रैफिक डीएसपी के दो पदों के सृजन, धुर्वा डीएसपी के पद व चार नए थानों के गठन का भी प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव को जल्द ही पुलिस मुख्यालय को सरकार के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, रांची में कांके, नामकुम व रिंग रोड के आसपास विकसित वैसे नए इलाके जो अबतक ग्रामीण एसपी के अधीन आते हैं, उन्हें सिटी एसपी के कार्यक्षेत्र के अधीन लाया जा सकता हैं। इसके लिए थाने के ज्यूरिडिशन में बदलाव भी किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक रांची शहर में सिटी एसपी के पदों को दो भागों में बांटकर सिटी एसपी साउथ व सिटी एसपी नार्थ के पद के सृजन का प्रस्ताव है। रांची में एएसपी लॉ एंड आर्डर के पद का भी सृजन होगा। डीएसपी रैंक के ऊपर के अधिकारी या प्रशिक्षू आईपीएस अधिकारियों को एएसपी लॉ एंड आर्डर के पद की जिम्मेदारी दी जाएगी।

बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

दो हजार जवानों ने संभाली राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बकरीद को लेकर राजधानी की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं.एक तरफ जहां शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ,वही रांची एसएसपी के नेतृत्व में शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर बुधवार को फ्लैग मार्च भी किया गया. रांची एसएसपी ने बताया कि राजधानी में बकरीद की सुरक्षा को लेकर दो हजार जवान तैनात किए गए हैं.

रैफ ,रैप, जैप ,आईआरबी और जैप के जवानो के साथ जिला पुलिस के जवान तैनात

रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी संवेदनशील जगह पर रैपिड एक्शन फोर्स को तैनात किया गया है, इसके अलावा झारखंड पुलिस के रैप ,जैप ,आईआरबी के जवान भी राजधानी

में तैनात किए गए है. एसएसपी के अनुसार क्विक रिस्पांस टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है ,कहीं से भी अगर आपातकालीन व्यवस्था करनी हो तो वहां की कियूआर्टी तुरंत मूव करेगी.

एसएसपी के साथ रैफ और जिला पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

वहीं बकरीद पर्व को देखते हुए बुधवार की शाम रांची एसएसपी ने खुद फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया. शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर एसएसपी की अगुवाई में रैफ और जिला पुलिस के जवानों ने एक साथ फ्लैग मार्च किया.

कंट्रोल रूम से निगरानी : इस बार पूरे शहर पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. जिनकी निगरानी करने के लिए 50 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है.बुधवार को रांची डीसी ,एसएसपी, ट्रैफिक एसपी ,सिटी एसपी, रांची एसडीओ सहित कई अधिकारियों ने कंपोजिट कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का जायजा भी लिया.इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी की निगरानी कर रहे जवानों को अलर्ट रहने का आदेश भी दिया. रांची एसएसपी की तरफ से यह आदेश जारी किया गया है कि अगर शांति और सौहार्द बिगाड़ने का कोई भी प्रयास करता है तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाए .सभी थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने का आदेश जारी किया गया है.

सोसई आश्रम महाबीर मंदिर परिसर में 24 घन्टे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता। मांडर

मांडर के सोसई आश्रम महाबीर मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ लगभग 11बजे दिन से किया गया।महाबीर मंदिर समिति सोसई द्वारा आयोजित इस हरिकीर्तन के प्रारंभ होने से पूर्व बजरंग बली की प्रतिमा की वर्षगाँठ पर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और बजरंगबली कीर्तन करते हुए परिक्रमा के साथ अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया।अखंड हरि कीर्तन के प्रारंभ से विसर्जन तक चार धाम से सपरिवार सकुशल वापस लौटे भक्तों के सामुहिक सहयोग से 24 घंटे सुरुचि पूर्ण भंडारे का आयोजन किया गया है।आयोजन समिति के रामनरेश गिरी,भुवनेश्वर सिंह, विकास तिवारी, बसन्त सिंह, बहुरा एक्का, गोपाल साहू, खिलेश्वर साहू, संदीप गुप्ता, उत्तम साहू,गिरीश दुबे,हरीश दुबे, मदन महतो, विजया सिंह, प्रतिमा देवी, सुरजमनी देवी, आरती देवी, सावित्री देवी,सुरेन्द्र साहू, डॉ. संजय प्रसाद सहित सभी स्त्री पुरुष एवं बच्चें बच्चियां मौजूद थे।

16 दिन बाद पकड़ाया पंडित की हत्या का एक आरोपी, दूसरा है फरार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के चुटिया थाने की पुलिस ने स्टेशन रोड में बस डिपो के समीप 16 दिन पहले रोहित उर्फ पंडित की हत्या का खुलासा कर लिया है। पुलिस की टीम ने पंडित की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम संतोष साहु है और वह बूटी मोड़ का रहने वाला है। पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपी संतोष ने पंडित की चाकू गोद कर हत्या कर दी थी। वहीं मामले में शामिल एक अन्य आरोपी कुंदन कुमार फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार चुटिया कृष्णापुरी रोड नंबर एक निवासी रोहित कुमार झा उर्फ पंडित 12 जून की रात अपने दोस्त निखिल चौधरी व एक अन्य युवक के साथ स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस स्टैंड के पास खड़ा था। इसी दौरान आरोपी संतोष व कुंदन भी वहां पर पहुंच गया। सभी साथ मिलकर शराब का सेवन किए। इसी दौरान संतोष और पंडिय के बीच सिगरेट को लेकर विवाद हुआ। बात इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट होने लगी। पंडित ने आरोपी संतोष को गाली गलौज कर दिया। इसके बाद आरोपी संतोष ने चाकू पेट में गोद दिया। इसके बाद वह कुंदन के साथ फरार हो गया। घायल पंडित को आनन-फानन में गुरुनानक अस्पताल ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद पंडित को मृत घोषित कर दिया था।

आदिवासी समाज की बहन बेटियों का हो रहा धर्मांतरण : बाबूलाल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने संताल परगना में धर्मांतरण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा है कि संताल में आदिवासी समाज की बेटियों - बहनों का बड़े पैमाने पर धर्मपरिवर्तन कराया गया है। कुछ मामलों में लालच देकर, कुछ में ब्रेनवाश करके और अत्यधिक मामले प्रेम के जाल में फंसाकर धर्मपरिवर्तन के हैं। इसके पीछे एक सुनियोजित साजिश है कि आदिवासियों की पहचान को समाप्त कर देना है। बाबूलाल ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो इस मामले को भी प्रमुखता से देखा जाएगा। घुसपैठिए हमारी परंपरा, संस्कृति और अस्मिता का गला घोंट रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्षी पहले 370 के मुद्दे पर लोगों को भड़काने में लगे लेकिन असफल रहे। सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर देश को अस्थिर करने का प्रयास हुआ, असफल रहे। ट्रिपल तलाक के मुद्दे को हवा देने की कोशिश हुई, फिर धड़ाम हुए और अब समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर मुस्लिम समाज को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं।

झारखंड युवा आयोग का हुआ गठन कांग्रेस के कुमार गौरव बने अध्यक्ष

रांची। झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग में झारखंड राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष के रूप में कुमार गौरव को चुना गया है। जबकि विशाल अंबर तिर्की और सुनील टूटू को सदस्य के रूप में मनोनयन की अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार झारखंड राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 03 वर्षों का होगा या 40 वर्ष के उम्र तक जो भी पहले हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुमोदन से जारी अधिसूचना के अनुसार झारखंड राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष और इसके सदस्य आयोग नियमावली 2012 में नियम 07 में वर्णित कार्यों को संपादित करेंगे और राज्य सरकार को अपना प्रतिवेदन एवं सुझाव देंगे। कुमार गौरव कांग्रेस पार्टी में लंबे दिनों से सक्रिय हैं और वर्तमान में वह प्रदेश कांग्रेस के महासचिव भी हैं। झारखंड यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके कुमार गौरव एक पहचान यह भी है कि वह कद्दावर कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह के पुत्र विधायक अनूप सिंह के छोटे भाई हैं।

कार्यक्रम तनाव मुक्त कार्यक्रम का किया गया आयोजन

योग आदर्शमय बनाने का सुगम मार्ग है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्थान के स्थानीय सेवाकेन्द्र चैधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान एवं भारतीय विमानपतन प्राधिकारण महिला कल्याण संस्था कल्याणमयी, बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा की अध्यक्षता में तनाव मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा में आयोजित कार्यक्रम में तनाव मुक्ति विषय पर बोलते हुए बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा के निदेशक के० एल० अग्रवाल ने कहा राजयोग से मानसिक तनाव, उलझन, अशांति व रोगों से मुक्ति मिलती है। आत्मिक संतुष्टि, एकाग्रता, दृढता निर्णय एवं परखने की शक्ति में वृद्धि होती है। यह योग कुछ क्षणों का नहीं है बल्कि जीवन को श्रेष्ठ, दिव्य आदर्शमय बनाने का सुगम मर्ग है एकाग्रता व ईश्वरीय दुआओं की तभी आवश्यकता होती है जब जीवन तनाव ग्रस्त हो। ब्रह्माकुमारी

निर्मला बहन ने अपने उद्गार अभिव्यक्त करते हुए कहा इस सदी में तनाव और बढ़ेगा इसलिए इसक सामन करने व कम करने की विधि को अपनाना होगा। कर्म और योग का सन्तुलन, साधना व साधनों में संतुलन, भावना विवेक में बैलेन्स निश्चित सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। तनाव मुक्ति के कुछ टिप्स बताते हुए उन्होंने कहा जीवन की हरेक घटना ड्ड किसी न किसी रूप से लाभ होता है। सदा लाभ के बारे में ही सोचें। आज का दिन आपके हाथ में हैं आज आप रचनात्मक कार्य करेंगे तो कल की गलती निट जायेगी और भविष्य में भी लाभ होगा। भारतीय विमानपतन प्राधिकरण महिला कल्याण संस्था कल्याणमयी बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा की अध्यक्षा रिचा अग्रवाल ने कहा अपनी तुलना अन्य से न करें। आपका निन्दक आपका मनोचिकित्सक हैं। एक समस्या को एक समय सुलझायें। दूसरों का सहयोगी बनें। दृष्टिकोग बदली करें दुख सुख में बदल जायेगा।भारतीय विमानपतन प्राधिकरण महिला कल्याण संस्था कल्याणमयी बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा की सचिव सेफाली जी ने कहा जो बात नहीं बदल सकती उसके बारे में न सोचें। सृष्टि नाटक में हरेक अभिनेता है। किसी के अभिनय से प्रभावित न हों। बदला न लें स्वयं को बदल लें। ईर्ष्या न करें ईश्वर का चिन्तन करें। सुख खुशी देने से खुद की खुशी बढ़ेगी। समस्या के समय कर्जा चुक्तू हो रहा है ऐसा समझें । सूक्ष्म अहंकार छोड़ दें खाली हाथ आये थे खाली हाथ जाना है। अपनी सब चिंताऐं परमात्मा को समर्पण कर दें। कार्यक्रम में उपस्थित मनीष कुमार, उप कमाण्डेन्ट सी०आई०एस०एफ० ने कहा कि वर्तमान समय हर रोज थोड़ा समय ईश्वर से योग लगाने से हम रूहानी खुशबूदार रोज फ्लावर बन सकते हैं इससे हमारी सारी चिंताऐं जरूर दूर होगी। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन को धन्यवाद दिया।

AFFIDAVIT

I RITIKA KUMARI D/O SHIV SHANKAR KUMAR R/o Road No.-17 Patel Nagar Hatia Ranchi, P.0.-Hatia, P.S. Jagarnathpur, Dist Ranchi, Jharkhand 834003, do here-by solemnly affirm and declare as follows :-

1. That I am an Indian National by birth and my resi dence of above noted address.
2. That my father's & mother's actual and correct name is Shiv Shankar Kumar and mother's name is KUMARI SNEHLATA in my Inter mediate Registration slip and my Aadhar Card being UID No. 6866 2832 9182.
3. That my Matric Certificate by C.I.S.C. Examination Boad mentioned my father and mother name is Shiv Shanker Prasad an Mother name is Mrs. Snehlata.
4. That Shiv Shankar Kumar and Shiv Shanker Prasad and Kumari Snehlata and Mrs, Snehlata both are one and oner person i.e. my father name and mother name.
5. That this affidavit is executed for the purpose of my father and my mother name correction in my 10th passed Certificate.

AFFIDAVIT No. 0694, Date: 23/06/2023

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन निविदा जिसका PR संख्या – 300738 Building (23-24)-D) है । ग्रुप संख्या –1 में C.O. Residence के स्थान पर C.I. Residence पढा जाय । निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR301033 (Building)23-24*D

कार्यालय: जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक.....(DHS) दिनांक ...../06/2023

Walk in Interview

सरकार के अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 712(3) दिनांक 19.06.2023 द्वारा जिले में झुग्गी झोपड़ीयों में निवास कर रहे लोगों एवं अन्य को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित संचालित "अटल क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु निजी आयुष चिकित्सक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी आयुष चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

क्रम	पद का नाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	पद संख्या	मानदेय	कार्य का समय
01	आयुष चिकित्सक	Bachelor in Ayurved/Homoeopath/Unani	04	रू0 20,000.00 (कुल 26 कार्य दिवस)	08.00AM To 12:00 PM
02	सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।				
03	Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।				

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण–पत्र एवं छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा में दिनांक 12.07.2023 (बुधवार) को अपराह्न 01:00 बजे से 04:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR 301077 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

रश्मिरथी मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांके रोड चांदनी चौक स्थित रश्मिरथी परिसर में नवनिर्मित मंदिर का तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया। परिसर के की महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ समस्त अनुष्ठान में भाग लिया। लगभग 750 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 33 फीट ऊंचे इस मन्दिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग, संगमरमर के भगवान विष्णु, विघ्नहर्ता गणेश, भगवान सूर्य, माता पार्वती, हनुमान जी और नंदी जी की प्रतिमा स्थापित की गयी है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आचार्य (डॉ) बालेश्वर नाथ पाठक के नेतृत्व में 7 सदस्यीय ऋत्विकों के समूह द्वारा संपन्न किया गया। अर्चक समूह में त्रिभुवन पाठक, चंद्रकांत पाठक, विजय कुमार पांडेय, सूर्यकांत पाठक, सतीश पांडेय और ओम कुमार मिश्र शामिल थे। बुधवार को

दिन में प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना, निवासियों का परिसर भ्रमण पूजन, हवन, आरती का आयोजन किया गया। शाम में भजन का रंगारंग कार्यक्रम तथा भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भजन संध्या की प्रस्तुति ओम शर्मा एवं पार्टी, बरियातू द्वारा की गई जिसमें चंदा अरोड़ा, निक्की शर्मा और पूनम आजमानी ने भगवान को समर्पित भजन एवं गीत प्रस्तुत किया। कलश यात्रा अनुष्ठान में भक्तों ने पीला और केसरिया परिधान में चांदनी चौक परिसर से अभिमंत्रित कलश लेकर लगभग डेढ़ किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए कांके डैम जाकर जल पूजन किया गया और उसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने अपने कलश में जल भरकर लाया। देवताओं के जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास तथा नवग्रह पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में विजयेंद्र नाथ झा तथा उनकी पत्नी पद्मा ने पूजन, हवन और अन्य अनुष्ठान में मुख्य भूमिका निभाई।

ओवरब्रिज निर्माण को लेकर बहुबाजार में पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप

रांची। ओवरब्रिज निर्माण को लेकर बुधवार को बहुबाजार इलाके में पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। सुबह 11:24 बजे गई बिजली शाम चार बजे के बाद बहाल हो पाई। घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहने से कठर टोली, साहू टोली, बहुबाजार, प्रगति पथ, गणपत नगर सहित अन्य मोहल्ले प्रभावित रहे। वहीं, दूसरी ओर टाटीसिलवे मिश्रा टोली में 48 घंटे बाद भी बिजली बहाल नहीं हो पाई। यहां 100 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। शिकायत के बाद रांची इस्ट डिविजन के द्वारा कारवाई नहीं की गई। जबकि रांची विद्युत एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव का निर्देश है कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे के अंदर खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाए। अरगोड़ा इलाके में भी सुबह में बाधित बिजली आपूर्ति की गई। यहां लोकल फॉल्ट की समस्या आई थी। इसके अलावा सेल सिटी रोड न्यू पुंदाग में सड़क किनारे लगे बिजली पोल में करंट आ रहा था।

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन को मजबूत बनाने पर की गयी चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के रांची आवास पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार साहू, प्रदेश मंत्री आशीष कुमार साहू, जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू एवं रांची जिलाध्यक्ष संजय साहू के साथ एक तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। पूर्व घोषणानुसार 2 जुलाई को गुमला जिला के निलेश कम्पलेक्स में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सुनिश्चित की गयी है। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी जिला से प्रदेश कार्यसमिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, वरिय जिला उपाध्यक्ष जिला महामंत्री सादर आमंत्रित रहेंगे। श्री साहू ने बताया कि कुछ जिला के लोग एक जुलाई के शाम में ही गुमला पहुंच जाएंगे जबकि कुछ जिला से दो जुलाई को सुबह पहुंचेंगे। कुछ ऐसे भी जिला हैं जहां के लोग रांची प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और दो जुलाई को सुबह 7 बजे गुमला के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का मुख्य उद्देश्य है समाज को राजनीतिक भागीदारी दिलाना। इसके लिए पुरी कार्यसमिति को सर्वसम्मति से भंग करके नई कमिटी गठन करने पर विचार किया जा सकता है।

पुलिस कस्टडी में मृत नेसार अंसारी के परिजनों को मिलेगा पांच लाख मुआवजा

रांची। रातू थाना के हाजत में 23 अगस्त, 2019 को नेसार अंसारी की मौत हो गई थी। इस मामले में मानवाधिकार आयोग की अनुशंसा के बाद गृह विभाग ने रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा को नेसार अंसारी के पिता कलीम मियां को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने ही उनके बेटे की हत्या की है। चोरी के आरोप में रातू थाने की हाजत में बंद आरोपित नेसार अंसारी ने हाजत के कंबल को फाड़कर उसकी रस्सी से फांसी लगा ली थी। वह पुलिस से काफी प्रताड़ित था। उसे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर मैं क्या करूं।

कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण में हो रही देरी से आमलोग परेशान

सड़क जाम को लेकर लोग आक्रोशित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के लोग सड़क निर्माण के दौरान लगने वाले जाम और उड़ने वाले धूल से परेशान हैं। दुकानदारों के पास ग्राहक नहीं आ रहे हैं तो ऑटो चालकों से यात्रियों की लड़ाई हो जा रही है। प्रशासन और ठेकेदार भी इसे लेकर उदासीन बने हुए हैं, वे ना तो धूल के लिए पानी का छिड़काव कराते हैं और ना ही जाम लगने से रोकने के लिए ही कोई कदम उठाते हैं। उन्हें शायद पता नहीं है कि सड़क निर्माण के दौरान कितने लोग प्रभावित हो रहे हैं। दरअसल, राजधानी रांची के कोकर से सिरम टोली तक सड़क निर्माण का काम वृहत स्तर पर चल रहा है। इस वजह से कोकर चौक, कांटा टोली चौक, बहुबाजार चौक, चुटिया चौक, सिरम टोली चौक, पटेल चौक, स्टेशन रोड वाले रूटों में आने जाने वाले लोगों को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। कांटा टोली चौक पर जाम की समस्या से परेशान बदरू बताते हैं कि सुबह से लेकर देर रात तक इस रूट में जाम की समस्या बनी रहती है। सिर्फ जाम की समस्या ही नहीं, बल्कि कांटा टोली चौक, कोकर चौक, बाहु बाजार जैसे महत्वपूर्ण चौकों पर ठेले-खोमचे लगाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चुटिया चौक पर ठेला लगाने वाले वीरेंद्र प्रमाणिक बताते हैं कि सुबह से शाम तक फ्लाईओवर बनने की वजह से कंस्ट्रक्शन का काम वृहत स्तर पर चल रहा है। काम के दौरान कंस्ट्रक्शन मैटेरियल और भारी वाहनों की आवाजाही से दिन भर आसपास धूल उड़ते रहते हैं। दुकान में रखे सारे सामान में धूल लग जाता है। जिस वजह से दुकान पर ग्राहक नहीं पहुंच रहे हैं। खादगढ़ा बस स्टैंड पर यात्री को छोड़ने वाले टेंपो चालक बताते हैं कि जाम की वजह से यात्रियों को दूर में ही छोड़ना पड़ता है, क्योंकि बस स्टैंड के पास जैसे यात्रियों को उतारने की बात होती है तो जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

मेधावी बालिकाएं केनरा बैंक विद्या ज्योति छात्रवृति से हुई लाभान्वित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बुधवार को रांची के राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय पंडरा रांची के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पांच मेधावी बालिकाओं को केनरा बैंक रातु रोड शाखा रांची के तत्वावधान में केनरा बैंक विद्या ज्योति छात्रवृति योजना अन्तर्गत क्रमशः 2500/- एवं 5000/- रुपये की प्रोत्साहन राशि का हस्तान्तरण व प्रोत्साहन प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कशिश खलखो, दीपा उरांव, ईशा कुमारी, अंजलि लोहरा एवं निशु कुमारी को क्षेत्रीय प्रबन्धक मो सन्नाउल्लाह द्वारा प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी गयी। प्रबन्धक मो इमरान द्वारा विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद सिंह को रुपये 25000/- की राशि से 12 सीलिंग फैन भी उपलब्ध कराये गये। मार्केटिंग मैनेजर अरविन्द कुमार एवं बैंक अधिकारियों द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य वित्तीय लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। अशोक सिंह द्वारा सरकारी विद्यालय के जरूरतमन्द एवं मेधावी बच्चों के सर्वांगीण उन्नयन के लिए सीएफआर फण्ड से प्रोत्साहन की इस विशिष्ट योजना के लिये केनरा बैंक की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में निरन्तर सहयोग की अपेक्षा की गयी।

एक्सआईएसएस का समाज के उत्थान में अहम भूमिका : डॉ जोसेफ मारियानुस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण अनुसंधान संस्थान (टीआरआई), रांची ने ट्राइबल सब प्लान (टीएसपी) का झारखंड में प्रदर्शन और मूल्यांकनः चुनौतियां और अवसर नामक एक अध्ययन के लिए एक साल के एमओयूपर हस्ताक्षर किए हैं। डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे, निदेशक, एक्सआईएसएस और मोनिका रानी टूटी, उप निदेशक, टीआरआई ने डॉ रणेंद्र कुमार, आईएएस, निदेशक, टीआरआई, डॉ संत कुमार प्रसाद, एसोसिएट प्रोफेसर, एक्सआईएसएस और डॉ प्रकाश चंद्र दाश, सहायक प्रोफेसर की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस शोध अध्ययन में टीएसपी का गहन बजटीय विश्लेषण, सभी जिलों के बीच टीएसपी फंड का वितरण, टीएसपी-वित्त पोषित योजनाओं का उपयोग पैटर्न, टीएसपी-वित्त पोषित योजनाओं का समग्र प्रशासनिक तंत्र (राज्य से ग्राम स्तर तक), नोडल की भूमिका आदि शामिल होंगे। टीएसपी के समग्र प्रशासन में एजेंसी, जिला-स्तरीय प्रशासन और पंचायती राज की भूमिका देखी जाएगी। इसके अलावा अन्य अच्छे प्रदर्शन करने वाले राज्यों के साथ टीएसपी प्रशासन की तुलना भी की जाएगी। यह अध्ययन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पर्यटन आदि से संबंधित सामाजिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए केंद्र द्वारा कल्याण विभाग को दिए जाने वाले अनुदान का उपयोग करने के तरीके भी सुझाएगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान डॉ कुजूर ने कहा, एक्सआईएसएस समाज और उसके लोगों के विकास में जिला प्रशासन और पंचायती राज के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टीआरआई के साथ इस सहयोग से उत्साहित है।

हौसला विजेता टीम में शामिल झारखंड की तीन खिलाड़ी सम्मानित

खिलाड़ियों ने पूरा श्रय मुख्यमंत्री को दिया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड की तीन बेटियों ने एक बार फिर राज्य का नाम रौशन किया है। जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम में शामिल महिमा टेटे, रोशनी कुमारी और दीपिका सोरेन को रांची एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के सेमिनार हॉल में सम्मानित किया गया। इस मौके पर तीनों खिलाड़ियों ने कहा कि झारखंड सरकार हम जैसे सभी खिलाड़ियों के लिए आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का संचालन कर रही है। यहां उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की वजह से ही हम आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा प्रदर्शन कर पा रहे हैं। खिलाड़ियों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई टर्फ उपलब्ध कराये हैं। इससे प्रशिक्षण में बहुत मदद मिल रही है। खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल विभाग को दिया। साथ ही भरोसा दिलाया कि आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर हम झारखंड का मान बढ़ाते रहेंगे।ये भी पढ़ें- चैंपियन बेटियों का घर लौटने पर हुआ भव्य स्वागत, महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शनकार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु मोहन ने कहा कि आप अपना गोल निश्चित कर लें तो उसे पूरा करने में कोई परेशानी नहीं आएगी। इसलिए आप अपना गोल लेकर चलें, तभी आपको सफलता मिलेगी। वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि अब झारखंड के बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो भारतीय टीम में अपना स्थान बना रहे हैं। यह बहुत खुशी और गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण का कार्यक्रम सही ढंग से करें आपको सभी सुविधा देने के लिए झारखंड सरकार तैयार खड़ी है, किसी तरह की कोई परेशानी हो तो आप इसकी सूचना विभाग को दे सकते हैं ताकि कमियों को पूरा किया जा सके। इस मौके पर पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त सचिव हिमांशु मोहन ने खिलाड़ियों को बुके मोमेंटो और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो, उपनिदेशक साझा देव शंकर दास के अलावे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हॉकी के खिलाड़ी ,आवासीय प्रशिक्षण केंद्र बरियातू के खिलाड़ी और निदेशालय साझा के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

खेल और खिलाड़ियों के बीच समन्वय स्थापित करेगी राज्य सरकार: बन्ना गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के बीच समन्वय स्थापित करने का काम करेगी। वे बुधवार को खेलगांव स्थित 13वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप और प्रथम झारखंड इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव सहायता सरकार प्रदान करेगी। साथ ही कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए 40 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को नियुक्त करने का काम किया है। झारखंड के लोग शुरू से निशाना लगाने में माहिर होते हैं और तीर-धनुष से निशाना लगाते हैं। इसलिए राइफल शूटिंग में भी यहां के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बाद में पिस्टल से निशाना दागकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। जेएसएसपीएस के सीओ जीके राठौर ने कहा कि सीसीएल और झारखंड सरकार मिलकर खिलाड़ियों के विकास के लिए काम कर रही है। खेल गांव स्थित स्टेडियमों का बेहतर उपयोग हो इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि 4 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 600 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कई स्पधाओं का आयोजन किया जा रहा है। पहली बार स्कूली बच्चों के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि इस राज्य में निशानेबाजी खेल की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में स्थान बना रहे हैं और विदेशों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

NEWS इन ब्रीफ

गिरिडीह : नगर निगम कर्मियों की घोषित हड़ताल स्थगित

गिरिडीह। झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन ने 28 जून से घोषित हड़ताल स्थगित कर दिया गया है. संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन से आरोपी रिजवान की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई है. आरोपी की गिरफ्तारी तत्काल नहीं हुई तो इस बार आर-पार की लड़ाई की जाएगी. अशोक सिंह ने बताया कि पुलिस के आला अधिकारियों ने ठोस पहल करने का आश्वासन दिया है. विदित हो कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के गिरिडीह दौरा के दौरान शहर के भंडारीडीह में सफाई कर्मियों के साथ मुर्गा विक्रेता मो. रिजवान ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी. 22 जून की घटना के बाद 23 जून से निगम कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया था. प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद 24 जून को सफाईकर्मियों ने कार्य बहिष्कार स्थगित करते हुए प्रशासन को 27 जून तक आरोपी की गिरफ्तारी का अल्टीमेटम दिया था. संघ ने 28 जून से हड़ताल की घोषणा की थी.

भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

गिरिडीह। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है. इसी कड़ी में 28 जून को तिसरी प्रखंड चंदौरी पंचायत के पलमरुआ गांव में बूथ संख्या 133 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर महाजनसंपर्क अभियान चलाया. मोदी सरकार की 9 वर्षीय कार्यकाल के उपलब्धियों भरा पत्रक लोगों को दिया गया. मौके पर भाजपा के चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

गिरिडीह। ताराटांड़ थाना अंतर्गत गुटबरिया गांव के पास बुधवार 28 जून की सुबह ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार ताराटांड़ बाजार में फल की दुकान लगाने वाले मथुरा साहू बुधवार की सुबह बेटे शिवम साहू के साथ गिरिडीह मंडी फल खरीदी के लिए बाइक से आ रहे थे. तभी गुटबरिया गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी. शिवम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बाइक चला रहे शिवम के पिता मथुरा को हल्की चोटें आई हैं. हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रक को जब्त कर थाना ले गई है. इधर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. हादसे के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है.

सर्पदंश से महिला गंभीर, राउरकेला रेफर

चाईबासा। बारिश का मौसम आते ही सारंडा समेत मनोहरपुर,आनंदपुर प्रखंड में सर्पदंश का प्रकोप बढ़ जाता है. जहरीले सर्पदंश के शिकार मरिजों का मनोहरपुर सीएचसी में आना लगातार जारी है. दो दिनों के भीतर जहरीले सांप काटने से पीड़ित पांच मरिजों को मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया. इनमें चार महिला समेत एक युवक भी शामिल है. मंगलवार देर रात जहरीले सांप के काटने से चिड़िया की 45 वर्षीय महिला भारती हेंब्रोम को गंभीर हालत में मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया. स्थानीय चिकित्सकों ने पीड़ित महिला की नाजुक हालात को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद राउरकेला रेफर कर दिया है. जहरीले सांप काटने से हर साल दर्जनों लोग प्रभावित हो रहे है. दो दिनों के भीतर एतवारी लुगून (35 वर्ष) बड़पोश, भारती हेंब्रोम (45वर्ष) चिड़िया, लुदरिश सुरीन (35वर्ष) कमारबेड़ा, हेमा महतो (55वर्ष) बड़पोष एवं सुफल होरो (26वर्ष) सर्पदंश की शिकार हो चुके है.

धनबाद में तीन साल के हाथ-पांव तोड़ रेलवे काउंटर के पास फेंका

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद में ढाई-तीन साल के एक बच्चे के साथ जैसा बर्बर सलूक हुआ है, उसकी गवाही उसके शरीर पर मौजूद जख्म के निशान दे रहे हैं। बच्चा रेलवे जंक्शन के रिजर्वेशन काउंटर के पास लावारिस हाल में बुरी तरह जख्मी पाया गया। उसके दोनों हाथ और एक पैर टूटे हुए हैं। उसका गला दबाकर जान मारने की कोशिश की गई है। उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। बच्चा कौन है और उसके माता-पिता कौन हैं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। बच्चे को बुधवार को रिजर्वेशन काउंटर के समीप एक यात्री ने देखा। वह अर्धबेहोशी की हालत में कराह रहा था। यात्री ने चाइल्ड लाइन को इसकी सूचना दी। चाइल्ड लाइन ने तत्परता दिखाते हुए मासूम को तत्काल रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएस रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार मासूम की स्थिति काफी गंभीर है। बच्चे को हॉस्पिटल पहुंचाने वाले विक्रम ठाकुर और चाइल्ड लाइन कर्मी चंदना ने बताया कि टिकट काउंटर के पास अज्ञात बच्चा मिला है। हालत देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि उसे जान से मारने की कोशिश की गयी थी। जिसने भी यह कोशिश की, वो उसे मरा हुआ समझकर छोड़कर चले गए। बच्चे के स्वस्थ होने के बाद उसे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया जायेगा। उसके बाद आगे की जांच और कार्रवाई चाइल्ड वेलफेयर कमिटी करेगी।

घूस लेते पकड़े गए कर्मचारी की जमानत पर केस डायरी तलब

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए गोविंदपुर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक परमानंद प्रसाद की ओर से दायर जमानत याचिका पर बुधवार 28 जून को सुनवाई हुई. निगरानी के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बहस की. प्रभारी लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने केस डायरी मांगने का आग्रह किया. अदालत ने एसीबी को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए अगली तारीख तय कर दी है. बताते चलें कि विगत 10 जून को धनबाद एसीबी की टीम ने डीएसपी नितिन खंडेवाल के नेतृत्व में गोविंदपुर अंचल के प्रधान सहायक परमानंद प्रसाद को गौड़तोपा पंचायत के डोमनडीह निवासी सनातन हेंब्रम से लगान रसीद अपटूडेट करने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा

था. एसीबी ने आरोपी के कार्यालय से 44 हजार व उसके घर से 4.10 लाख रुपये बरामद किए थे. शिकायतकर्ता का आरोप है कि पिछले दो माह से अपनी रैयती खतियानी जमीन का लगान रसीद के लिए वह अंचल कार्यालय की दौड़ लगा रहा था. उसे कभी राजस्व कर्मचारी के पास तो कभी अंचल निरीक्षक तो कभी अंचल अधिकारी के पास भेजा जाता था. बाद में अंचल अधिकारी ने उसे प्रधान सहायक परमानंद प्रसाद से मिलने को कहा. शिकायतकर्ता की गांव में 28_30 एकड़ जमीन है.

झारखंडधाम हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष गिरफ्तार

गिरिडीह। झारखंडधाम हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष गोविंद मंडल की गिरफ्तारी के विरोध में 28 जून को जमुआ प्रखंड के हीरोडीह थाना के कठवारा हटिया मैदान में ग्रामीणों ने बैठक की. बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि अजीत वर्मा ने की. मौके पर समिति के पदाधिकारी मुस्लिम अंसारी ने कहा कि रेल प्रशासन मनमानी पर उतर आया है. निर्दोष ग्रामीणों को संगीन मामलों में फंसाया जा रहा है. रेल प्रशासन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी. पंसस मुंशी वर्मा ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन्मसिद्ध अधिकार होता है. ग्रामीण करीब 12 वर्षों से झारखंडधाम हॉल्ट के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं. समय-समय पर ग्रामीणों ने आंदोलन भी किए. बावजूद इसके मांग नहीं मानी जा रही है. ग्रामीणों ने जेल का ताला टूटेगा, गोविंद मंडल छूटेगा के अलावा रेल प्रशासन होश में आओ सरीखे नारे लगाए गए. पंसस मुंशी वर्मा, सद्दाम अंसारी, बद्री मंडल, कुलदीप विश्वकर्मा, गोविंद वर्मा, त्रिभुवन मंडल, शिव शंकर मंडल, रीतलाल मंडल, शंकर मंडल, नारायण मंडल, सीताराम मंडल, गुलाब मंडल, प्रकाश शर्मा, प्रमोद शर्मा, गोकुल शर्मा समेत ग्रामीण उपस्थित थे.

सड़क हादसे में पुत्र की मौत, पिता घायल

गिरिडीह। जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के गुटबरिया गांव में बुधवार ट्रक की चपेट में आने बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ताराटांड़ बाजार में फल विक्रेता मथुरा साहू पुत्र शिवम साहू के साथ गिरिडीह मंडी फल खरीदी के लिए बाइक से आ रहे थे। तभी गुटबरिया गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें शिवम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे शिवम के पिता मथुरा साहु को हल्की चोटें आई हैं। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ट्रक को जब्त कर थाना ले गई है।

मैट्रिक परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। गोमिया स्थित मॉडर्न उच्च विद्यालय में बुधवार 28 जून को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि ससबेडा पूर्वी पंचायत की मुखिया अंशु कुमारी व प्रभारी प्रधानाध्यापक सविता कुमारी ने अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के बीच मेडल व पारितोषिक का वितरण किया. मुखिया अंशु कुमारी ने कहा कि बच्चे अगर लक्ष्य लेकर शिक्षा ग्रहण करते हैं, तो सफलता उन्हें अवश्य मिलती है. बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व तकनीकी शिक्षा भी दिये जाने की जरूरत है. प्रभारी प्रधानाध्यापक सविता कुमारी ने कहा कि बच्चे जब किसी परीक्षा व प्रतियोगिता में अव्वल आते हैं तो स्कूल का भी नाम रौशन होता है. साथ ही वहीं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है. समारोह में प्रियंका कुमारी, जमाहिर सिंह, फिरदौस फातमा, प्रीति कुमारी, प्रशांत कुमार, मंजूषा तिग्गा, छोटू गंझू, सुमन कुमारी, संजीत कुमार दास, ताजीम अंसारी, राहुल यादव व उपेंद्र उरांव को बेहतर अंक लाने पर मेडल व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया. मौके पर मुखिया पति पिंटू पासवान, शिक्षक गौतम चौधरी, कुमारी अंजना भारती, नमिता कुमारी, आशीष कुमार उपस्थित थे.

चाईबासा : कोल्हान विवि में यूजी सेमिस्टर वन में नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू

चाईबासा। कोल्हान विश्वविद्यालय में सत्र 2023-27 चार साल की यूजी सेमिस्टर वन में नामांकन की प्रक्रिया 29 जून से आरंभ होगी. कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नामांकन संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है. विद्यार्थी चांसलर पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है. 29 जून से 12 जुलाई तक फार्म भरने की तिथि निर्धारित की गई है. हालांकि वैसे विद्यार्थी को भी आवेदन करने का अवसर दिया गया है जो सीयूईटी की परीक्षा में शामिल नहीं हुए है. ऑनलाइन नामांकन शुल्क 200 रुपये निर्धारित की गई है. डीएसडब्लयू डॉ एससी दास ने कहा कि वे सभी विद्यार्थी जो सीयूईटी की परीक्षा में शामिल हुए हो या नहीं भी हुये हो वे विद्यार्थी भी नामांकन के लिए आवेदन कर सकते है. उन्होंने कहा कि सभी कॉलेज नामांकन समिति का गठन कर नामांकन प्रक्रिया आरंभ करें. योग्य विद्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही महाविद्यालय स्तर से संबंधित विद्यार्थियों का नामांकन लें. साथ ही सभी विद्यार्थी अपने संबंधित बैंक चालान के माध्यम से ही विद्यार्थियों से निर्धारित नामांकन शुल्क प्राप्त करना सुनश्चित करेंगे. प्रथम मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 17 जुलाई को संबंधित कॉलेज की वेबसाइट पर कर दिया जाएगा.

पत्नी के प्रेमी को पति ने चाकू मारा, गंभीर

चाईबासा। मंगलवार देर रात चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया. चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद राउरकेला रेफर कर दिया है. घायल युवक 27 वर्षीय कुंवर लोहार मनोहरपुर थाना अंर्तगत कोलपोटका पंचायत के ग्राम सिरका टोली खिजूरबेड़ा पुरनापानी का रहने वाला है. चाकूबाजी की घटना को लेकर घायल युवक कुंवर लोहार ने बताया कि उसके गांव बसंत तांती की पत्नी सुनीता तांती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था. जो उनसे करीब दस साल बड़ी है. तथा एक साल से उन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था. जबकी सुनीता तीन बच्चों की मां है. दोनों के संबंध के बारे में सुनीता के पती को मालुम पड़ गया था. किंतु वह इस बात से अनजान था. घटना के दिन बसंत तांती ने उसे शाम को मनोहरपुर बाजार घुमने बुलाया. वहीं मनोहरपुर जाने के दौरान घर से थोड़ी दूर डैम के समीप बसंत तांती ने उस पर अचानक चाकू से वार कर दिया. उसके पेट में चाकू लगा है. तभी इस घटना के दौरान बसंत तांती की पत्नी सुनीता वहां पहुंच गई और गंभीर रूप से घायल कुंवर लोहार को अपने पती से बचाने के लिए दोनों के बीच बचाव करने लगी. इस दौरान पति ने पत्नी सुनीता पर भी चाकू से वार कर दिया. इससे उसका हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया. चाकू बाजी की घटना को लेकर मनोहरपुर पुलिस गंभीर रूप से घायल कुंवर लोहार के फर्द बयान पर मामला दर्ज कर लिया है. साथ ही घटना को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

1 जुलाई को पद भार संभालेंगे कोल इंडिया के नये सीएमडी पीएम प्रसाद

धनबाद। केंद्र सरकार ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के नये सीएमडी पीएम प्रसाद की नियुक्ति पर मंजूरी की मुहर लगा दी है. श्री प्रसाद 1 जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे. वर्तमान सीएमडी प्रमोद अग्रवाल, आईएएस 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं. श्री प्रसाद की नियुक्ति के पत्र को कैबिनेट नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 27 जून मंगलवार को जारी कर दिया है. पूर्व में कोयला मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी को प्रभार देने की संभावना जताई जा रही थी. जानकारी के मुताबिक लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने 3 मई को साक्षात्कार के बाद सीसीएल के वर्तमान सीएमडी पीएम प्रसाद का कोल इंडिया चेयरमैन पद के लिए चयन कर कोयला मंत्रालय को अनुशंसा के लिए भेजा था. कोयला मंत्रालय ने इस अनुशंसा को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को भेजा. सीवीसी से क्लियरेंस मिलने के बाद कोयला मंत्रालय ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को प्रेषित किया. डीओपीटी ने श्री प्रसाद के नाम पर मुहर लगाते हुए फाइल पीएमओ को भेज दी. पीएम के विदेश दौरे के कारण उनकी स्वीकृति नहीं मिल पाई थी, जिस कारण एसीसी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी होने में विलंब हुआ.

कोल्हान में बकरीद में ड्रोन से की जाएगी निगरानी

चाईबासा। बकरीद के पर्व को लेकर कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी अजय लिंडा ने मंगलवार को तीनों जिलों के एसपी के साथ बैठक की. इस दौरान अभी तक की तैयारी की समीक्षा करते हुए तैयारी को और बेहतर करने का निर्देश दिया गया. बैठक में पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सरायकेला खरसावां के पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश और पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर मौजूद रहे. हालांकि बकरीद के दौरान यहां कोई उपद्रव नहीं होता है. इसके बावजूद पुलिस को अलर्ट रहने को कहा गया है. कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और ड्रोन कैमरे के जरिए भी निगरानी होगी. अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि विपरीत परिस्थिति में स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके. डीआईजी ने तीनों एसपी को अपराधियों पर नकेल कसने का निर्देश दिया है. कहा गया है कि जरूरी हो तो अपराधियों को जिला बदल कर और क्राइम कंट्रोल एक्ट लगाए.

अपील हरिहरपुर थाना में समिति की बैठक आयोजित

बकरीद सौहार्द के साथ मनाएं

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। गोमो के हरिहरपुर थाना में बकरीद को लेकर 28 जून को शांति समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए तोपचांची इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद ने लोगों से गुरुवार को बकरीद का त्योहार सौहार्द के साथ मनाने की अपील की. कहा कि अगर कोई अफवाह फैलने या गड़बड़ी करने का प्रयास करता है, तो पुलिस को इसकी तुरंत सूचना दें. पुलिस प्रशासन लोगों की सुरक्षा में पूरी तरह मुस्तैद है. समाज के अगुवाओं से सामाजिक व्यवस्था बनाये रखने की अपील की. हरिहरपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर है.

त्योहार पर लोगों की धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले पोस्ट डालने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, एसआई देवनाथ रजक, सीवाईएम बीसी मंडल, समाजसेवी कुद्दूस अंसारी, सुरेश अग्रवाल, सुनील मंडल, हनि नारंग, अमजद अंसारी, गोमो चैंबर ऑफ कॉमर्स के धीरज कुमार, मुखिया मदन मोहन मंडल, लक्ष्मी गुप्ता, श्रीकांत मंडल, सोहन महतो, सुरेंद्र सिंह, तबरेज आलम आदि उपस्थित थे.

इक्फाई विवि झारखंड 2023 में प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा तिथियों की घोषणा की है। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी, जहां इच्छुक उम्मीदवार अपने घर से ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं। प्रेस को संबोधित करते हुए इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा, झारखंड के छात्रों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्रदान करने के लिए, इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड सत्र 2024-25 में कई नए पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इक्फाई विश्वविद्यालय पूरी तरह से उभरती इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी,

भाषाविज्ञान, नेतृत्व और एफडीपी/एमडीपी कार्यक्रमों के क्षेत्र में केंद्रित है। फिलहाल नए सत्र से हम अपने स्कूलों के माध्यम से फैकल्टी सर्टिफिकेट प्रोग्राम देंगे और उन्हें यहां प्रदर्शित भी करेंगे। यह सत्र बच्चों के करियर ओरिएंटेशन की ताकत बढ़ाने और कौशल सिखाने पर भी केंद्रित है। शिक्षा के इन सभी विषयों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा जोर इनोवेशन और स्टार्टअप पर रहेगा, इसलिए हमने विन (वर्ल्ड इनोवेशन नेटवर्क) के साथ समझौता किया है। इसके लिए हमने इनक्यूबेटर और इनोवेशन लैब्स भी बनाई हैं। इसके जरिए हम छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे।' इस पूरी प्रक्रिया में फैकल्टी को भी शामिल किया जाएगा।

डीसी की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक

योजनाओं को ससमय पूरा करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत बुधवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला योजना कार्यकारिणी रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार द्वारा उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जल संरक्षन के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में 5 वर्षों की योजना बनाई गई है जिसमें योजना के तहत अब तक

2 वर्ष पूरे हो चुके हैं। बैठक के दौरान उन्होंने योजना के तहत दुलमी प्रखंड के लगभग 5072 हेक्टेयर भूमि पर चेक डैम निर्माण, ट्रेंच कम बंड, मेढ़बंदी, सामुदायिक एवं अन्य तालाब निर्माण, मिशन अमृत सरोवर, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के कन्वर्जेन्स तथा प्रशिक्षण के तहत अब तक किए गए कार्यों एवं आगे किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी जिसके उपरांत उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विकास कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करने व ससमय योजनाओं को पूरा कर लोगों को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जल छाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

हादसे में घायल को मुखिया ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत लारहो पुल के पास एक बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे चालक पितांबर सिंह 40 वर्ष, पिता लालजी सिंह ग्राम चौथा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को दी। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायल पितांबर सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया गया। वहीं मुखिया ने अपने निजी वाहन से घायल व्यक्ति को हजारीबाग पहुंचाया। इस दौरान मुख्य रीता देवी ने बताया कि पंचायत वासियों की सेवा के लिए हमने अपना निजी बोलेरो वाहन को दे दिया है। पंचायत क्षेत्र में किन्ही को भी जरूरत पड़ने पर इस वाहन का उपयोग कर सकते हैं ।

अभियान चला कर अनामांकित बच्चों का स्कूल में नामांकित कराएं : सुधीर मंगलेश

रामगढ़ । दुलमी प्रखंड सभागार में समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैंपेन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश,प्रमुख रेणु देवी,उप प्रमुख धर्मधीर महतो, बीईओ प्रभाकर कुमार, शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी मिथलेश कुमार मौजूद थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि आसपास के क्षेत्रों में 6 से 14 वर्ष के वैसे बच्चें जो शिक्षा से वंचित हैं। उन्हें घर घर जाकर स्कूल में नामांकन दाखिल करवाना है। जिससे वे भी पढ़ लिखकर समाज में अपना स्थान बना सके। साथ ही वे भी प्रतियोगिता की परीक्षा में भाग लेकर देश व राज्य के ऊंचे पदों पर आसीन हो सकें। शिक्षा का अधिकार हर बच्चे को है,इसलिए हम सभी जनप्रतिनिधि,समाजसेवी, अभिभावक सहित सभी का दायित्व है और बढ़ जाता है कि हर बच्चे को स्कूल से जोड़ें। ताकि एक सशक्त समाज का निर्माण हो सके । मौके पर मुखिया उर्मिला देवी, परमेश्वर पटेल, रंजू देवी, रविन्द्र कुमार, मो एसदुल्ला सहित अन्य मौजूद थे ।

देवर ने विधवा भाभी से रचाया आदर्श विवाह

बरही । पोडैया निवासी शंभू सिंह के पुत्र अनुपम सिंह ने अपनी विधवा भाभी के साथ विवाह रचा कर समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करने का काम किया है. यह आदर्श विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और इस साहसिक कदम के लिए लोग तारीफ कर रहे है. विवाह बुधवार की देर संध्या बरही स्थित सूर्यमंदिर में पूरे विधि विधान के साथ परिजनों की रजामंदी और उपस्थिति में हुई. मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू यादव, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, प्रमोद सिंह, लालमणि सिंह, संजय यादव, महेश यादव, गोविंद यादव सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे. जानकारी के अनुसार पिछले दुर्गा पूजा के समय उक्त महिला के पति स्व महेश सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी. जो कोडरमा जिला अंतर्गत चटकारी की रहने वाली है. महिला का तीन वर्ष का एक बच्चा भी है. यह समाज के लिए उसी की बात है कि बरही में विधवा प्रथा का प्रचलन प्रारंभ हुआ है, यह दूसरा विवाह सामने आया है.

शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु निबंधन को लेकर प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता रामगढ़ नेलसम एयोन बागे की अध्यक्षता में 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म एवं मृत्यु निबंधन अभियान को लेकर बुधवार को प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर चंचला कुमारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान अपर समाहर्ता ने सर्वप्रथम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के अपंजीकृत बच्चों का सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। वहीं, उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान के दौरान होने वाले निबंधन से संबंधित प्रतिवेदन जिला सांख्यकी पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा

अधीक्षक को विद्यालय स्तर पर 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे जिनका जन्म प्रमाण पत्र निर्गत ना होगा उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़ ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित जन्म-मृत्यु निबंधन को यथाशीघ्र पूर्ण कर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने प्रत्येक सप्ताह जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जन्म मृत्यु निबंधन के महत्व के प्रति आमजनो को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

विभावि में स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की बैठक

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की बैठक आर्यभट्ट सभागार में बुधवार को दिन के 11.30 बजे आयोजित की जाएगी. बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे. बैठक में विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ राखो हरि पिछले वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे. इसके बाद वर्ष 2023 -24 के लिए खेलों की सूची अनुमोदित की जाएगी. विभिन्न अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि एवं मेजबान संस्थान का चयन बैठक में किया जाएगा. साथ ही विभिन्न खेल स्पधाओं के लिए कोचिंग कैंप का आयोजन तथा अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के खेल दलों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया जाएगा. वर्ष 2023-24 के खेल बजट पर भी चर्चा होगी. पिछले वर्ष किए गए खर्च का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा.

भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद, अफवाह से रहें दूर

नवीन मेल संवाददाता

बरही । एसडीओ पूनम कुजुर और एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने अनुमंडलवासियों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाने की अपील किया है. एसडीओ ने बताया कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लगाया जा चुका है. इसे ध्यान में रखते हुए त्योहार मानना है. अफवाह पर न तो ध्यान देना है और न ही अफवाह फैलाना है. सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट या फॉरवर्ड नहीं करनी है. उन्होंने कहा कि सभी ईदगाह ऊपर दंड अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है. असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर होगी. वही एसडीपीओ नजीर अख्तर ने भी त्योहार को खुशियों के साथ मिल जुलकर मनाने की अपील किया है. उन्होंने बताया कि बकरीद को लेकर पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है. साथ ही सामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर ध्यान रखा जा रहा है. शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी. बीडीओ सी आर इंदीवर ने भी लोगो को बकरीद की शुभकामनाए देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किया है. सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने भी लोगो से निर्धारित स्थलों पर समयानुसार नमाज अदा करते हुए प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस पर अमल करने र की अपील की है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने भी बकरीद की शुभकामनाए देते हुए लोगो से अमन और शांति बनाए रखने की बात कही है.

आरडीएसएस स्कीम के तहत सांसद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

सर्वे पूरा होने के बाद रामगढ़ अंचल में लगेंगे 54 हजार स्मार्ट मीटर

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। जिला सर्किट हाउस में बुधवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में आरडीएसएस स्कीम के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ सुनीता चौधरी, विधायक प्रतिनिधि मांडू , जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , डीडीसी रॉबिन टोप्पो, जीएम अशोक कुमार सिन्हा हजारीबाग विद्युत आपूर्ति क्षेत्र , डीजीएम संतोष कुमार सिन्हा रामगढ़ विद्युत आपूर्ति क्षेत्र , विद्युत कार्यपाल अभियंता, तकनीकी सहायक मौजूद थे। बैठक के दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रामगढ़ अंचल में विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाए। साथ ही उन्होंने कहा की क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत के उपयोग एवं बिल जमा करने में किसी भी तरह की परेशानी नही हो इस बात का विभाग ख्याल रखे। वहीं, बैठक में निर्णय लिया गया की आरडीएसएस स्कीम के तहत प्रत्येक तीन माह में बैठक का आयोजन कर रामगढ़ अंचल में विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान मांडू विधायक प्रतिनिधि की ओर से वार्ड नंबर 1 और 2 के लिए 20 पोल आवंटित करने की मांग की गई। वहीं, रामगढ़ विधायक सुनीत चौधरी ने निशांत होटल के पास ट्रांसफ र्मर बदलने की मांग की। बैठक में बताया गया की रामगढ़ अंचल में विद्युत विभाग द्वारा 54 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जाएंगे। ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी नही हो। बताया गया की इसके लिए सर्वे का कार्य शीघ्र आरंभ होगा और अगले तीन माह में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। साथ ही इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा की सभी क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति समान रूप से हो।

एनटीपीसी ने 160 आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध कराया बर्तन

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। एनटीपीसी की ओर से नैगम सामाजिक दायित्व(सीएसआर) के अंतर्गत हजारीबाग जिले के 160 ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन उपलब्ध कराए गए. डीसी नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना केरेडारी के महाप्रबंधक फैज तैय्यब ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बर्तन की पहली खेप सौंपा. इन बर्तनों की उपयोगिता से ग्रामीण बच्चों को गर्म और ताजा नाश्ता व भोजन तैयार करने में सहायता मिलेगी. आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से प्रशासन बच्चों व गर्भवती माताओं में सुपोषण दर को शत प्रतिशत बनाने का अभियान चलाया जा रहा है. इसी उद्देश्य से उचित मात्रा में भोजन तैयार किया जा सके, इसके लिए एनटीपीसी की ओर से 160-160 कुकर, गमला, पानी जग, लाइटर, और छलोनी दी गई. आने वाले समय में केंद्रों को अच्छी क्वालिटी की चम्मच, पानी पीने के लिए ग्लास (मग), भगोने आदि बर्तन भी दिए जाएंगे. केरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक ने कहा कि एनटीपीसी समाज कल्याण के कार्यों में प्रशासन का पूर्ण सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर है. एनटीपीसी केरेडारी की ओर से हर माह टी.बी मरीजों को पोषण आहार दिया जा रहा है. इस अवसर पर हजारीबाग जिला के समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा ने एनटीपीसी के कार्य की सराहना की. इस वितरण समारोह में एनटीपीसी के अपर-महाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता एवं वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुल्लू भी उपस्थित थे.

ईद उल जोहा को लेकर गर्म रहा बकरी बाजार

15 से 17 हजार तक में बिके बकरे

बरही । ईद उल जुहा को लेकर बुधवार बाजार में बकरे की बिक्री चरम पर रही. धनबाद रोड स्थित बकरी बाजार में स्थानीय के अलावा कई बाहरी व्यापारियों ने भी बकरे के बाजार सजाए थे. बकरे की दर आसमान छू रहे थे. 4 से 5 किलोग्राम के बकरा को 6 से सात हजार में बिकते देखा गया. उरवा से अपने बकरा बेचने आई पार्वती देवी ने बताया कि वह अपने 12 केजी के तीन काले बकरे लाई थी. जिसे 14 से 17 हजार रुपए में बेचा गया. वही व्यापारियों ने भी बकरे की दर इसी प्रकार बताए. पंचमधाव के खेदन यादव ने बताया कि अषाढ़ी पूजा और बकरीद के कारण बकरे का बाजार गर्म है. विदित हो कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा बकरे की कुबार्नी दी जाती है. वही अषाढ़ी पूजा के नाम पर भी हिंदुओ के द्वारा कई जगहों पर बली देने का प्रावधान देखा गया है.

मौसीबाड़ी से लौटें भगवान जगन्नाथ, घूरती रथयात्रा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। कैथा में आयोजित घूरती रथ यात्रा के पूर्ण होते ही भक्ति पूर्ण माहौल में विधिपूर्वक रथयात्रा संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य पूजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि विधि अनुसार भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र आठ दिनों तक मौसीबाड़ी से विश्राम कर 9वें दिन मुख्य मंदिर में लौटते हैं। जहां भगवान का पूजन का कर उन्हें सिंहासन पर भक्तों द्वारा विराजमान कराया जाता है। वहीं, आयोजन समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से रथयात्रा का समापन हुआ। रथयात्रा महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान के दर्शन पूजन किया। जबकि आयोजन समिति सचिव राजेश महतो ने कहा कि रथयात्रा का आयोजन पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का विख्यात धार्मिक आयोजन में से एक है। भगवान के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर खीर महाभोग का आयोजन किया गया। संध्या पहर में सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को मौसीबाड़ी से रथारुढ कर रथ की खींचकर मुख्य तक पहुंचाया जहां भक्तों ने विधि अनुसार भगवान का दर्शन पूजन किया। तीनों विग्रहों को पुनः गद्दी पर विराजमान किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष देवधारी महतो,सचिव राजेश कुमार महतो,कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, संरक्षक अशेश्वर महतो,सुकर महतो,गणेश, सुदर्शन महतो, हरिहर पाठक,रतन लाल महतो,बलिसराम महतो, छोटेलाल महतो, संदीप महतो, राजकुमार महतो, संदीप कुमार महतो, परितोष चटर्जी, अजय आस्था, पंकज कुमार, अमित कुमार, अनुज कुमार, नीतीश कुमार, प्रहलाद कुमार आदि श्रद्धालु गण शामिल थे।

अपील

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए हुई बैठक

राजनीति पार्टियों ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

नवीन मेल संवाददाता

बरही । मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर बीडीओ सी आर इंदीवर ने प्रखंड सभागार में सभी पंजीकृत राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक आहूत किया था. परंतु बैठक में भाजपा के अमित साहू, कांग्रेस के अब्दुल मनान वारसी और सीपीआई के कृष्ण प्रसाद मेहता ही मौजूद रहे. अन्य सभी पार्टियों के प्रतिनिधि ने सूचना के बाबजूद मतदाता पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए भी रुचि नही दिखाई और बैठक में अनुपस्थित रहे. पूछे जाने पर कई पार्टी के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत समस्या बताकर बात टाल गए. विदित हो कि आगामी चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण के विशेष कार्य हेतु तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया है. जिसके अंतर्गत नए मतदाताओं को जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, सुधारीकरण के कार्य किए जाने है. उपस्थित लोगो को जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि सभी कार्य के लिए अलग प्रपत्र है. प्रपत्र-6 नए मतदाता को पंजीकृत करना, मृत मतदाताओं के नाम हटाने के लिए प्रपत्र -7, सुधारीकरण या स्थानानंतरण हेतु प्रपत्र -8 और आधार से लिंक करवाने के लिए प्रपत्र-6इ निर्धारित है. उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र से संबंधित मतदाताओं को चिन्हित कर कार्य में सहयोग करने की अपील किया है. बीडीओ ने बताया कि इसके लिए सभी बीएलओ को घर घर घूमकर मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के निर्देश दिए गए है. कार्यक्रमों की तिथिवार जानकारी देते हुए बताया कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक सभी बीएलओ को डोर टू डोर कैंपिंग करना है. 22 अगस्त से 29 सितंबर तक बूथ स्तरीय कैंप जिसके तहत नए मतदाताओं को जोड़ने, त्रुटियों का सुधार करने और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने के कार्य करने है. 30 सितंबर से 16 अक्तूबर तक 1 से 8 तक के प्रपत्र को पूरा करना, 17 अक्तूबर से 30 नवंबर तक शिकायतों और दावा

प्रस्तुतिकरण, 26 दिसंबर तक शिकायत का निष्पादन, 1 जनवरी से मतदाता सूची का औपबंधिक और 5 जनवरी 2024 को अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा.

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आरानी पंचायत में जनता के साथ किया सीधी संवाद, बोले

जनता के लिए झारखंड के राजभवन हमेशा खुला है

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपने एक दिवसीय दौरे पर सिमडेगा बुधवार को पहुंचे जहां सर्वप्रथम परिसदन भवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया जिसके बाद एसपी एवं प्रभारी डीसी सह डीडीसी अरुण वालटर सांगा के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इधर आ रानी पंचायत में आयोजित जनता के साथ संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल पहुंचे इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में वहां के लोगों के द्वारा उनका स्वागत किया जिसके बाद कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए इसकी विधिवत शुरूआत की गई मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए सीधा उनके साथ संवाद किया मौके पर पंचायत के मुखिया कंचन नाग के द्वारा पंचायत की समस्या एवं पंचायत में हो रहे विकास कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिस पर राज्यपाल ने उनके कार्यों की सराहना की। इसके बाद जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा के द्वारा अपने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को रखा जिस पर राज्यपाल के द्वारा उन समस्याओं को प्रशासन के बीच रखते हुए दूर करवाने की निर्देश देते हुए सभी समस्याओं को दूर करने की बात कही। इधर महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ऋण के माध्यम से अपने आजीविका का विस्तार के बारे में भी जानकारी दिया जिस पर राज्यपाल ने किसी भी निजी लोगों के साथ ऋण नहीं लेने की सलाह दी। वही इसके पश्चात पेंशन से संबंधित समस्या आधार कार्ड से संबंधित समस्या स्कूली शिक्षा से संबंधित समस्या आदि चीजों को लेकर भारी बारिश से लोगों ने रखी जिस पर उन्होंने सभी चीजों को के बाद समाधान करने के आश्वासन दिए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए सर्वप्रथम उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने और इसकी उपयोगिता को बनाए रखने की जानकारी दी साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बारे में जानकारी उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं अन्य योजनाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ लेने की बात करते हुए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व नेता के रूप में कार्य करने की जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा की राजभवन खुद चलकर जनता के बीच संवाद करने का कार्य कर रही है इससे जनता और राजभवन का जुड़ा होगा उन्होंने कहा कि राज भवन झारखंड की जनता के लिए 24 घंटे खुला है अगर मैं राजभवन में हूं तो आप आसानी से आकर मुझसे मुलाकात कर सकते हैं आपकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। वर्तमान में बैठी हेमंत सोरेन सरकार के बारे में पत्रकारों के द्वारा सवाल करते हुए राज्य में चल रहे कार्यों पर सवाल करने पर राज्यपाल ने कहा कि राज्य में सरकार कार्य कर रही है लेकिन कार्य उतना संतोषजनक नहीं है जितना होना चाहिए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को और बेहतर से बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है ताकी आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले केंद्र सरकार से आने वाली योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचे। पत्रकारों द्वारा सवाल करते हुए कहा गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर राज्यपाल कार्य कर रहे हैं इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि राज्यपाल अपने अधीनस्थ शक्तियों का प्रयोग करते हुए जो कार्य होते हैं वही करते हैं वह प्रोटोकोल से बाहर कोई कार्य नहीं करते हैं उन्होंने खुद को राज्यपाल संविधानिक पद की गरिमा को बनाए रखते हुए कार्य करने की बात कही साथ ही उन्होंने किसी प्रकार की पॉलिटिकल कमेंट ना करते हुए राज्य हित में कार्य करने की बात कही।

11.5 करोड़ से अधिक परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

आरानी पंचायत में आयोजित जनता के साथ संवाद कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा राज्यपाल के हाथों 11.5 करोड़ से अधिक परिसंपत्तियों का वितरण किया जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह को रेल मुख्यमंत्री पशुधन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंबेडकर योजना प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित अलग-अलग योजनाओं का लोगों को लाभ देते हुए उन योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए अच्छादित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी डीसी सह डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा एसपी सौरभ अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा एसडीओ महेंद्र कुमार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अजय कुमार रजक खेल पदाधिकारी सहित सिमडेगा के सभी प्रखंड से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं महिला स्वयं सहायता समूह के दिदिया एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिमडेगा को जल्द मिलेगा इंजीनियरिंग कॉलेज राज्यपाल

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा जैसे जिले को आगे बढ़ाने के लिए यहां पर शिक्षा एवं अन्य चीजों की गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता है ऐसे में मेरा प्रयास रहेगा कि सिमडेगा को अगले सेशन में इंजीनियरिंग कॉलेज दी जाए ताकि यहां के बच्चे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हुए जिले का नाम रोशन करते हुए पूरे राज्य में बेहतर से बेहतर कर सकेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज का भी प्रयास किया जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में राइस मिल से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधार होगी तथा किसानों के उत्पादित धान को यहीं के राइस मिल में खपत होगी जिससे कि उन्हें अधिक से अधिक लाभ होगा उन्होंने कहा कि आगे भी सिमडेगा को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा ताकि आने वाले 5 सालों में राज्य और भी आगे बढ़ सके।

7 स्पाइसेस रेस्टूरेंट का पूर्व जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

झुमरीतिलैया। महाराणा प्रताप चौक स्थित एमआर काम्प्लेक्स में 7स्पाइसेस रेस्टुरेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 7स्पाइसेस रेस्टुरेंट लोगों को बेहतर भोजन एंवम फास्ट फुट, इंडियन चाइनीज के साथ वेज नॉन वेज दोनों की सुविधा उपलब्ध कराएगा। गर्मी में शीतल पेय लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने रेस्टुरेंट के संचालक दीपक सिंह व अनीश बड़गवे को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें भरोसा है इस रेस्टुरेंट में में ग्राहकों के लिए उचित मूल्य पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर संचालक दीपक सिंह व अनीस बड़गवे ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे यहाँ वेज और नॉन वेज भोजन ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा साथ सभी तरह के फास्ट-फूड बनाने के लिए अनुभवी कारीगरों को लगया गया है। मुख्य रूप से हमारे यहाँ साउथ इंडियन, तंदूर, कॉन्टिनेंटल आइटम, इटालियन, सभी तरह के शेक उच्चतम क्वालिटी के साथ उपलब्ध रहेगा। वहीं चिकेन इंडियन फूड, चिकेन मसाला, चिकेन बटर मसाला, चिकेन करी, चिकेन कढ़ाई, चिकेन मुगलई, चिकेन लजीज, चिकेन कसा, चिकेन टिक्का मसाला, चिकेन हंडी, चिकेन दो प्याजा, चिकेन ग्रे, चिकेन भरता, चिकेन कोल्हापुरी, चिकेन भुना, मुर्ग मस्लम, चिकेन महाराजा सहित अन्य कई तरह के नॉन वेज ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगा। वेज की बात करे तो आलू दो प्याजा, आलू दम, पनीर बटर मसाला, पनीर चिली, मशरूम कोल्हापुरी, पनीर कढ़ाई, पनीर दो प्याजा, इंडियन फूड, पनीर मसाला, पनीर पंजाबी, मिक्स वेज सहित कई अन्य लजीज आइटम उपलब्ध रहेंगे।ताकि आने वाले ग्राहकों हो हमसे सन्तुष्ट हो सके। मौके पर मौके पर सुदामा देवी, बबली सिंह, पंकज सिंह, नीरज सिंह, गौतम सिंह, शिवनाथ सिंह, पूनम सिंह, यतेंद्र कुमार, सतीश सिंह, सबिता देवी, प्रदीप कुमार, उदय बड़गवे, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

मेरिडियन एकेडमी में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी संपन्न

झुमरी तिलैया। मेरिडियन एकेडमी विद्यालय परिसर में प्रथम यूनिट टेस्ट परीक्षा के अवसर पर शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सभी कक्षाओं के लगभग 300 के करीब अभिभावकों ने अपने प्रतिपाल्यो के उत्तर पुस्तिकओं का अवलोकन किया। उनके बीच एक सामान्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें अपने घर पर बच्चों का नियमित पठन-पाठन अपनी देखरेख में कराने, नियमित रूप से विद्यालय भेजने, गृहकार्य समय पर करने तथा विद्यालय के सभी क्रियाशिलनो में बच्चों को भाग लेने के लिए अभिभावकों से अनुरोध किया गया। अभिभावकों से यह कहा गया कि बच्चों के पढ़ाई लिखाई के लिए उनके साथ घर पर प्रतिदिन 1 घंटे का समय अवश्य ही बिताएं और उनके नियमित अध्ययन की जांच करें।उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें साथ ही उन्हें पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी बढ़ चढ़कर रुचि लेने के लिए उन्हें प्रेरित करें।बच्चे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं उन्हें देश के भावी नागरिक बनाने के लिए विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों को भी सवारने का दायित्व है।विद्यालय में सभी शिक्षक इस अवसर पर उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने अभिभावकों से बच्चों को अनुशासित रहने तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिये गये उचित निर्देशों का पालन ससमय करने का अनुरोध किया।

मन का मिलन कार्यक्रम एक जुलाई से 30 सितंबर तक

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में मध्यस्थता पर आधारित त्रैमासिक विशेष अभियान मन का मिलन कार्यक्रम का आयोजन आगामी एक जुलाई से 30 सितम्बर तक किया जायेगा। यह विशेष मध्यस्थता अभियान कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्ग दर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थता से सम्बंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों को निष्पादित किये जाने के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जायेगा, ताकि मध्यस्थता में माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। प्रसाद ने बताया कि मन का मिलन कार्यक्रम मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निष्पादन की एक अनूठी पहल है ,जो आम जनमानस के लिए काफी लाभकारी व कल्याणकारी साबित होगा। अभियान को लेकर बुधवार को कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में कोडरमा के मध्यस्थों की एक बैठक उनके प्रकोष्ठ में आयोजित की गई।

कोडरमा में बकरीद को लेकर फ्लैग मार्च

कोडरमा। बकरीद को लेकर कोडरमा के विभिन्न थाना क्षेत्रो में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया. एएसपी प्रवीण पुष्कर की अगुवाई में पुलिस अधिकारी और पुलिस जवान फ्लैग मार्च करते हुए निकले. ये झुमरीतिलैया के भादोडीह, झंडा चौक, महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, झलपो और असनाबाद आदि इलाकों में निकाला गया. फ्लैग मार्च के जरिए लोगों से बकरीद के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई. सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेशों को प्रसारित नहीं की हिदायत दी गई. अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया. बता दें कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पड़ने वाले मस्जिदों और ईदगाहों में गुरूवार को बकरीद की नमाज अदा की जाएगी. पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया है. चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहेगा.

बोलबा में धूमधाम से घूरती रथयात्रा चला

बोलबा। बोलबा प्रखंड के समसेरा गाँव मे धूमधाम से घुरती रथयात्रा चलाया गया। इस मौके पर भगवान जगन्नाथ स्वामी,भाई बलभद्र एवम बहन सुभद्रा के विग्रहो को आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर बिठाकर मौसी बाड़ी बड़का टोली चौक से बखरी टोली जगरनाथ मन्दिर तक लाया गया । इस मौके पर ढोल - नगाड़े, बाजा-गाजा के साथ नृत्य करते हुए रथ को खींचकर लाया गया । इस मौके पर पंडित नीलाम्बर पंडा के द्वारा विधिवत पूजन एवं दर्शन कराया गया ।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

बानो। बानो थाना क्षेत्र की साहूबेड़ा और घाट बाजार के बीच में हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल। घटना की जानकारी गिरदा ओपी प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय को मिली तो तुरंत मौके पर गिरदा थाना से एक टीम को भेजा गया। भेजने के उपरांत वहां पर पहुंचने पर पता चला कि घटनास्थल बानो थाना क्षेत्र में आता है ।लेकिन इंसानियत के तौर पर सर्वप्रथम गिरदा ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय के निर्देश पर गए हुए पुलिस अधिकारियों के द्वारा दोनों व्यक्तियों को तुरंत पुलिस वाहन से ही बानो अस्पताल लाया जा रहा था पुलिस घायलों को लेकर लताकेल के पास पहुंची ही थी की इसी दौरान बानो से आ रही 108 एंबुलेंस पहुंच गई तत्पश्चात दोनों घायल व्यक्तियों को लताकेल से 108 एंबुलेंस के माध्यम से बानो सीएससी लाया गया,इस विषय पर बानो सीएचसी प्रभारी ने बताया कि एक व्यक्ति का मौत बानो सीएससी लाने से पहले ही रास्ता में हो गया था, जबकि दूसरे घायल व्यक्ति की स्थिति गंभीर होने के कारण उक्त व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद सिमडेगा सदर रेफर कर दिया गया।

बीरू में धूमधाम के साथ आयोजित की गई भगवान जगन्नाथ की घूरती रथ यात्रा

सिमडेगा। सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत बीरू में बुधवार को धूमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के तीनों विग्रहों का घूरती रथ यात्रा का आयोजन किया गया इस मौके पर बीरूगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव के द्वारा विधिवत रूप से मौसी बाड़ी में पूजा करने के पश्चात भगवान के तीनों विग्रहों को रथ में बिठाया गया ।जिसके बाद हरि बोल हर हर महादेव के जयघोष के साथ उसे मौसी बाड़ी से निकालकर मुख्य पथ होते हुए महावीर चौक बीरू लाया गया ।जहां पर मेले का आयोजन किया गया इधर मेला में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जहां पर अलग-अलग प्रकार के खिलौने मिठाई सहित अलग-अलग प्रकार की चीजें कि लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। इधर रथ को खींचते हुए पुनः भगवान जगन्नाथ की मुख्य मंदिर ले जाया गया जहां पर भगवान के तीनों विग्रहों को स्थापित करते हुए महा आरती का आयोजन करते हुए रथयात्रा को संपन्न किया। गौरतलब हो 9 दिनों तक जगन्नाथ मंदिर में अलग-अलग टीम के द्वारा बीरू में महाप्रसाद भोग का आयोजन करते हुए भंडारा आयोजित की गई थी जहां पर प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया इधर यात्रा को संपन्न करने में बीरू के समस्त ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

विभाग की लापरवाही | **कोलेबिरा में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने की बैठक**

ग्रामीणों ने समस्याओं से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/कोलेबिरा। झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का बुधवार को कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत डोमटोली गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की बैठक करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिस पर ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को प्रमुखता के साथ रखा ग्रामीण बताएं कि भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से परेशान तो रहे जिसकी वजह से बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाए। गर्मी से लोग परेशान रहे तो वहीं दूसरी और बारिश का महीना शुरू हुआ है और बिजली गुल रहने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।सर्पदंश जैसे गंभीर मामले सामने आ रहे हैं इसके बावजूद बिजली विभाग की ओर से सही तरीके से बिजली नहीं दी जा रही है जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कत हो रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली विभाग की हठधर्मिता की वजह से आज लोग परेशान हैं क्षेत्र में लोगों को अनावश्यक बिल भेजना अनावश्यक तरीके से बिजली काटना विभाग की लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार प्रयास कर रही है क्षेत्र में सभी गांव को विद्युतीकरण से जोड़ा जाए इसके लिए जिन गांव में समस्या है उन गांवों की सूची लेकर विभाग तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है ताकि इसे दूर करें । साथ ही बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को भी दूर की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से अमन खेस, अंकित सुरीन, पंचायत के मुखिया अनीता जड़ीया पूर्व मुखिया शुगड़ जड़ीया, सामूवेल धनवार, विश्राम बागे, प्रकाश बागे, सुबासी डाँग, सेतेंग सोरेंग आदि पंचायत के लोग उपस्थित रहे।

नेहरू युवा केंद्र ने किया कैच द रेन फेज- 3 को लेकर कार्यशाला कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में कैच द रेन फेज- 3 कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक एवं प्रेरक कार्यशाला का आयोजन कोलेबिरा प्रखंड के एसएस प्लस टू हाई स्कूल में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरभ बड़ाईक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में साधनसेवी जलछाजन विभाग कोलेबिरा के विपिन कुमार द्वारा बारिश के पानी को संरक्षित करने तथा जल संकट को दूर करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वर्षा जल को बर्बाद ना करें। यदि हम वर्षा जल को एकत्रित कर लें तो भविष्य में हमें पानी की किल्लत नहीं होगी। दूसरे साधनसेवी मनोज कुमार तिवारी सहायक शिक्षक एसएस प्लस टू कोलेबिरा के द्वारा बताया गया कि जल संरक्षण की आवश्यकता और इसके तकनीक के बारे में जानकारी दी। हम लोगों का कर्तव्य है कि पानी को संग्रहित करें और जल प्रबंधन को बनाए रखें। उन्होंने बताया कि बारिश के पानी को जमा करने से पानी साल भर की जरूरतें पूरी होने में मदद मिलेगी साथ ही भूजल स्तर में सुधार होगा एवं जलजमाव और शहरी बाढ़ को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। मौके पर इस कार्यक्रम में आभा कुमारी प्रधानाध्यपिका, पवन कुमार, दिव्या लकड़ा, सहायक शिक्षक अमरेंद्र कुमार अमित तिग्गा, सुषमा केरकेट्टा, ऐश्वर्यावती कुमारी, नंदकिशोर गोप, स्कूल के विद्यार्थी व अन्य लोग उपस्थित थे।

बाईपास के बदले गढ़वावासियों के नसीब में सड़क जाम व धूल भरी जिंदगी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिला बनने के वर्षों बाद भी गढ़वा में बाईपास का निर्माण नहीं हो सका। गढ़वा के बाद बनने वाले कई जिलों में बाईपास सड़क बन गई। मगर गढ़वा शहर को बाईपास नहीं मिल सका। तीन राज्यों की सीमा से सटे गढ़वा जिले में बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश व झारखंड के विभिन्न शहरों से वाहनों का आवाजाही होता है। मगर इन वाहनों को जिला मुख्यालय से गुजरने के लिए एकमात्र सड़क एनएच 75 है। जो गढ़वा शहर के मध्य से होकर गुजरती है। तमाम वाहनों के लिए एकमात्र सड़क होने के कारण लोगों को प्रतिदिन सड़क जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। कई चुनाव हुए, सरकारें बदली लोगों की आशा थी कि आने वाली सरकार व प्रतिनिधि चुने गए प्रतिनिधि गढ़वा के लिए बाईपास सड़क का निर्माण करा देंगे। मगर लोगों की आशा पूरी नहीं हो

सकी। हां बाईपास के बदले गढ़वावासियों के नसीब में सड़क जाम व धूल भरी जिदगी अवश्य रह गई है। लोग घंटों सड़क जाम में फंसे रहते हैं। गढ़वा मुख्य सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों मालकवाहक व छोटे बड़े वाहन होकर गुजरते हैं। वाहनों से उड़ती धूल का लोगों को प्रतिदिन सामना करना पड़ता है। ऐसे में खासकर मुख्य पथ में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग घंटों धूल फांककर विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। मगर सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सड़क जाम व धूल भरी जिदगी से लोगों को निजात दिलाने के आवश्यक कदम नहीं उठाया जा रहा है। ऐसे में लोग भगवान भरोसे जीवन जीने को विवश हैं। मालूम हो कि जिला मुख्यालय में बाईपास सड़क नहीं रहना बड़ी समस्या है। वैकल्पिक सड़क के नहीं होने से भारी वाहनों के गुजरने के लिए एकमात्र मुख्य पथ ही है। सुबह हो या रात हर वक्त वाहनों की आवाजाही इस पथ से होती रहती है। बड़े वाहनों के प्रवेश पर तो स्थिति और भी खराब हो जाती है। छोटे व बड़े वाहन एक साथ सड़क पर आने पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है तथा मुख्य पथ पर तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। पैदल चलने वालों लोगों के समक्ष यह समस्या बनी रहती है कि कब कौन सा वाहन उन्हें अपनी चपेट में ले लेगा। इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

शहर में जाम एक बहुत बड़ी समस्या है जाम से निजात के लिए स्थानीय स्तर पर समय-समय पर सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाया जाता है। लोगों में जागरूकता के अभाव है। लोग सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सामान की खरीदारी करने लगते हैं। सुशील कुमार कार्यपालक पदाधिकारी गढ़वा।

महिला ने लगाई एसपी से न्याय की गुहार

मझिआंव (गढ़वा)। थानांतर्गत सोनपुरवा गांव के झपही टोला निवासी शेख जाबीर अहमद की घायल पत्नी जरीना बीबी ने एसपी को लिखित आवेदन देकर सभी आरोपियों पर कार्रवाई कर गिरफ्तारी की मांग की है। उसने आरोप लगाया कि सोनपुरवा पंचायत के मुखिया अख्तर खान और फैसल खान पर छेड़छाड़ और मारपीट के अलावा बेटे के साथ भी मारपीट 12 जून को की थी। उसकी शिकायत दर्ज करायी थी। मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसपर केस उठान को दबाव दिया जा रहा था। उसके बाद 20 जून को वह अपने रिश्तेदार की मैयत में जाने के लिए गाड़ी के इंतजार में खड़ी थी। 14 वर्षीय पुत्र शेख शहादत के साथ बोदरा मोड़ पर खड़े थे। उसी दौरान एक बोलेरो से मुखिया अख्तर खान, फैसल खान, फुजेल शेख, मंजूर शेख सभी सोनपुरवा गांव निवासी व अन्य नकाबपोश हम दोनों मां-बेटे को बोलेरो गाड़ी में उठाकर ले गए। कुछ ही दूरी पर उतारकर निर्ममता उसे उनकी पिटाई की गई। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने पिटाई करते हुए अख्तर की ओर से केस उठाने के लिए धमकी देते हुए सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिया है। साथ ही बोला कि अगर दोबारा थाना में केस करने जाएगी तो तुम्हारा पूरा घर उजाड़ देंगे। उसके बाद से वह दूसरे जगह पर डर से शरण ले रखी है। उक्त घायल महिला ने उपरोक्त लोगों पर कार्रवाई कर गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि महिला की ओर से दो मामले थाने में दर्ज कराए गए हैं। उनमें एक आरोपी शेख मंजूर को गिरफ्तार कर 23 जून को ही जेल भेजा जा चुका है। अन्य आरोपियों को भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

राशन से वंचित लाभुक ने एमओ से की शिकायत

एमओ ने कहा जहां जाना है जाओ राशन नहीं मिलेगी

नवीन मेल संवाददाता

मझिआंव (गढ़वा)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुबेतहले, ऊंचारी, भुसुवा तथा अन्य गांवों के लगभग 192 का धारियों का राशन गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि उपयुक्त गांव के कार्ड धारियों का राशन डीलर अरुण दुबे के पास मिलता था। परंतु उनके द्वारा राशन में घोर अनियमितता बरतने के कारण जांच उपरांत उन्हें जन वितरण प्रणाली से निलंबित कर दिया गया था। तत्पश्चात ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को संपूर्ण रूप से राशन नहीं मिल पा रहा है। 192 लाभुकों को राशन नहीं मिलने पर आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि हम सभी को राशन नहीं मिलने पर एमओ से शिकायत किया। परंतु एमओ सह अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा डांट फटकार कर कहा जाता है कि राशन नहीं मिलेगा। 192 लाभुकों को राशन नहीं मिलने पर युवा समाजसेवी नगर पंचायत

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी ने घोर निंदा किया। लाभुकों के बीच जाकर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त महोदय गढ़वा, माननीय मंत्री डॉक्टर राजेश्वर उरांव, माननीय मंत्री झारखंड सरकार, माननीय अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को आवेदन दिया।

संक्षिप्त

महिला ने किया आत्महत्या करने का प्रयास

गढ़वा। रमुना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द निवासी सोनू राम की पत्नी प्रियंका देवी ने सिंदूर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास कि जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कल शाम पति से नोकझोंक हुआ था तभी गुस्से में प्रियंका ने आत्महत्या करने के प्रयास से सिंदूर घोलकर पी लिया। जिसे सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताया।

फांसी लगाकर महिला ने किया आत्महत्या करने का प्रयास

गढ़वा। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिंदर प्रसाद की पत्नी रीता देवी फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की जिसे आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। वहीं घटना के संबंध में बताया कि रीता घरेलू विवाद को लेकर आत्महत्या करने का प्रयास से फांसी लगाई थी। जिसे समय रहते इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के बताए अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है।

महिला ने पीया कीटनाशक

गढ़वा। सदर प्रखंड फरठिया पंचायत निवासी जितेंद्र चौधरी के पत्नी ललिता देवी चूहा मारने की दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास कि जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में पति जितेंद्र चौधरी ने बताया कि ललिता देवी अपने मायके जाने के लिए कह रही थी जिसे लेकर मना करने पर उसने घर में रखे चूहा मारने की दवा पीलिया जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे खतरे से बाहर बताया।

चेम्बर अध्यक्ष को मातृ शोक

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। चेम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागरकी मां व मुन्नीलाल कसेरा की धर्म पत्नी मुन्नी देवी (65 वर्ष) का निधन मेडिका हॉस्पिटल रांची में इलाज के दौरान हो गई। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। बुधवार को उनका दाह संस्कार धमनी स्थित बांकी नदी श्मशान घाट पर किया गया। दाह संस्कार में बड़ी संख्या में व्यवसायी व गण्यमान्य लोग शामिल हुए। मुखाग्नि मुन्नी लाल कसेरा ने दिया। दाह संस्कार में धीरेन्द्र चौबे, राधे रमण चौबे, डॉ निशीथ नीरव, चेम्बर संरक्षक रवि प्रकाश, रामजी कांस्यकर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, उमेश कुमार, सह सचिव रंजन कुमार छोटू, सचिव गोपाल जायसवाल, उदय जायसवाल, मनोज कुमार, अनूप निराला, दिलु चौबे, चन्द्र प्रकाश, विनीत कुमार शरद, संजय कांस्यकर, बिरेन्द्र प्रसाद अग्रेहरी, राहुल जायसवाल, दीपक कमलापुरी, विद्या भास्कर, विनोद कांस्यकर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

गढ़वा। धुरकी थाना क्षेत्र के शमलाडीह गांव निवासी अमर यादव की पत्नी फूलमती देवी 35 वर्ष की मौत मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गई। घटना के संबंध में रक्सी गांव निवासी कृष्णा बेदिया की पत्नी निर्मला देवी ने बताया कि फूलमती देवी अपना रिश्तेदार नारायण यादव के साथ अपना मायके सगमा के सोंनडीहा गांव जा रही थी। इसी दौरान अकेलवा टोला से आगे एक बोलेरो में उसकी मोटरसाइकिल पीछे से टक्कर मार दिया। इसके बाद मोटरसाइकिल सवार फूलमती देवी को छोड़कर फरार हो गया। इस घटना को देखकर निर्मला देवी ने गंभीर स्थिति में फूलमती देवी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लेकर आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद फूलमती देवी के परिजनों को जानकारी दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतका के परिजन सदर अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

वेंडर निबंधन में अनिमियता का मामला बिना दुकान के पिता पुत्र बने वेंडर

डंडई (गढ़वा)। प्रखंड क्षेत्र में वेंडर निबंधन में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। सामग्री आपूर्ति दुकान का धरातल पर कोई अता पता नहीं है और पिता पुत्र के नाम दो अलग-अलग वेंडर का लाइसेंस बना दिया गया। यह सिर्फ और सिर्फ मनरेगा योजना की राशि को आपस में बंदरबांट करने के लिए संबंधित व्यक्ति व पदाधिकारियों के सांठ गांठ से किया गया है। वहीं मनरेगा की राशि भुगतान को लेकर उक्त वेंडर के वाउचर पर अधिकारी व कर्मियों के द्वारा धड़ल्ले से अपना-अपना दस्तखत करने का काम भी किया जा रहा है। मामला प्रखंड क्षेत्र के डंडाई पंचायत से जुड़ा है। ग्रामीण रामाशीष प्रसाद व उनके पुत्र सत्यम कुमार का डंडाई गांव में कहीं भी सामग्री आपूर्ति आधारित दुकान नहीं है। बावजूद उक्त दोनों के नाम से वेंडर का अलग-अलग लाइसेंस बना दिया गया। जबकि वेंडर का लाइसेंस के लिए दुकान का होना अति आवश्यक है। दो व्यक्तियों में किसी का भी धरातल पर दुकान नहीं है तो आखिर दोनों के नाम से अलग-अलग वेंडर का लाइसेंस कैसे बन गया। यह एक बड़ा सवाल है। रामाशीष प्रसाद के नाम से एक वेंडर का लाइसेंस है। जबकि उनके पुत्र सत्यम कुमार के द्वारा सत्यम ट्रेडर्स के नाम से दूसरा वेंडर का लाइसेंस बनाने का काम किया गया है। मनरेगा पोर्टल पर देखने के बाद मामले का खुलासा हुआ।

राधा कृष्ण का मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। मनिका

प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर पचफेड़ी में दो दिन से चल रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का समापन हो गया। वहीं मंत्रोचार के साथ मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इससे पहले बैंड बाजे के साथ राधा-कृष्ण की मूर्तियों की झांकी का गांव में भ्रमण कराया गया। जगह-जगह लोगों ने पूजा की। शिव मन्दिर पचफेड़ी प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना कराने के लिए दो दिवसीय श्रीमद् भागवत महा कथा पुराण का आयोजन मंदिर में किया गया था। दो दिन तक चलने वाले इस कथा पुराण में कथा बाहर से आए विद्वानों के द्वारा दो दिन सुबह से शाम भागवत कथा की विभिन्न कथाएं सुनाई गईं। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित की जाने वाली मूर्तियों को दूध दही व गंगाजल आदि से स्नान कर भव्य

झांकी गांव में निकाल कर बैंड बाजों के साथ मंदिर में विधि विधान से स्थापना कराई। वहीं राधा कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम समापन होने पर भंडारे का आयोजन किया । आपको बताते चलें मनिका विधानसभा के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरि जी के सार्थक प्रयास से राधे कृष्ण की मूर्ति का पूरा खर्च कर मंगवाया। जो एक महीने पूर्व ही इन्होंने मंच के माध्यम से राधे कृष्ण की मूर्ति अमर समिति पूजा को देने की बात कही थी। जो आज सच करके राजद के भावी प्रत्याशी गिरी जी कर दिखलाया। लगातार मनिका विधानसभा क्षेत्र में इनके द्वारा सामाजिक कार्य देखने को मिल रहा है। ये मनिका विधानसभा क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग में हमेशा तत्पर रहते हैं बस इनकी कानों तक बात पहुंचना चाहिए। मनिका विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में इनके द्वारा हर जगह अच्छे-अच्छे कार्यों को देखने को मिल रहा है। जो भी अपने मंच के माध्यम से वादा किया वो धीरे-धीरे कार्य पूरा देखने को मिल रहा है। विधानसभा क्षेत्रवासियों के बीच हमेशा एक दूसरे का सुख दुख में शामिल होकर लोगों का हौसला बढ़ाना इनका स्वभाव है। वहीं भंडारे कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड प्रमुख प्रतिमा देवी , राजद नेता जितेन्द्र यादव, भाजपा नेता रघुपल सिंह , पूर्व उप प्रमुख उमेश प्रसाद यादव, राजद युवा प्रखण्ड अध्यक्ष रूपेश यादव,मथुरा यादव, बली प्रसाद यादव , नीरू यादव , बच्चन यादव समेत कई भक्त लोग उपस्थित थे।

बीडीओ ने कम मतदान वाले केंद्र का किया सत्यापन किया

नवीन मेल संवाददाता। बारियातू

उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कम प्रतिशत हुए मतदान केंद्र का हॉउस टू रॉल-रॉल के तहत विधिवत सत्यापन किया. उक्त सम्बन्ध मे सहायक निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी ने बातया की मतदान केंद्र संख्या 60 मे लोकसभा चुनाव मे कम मतदान हुआ था. मतदान केंद्र संख्या 60 के पोषक क्षेत्र पहुंचकर सत्यापन करते हुए वहाँ के बचे हुए सुयोग्य नागरिकों को मतदान सूची मे नाम जोड़वाने के लिए प्रेरित किया गया. वहीं सम्बंधित बीएलओ बबिता कुमारी को शत प्रतिशत सुयोग्य नागरिकों को निबंधन करने एंव त्रुटी रहित मतदाता सूची तैयार करना के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया.वहीं आसपास के ग्रामीण महिला पुरुषों को मताधिकार के सम्बन्ध मे कई अहम जानकारी दिया गया.मौके पर काफी संख्या मे महिला पुरुष उपस्थित थे।

आस्था

भ्रूण हत्या से वंश वध सहित पांच तरह के दोष लगते हैं

कुकृत्य करने वाले वर्तमान व भावी दोनों जन्मों में पाप के भागी बनते हैं : जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। गर्भ के बालक की हत्या नहीं करनी चाहिए। भ्रूण हत्या से वंश वध सहित पांच तरह के दोष लगते हैं इस तरह के कुकृत्य करने वाले वर्तमान एवं भावी दोनों जन्मों में पाप के भागी बनते हैं। मानव को सामान्य दिनचर्या में किसी का उपहास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दूसरे पर हंसने वाला स्वयं हंसी का पात्र बन जाता है। इसमें संशय नहीं है शास्त्र एवं समाज में इसके अनेक उदाहरण भरे पड़े हैं। उक्त बातें पाल्हे-जतपुरा ग्राम में जीयर स्वामी जी ने कहा। उन्होंने कहा कि मानव द्वारा किए गये अपराध और अपचार का दंड उसे निश्चित रूप में भोगना पड़ता है यह प्रकृति का शाश्वत एवं निरपवाद नियम है। यह आवश्यक नहीं कि कुकर्मों का फल तत्काल प्राप्त हो जाये अपराध का प्रतिफल प्रारब्ध के कारण कुछ दिनों तक टल सकता है। लोग समझते हैं कि अमूक दुराचारी को दंड नहीं मिल रहा है यह समझना भारी भूल है। दुनिया में यह संभव ही नहीं कि किसी के सुकर्म और दुष्कर्म का उसके अनुरूप फल प्राप्ति नहीं हो।अपराधी में कुछ दिनों के लिये चमक दिखता है, लेकिन दंड अवश्य भोगना पड़ता है। भारतीय संस्कृति में कई ऐसे मत हैं, जो ईश्वर की सत्ता में स्पष्टरूप से विश्वास नहीं करते लेकिन चार्वाक को छोड़कर कोई भी ऐसा मत नहीं है, जो कर्म सिद्धांत में

विश्वास नहीं करता जैन, बौद्ध, सीख एवं सभी कर्म सिद्धांत में विश्वास करते है। कर्म-सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक कर्म (अच्छा या बुरा) फल उसके अनुसार होता है। अच्छे कर्म का फल अच्छा होता है और बुरे कर्म का फल बुरा होता है कोई भी कर्म ऐसा नहीं होता, जिसका फल नहीं मिलता है जो कर्म करेगा, वहीं उसका फल भोगेगा कर्म-फल भोगने में नियम का उल्लंघन नहीं होता है। सभी अलौकिक व्यवस्थाएं नियमबद्ध होती हैं। वहॉ नियम का उल्लंघन नहीं होताजब एक कर्म के फलझभोग की अवधि समाप्त होती है, तब दूसरे कर्म के फल भोग की प्रक्रिया शुरू होती है। यही कारण है कि एक के बाद एक कई निर्दोष व्यक्तियों के हत्यारे भी आराम एवं निश्चिंत का जीवन जी रहे है स्वामी जी ने कहा कि किसी पर हंसना नहीं चाहिए एक बार गरूड़ जी को हंसनी के प्रति कामाशक्त देख ब्रह्मा जी हंस दिये गरूड़ जी ने कहा कि पक्षी प्रजाति की यह व्यवस्था मानवेतर है पक्षी की काम, अभिव्यक्ति सहज होती है उन्होंने ब्रह्मा जी को शाप दिया कि आप हसी के पात्र बनेंगे। एक बार ब्रह्मा जी अपनी पुत्री सरस्वती के प्रति ही कामाशक्त हो गये। लोक लाज से ऐसा नहीं कर सके, लेकिन संसार में हँसी के पात्र बन गये स्वामी जी ने प्रणाम की महत्ता बताते हुए कहा कि प्रणाम में श्रद्धा और प्रेम झलकना चाहिये प्रणाम से आयु, विद्या, यश और आत्मबल बढ़ता है एक हाथ से प्रणाम वर्जित है। संत को एवं मंदिर में (शरीर स्वस्थ हो तो) दंडवत प्रणाम करना चाहिये अन्य स्थिति में दोनों हाथ जोड़कर सिर झुकाना एवं रोगी तथा यात्री को मन में प्रणाम करना बताया गया है। माताओं को कभी भी दंडवत प्रणाम नहीं करनी चाहिये, क्योंकि माताओं को धरती में उनकी छाती स्पर्श से दोष लगता है माताओं के लिये पंचांग प्रणाम (ठेहुने के बल सिर झुकाना) बताया गया है अन्य प्रणाम का कोई महत्व नहीं है बच्चों को बाय-बाय, हाय-हाय एवं टाटा जैसे अभिवादन की शिक्षा नहीं देनी चाहिए। भगवान की मूर्ति को निहारकर उनकी छवि मन में उतारने के बाद प्रणाम करना चाहिए ताकि आंख बंद करने के बाद भी उस छवि का दर्शन हो मंदिर में प्रवेश के साथ ही आँखें बंद नहीं करनी चाहिए मूर्ति के दर्शन के पश्चात आंखे बंद करनी चाहिए।

पर्यटन को बढ़ावा मिले

झारखंड अपने प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के रूप में देश व विदेश में जाना जाता है। ऐसे स्थल रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। बस जरूरत है, इसे संभाल कर रखने की। झारखंड के पलामू प्रमंडल में अवस्थित बेतला नेशनल पार्क,पलामू किला,मिरचईया फॉल,बूढ़ा बांध जैसे असंख्य स्थल हैं,जिन्हें पर्यटक स्थल के रूप में बढ़ा आकार दिया जा सकता है। अभी बरसात के शुरूआत में ही वर्षा होने के कारण बेतला पार्क में रौनक आ गयी है। ऐसे में दूर-दूर से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। प्रजनन का समय निकट आ जाने के कारण दो चार दिनों में नेशनल पार्क बंद होने वाला है। इसलिए इसकी खूबसूरती को कैमरे में कैद करने के लिए पर्यटकों की होड़ लगी है। दूसरी तरफ राज्य के पर्यटक विभाग ने साहिबगंज के बरहेट स्थिति सिद्वो कान्हू जन्म स्थली को राष्ट्रीय महत्व का पर्यटन स्थल घोषित किया है। इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम किरीबुरू सनसेट को भी राष्ट्रीय महत्व का पर्यटन स्थल घोषित किया है। जिसकी अधिसूचना पर्यटन व कला संस्कृति विभाग ने जारी कर दी है। इसके अलावे कई स्थलों को पर्यटन स्थल घोर्षित किया जा चुका है। इन स्थलों पर आने के लिए पर्यटकों को सुविधा देने की जरूरत है। बहुत सारे स्थलों पर सुविधाओं का घोर अभाव है। पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को सुधारा जा सकता है। बहरहाल कई जगहों पर पर्यटन स्थल घोषित कर राज्य सरकार ने अच्छा कार्य किया है। अब जरूरत है राज्य के सबसे पिछड़े जिले पलामू प्रमंडल की ओर ध्यान देने की। कारण यहां कई ऐसे जगह हैं जिन्हें पर्यटन स्थल घोषित कर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। इसके बाद रोजगार सृजन की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हस्तकला और हस्तशिल्प को भी इनके माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है। ऐसे में ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा की जवाबदेही भी महत्वपूर्ण कड़ी है। सुरक्षा की दृष्टि से पर्यटकों को यह एहसास होना चाहिए कि वह अमुक जगह पर सुरक्षित हैं। बहरहाल यह बात कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं कि पर्यटन को बढ़ावा देकर जहां एक ओर राज्य की बिगड़ी स्थिति को सुधारा जा सकता है,वहीं हस्तकला और हस्तशिल्प के माध्यम से अपने होने का प्रमाण पूरी दुनिया में झारखंड दे सकता है। जिसका नजारा पिछले दिनों अमेरिका में देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां के प्रेसिडेन्ट को झारखंड के बने तसर सिल्क साल को भेंट किया। इसके गहरे अर्थ हैं,बस समझने की जरूरत है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि यहां की बनी चीज का विदेशों में भी गहरी मांग है। दूसरी तरफ झारखंड में सब कुछ होने के बाद भी यहां के लोगों को राजरी रोजगार के लिए अन्य जगहों पर भटकना पड़ता है। तमाम प्राकृतिक संसाधनों के बीच यहां की कोख में गरीबी और लाचारी देखने को मिलती है। ऐसे में सरकार को इन चीजों को फोकस कर संसाधनों को बढ़ाने में मदद लेनी चाहिए।यह सब दृढ़ इच्छा शक्ति से संभव है। कारण यहां संसाधनो की कोई कमी नहीं है। बस जरुरत है उसे मुख्य धारा में शामिल कर देना। राज्य कई पर्यटन स्थल हैं जो आज भी जीर्णोद्धार की प्रतीक्षा में है। इनके दिन बहुर जाने के बाद असीम संभावनाएं दिखती हैं। ऐसे में पर्यटन को एक नया आयाम मिल जाने से कोई नहीं रोक सकता है। बस जरूरत है उसे अमलीजामा पहनाने की।

झारखंड के पलामू प्रमंडल में अवस्थित बेतला नेशनल पार्क,पलामू किला,मिरचईया फॉल,बूढ़ा बांध जैसे असंख्य स्थल हैं,जिन्हें पर्यटक स्थल के रूप में बढ़ा आकार दिया जा सकता है।

भारत व अमेरिका ने समान युग की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल ही में समाप्त हुई संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा इस अर्थ में ऐतिहासिक है कि इसने आने वाले वर्षों के लिए भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग में प्रवेश कर रहे हैं और यह सहयोग उस यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'आकाश ही सीमा नहीं है।' वास्तव में, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने पिछले 9 वर्षों के दौरान कई गैर-परंपरागत और नयी राह दिखाने वाले अभिनव निर्णय लिए, जिनकी वजह से भारत प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम हुआ। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने भारत से कई वर्ष पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा की शुरूआत की थी, आज भारत को अपने भविष्य के प्रयासों में एक समान भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है। 21 जून को वाशिंगटन स्थित विलार्ड इंटर-कॉन्टिनेंटल होटल में एक समारोह के दौरान, भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया। आर्टेमिस समझौता, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए सिद्धांतों के एक व्यावहारिक समूह की स्थापना करता है। यह भारत को चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों की खोज के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ध्यान देने योग्य है कि यह समझौता अंतरिक्ष क्षेत्र में, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के आयात से जुड़े प्रतिबंधों में छूट देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजारों के लिए प्रणाली विकसित करने और नवाचार करने में लाभ होगा। यह अन्य वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भारत को संयुक्त रूप से भागीदार बनने की सुविधा प्रदान करेगा। मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग के लिए सामान्य मानकों तक पहुंच की अनुमति देगा और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि रणनीतिक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ मजबूत भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगा। आर्टेमिस समझौता एक गैर-बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों- ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्जमबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किये थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नये भागीदार हैं। आइये, यह समझने की कोशिश करें कि आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए वैश्विक सरकारी खर्च पिछले साल लगभग 103 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है। रूस 3.4 बिलियन डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ 5वें स्थान पर है। भारत 1.93 बिलियन डॉलर के वार्षिक बजट के साथ 7वें स्थान पर है। तो आइए, हम वर्ष 2022 में ऑर्बिटल लॉन्च की संख्या के आधार पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की तुलना करते हैं। पेलोडस्पेस वेबसाइट कहती है कि पिछले साल 186 ऑर्बिटल लॉन्च के प्रयास किये गये, जिनमें अमेरिका ने 76, चीन ने 62, रूस ने 21 और भारत ने 5 ऑर्बिटल लॉन्च किये। अब, हम तीसरे प्रमुख मानक-अंतरिक्ष में उपग्रहों की संख्या - की तुलना करते हैं। उपग्रहों की निगरानी करने वाली वेबसाइट, 'ऑर्बिटिंग नाउ' के अनुसार, 4 मई 2023 तक, विभिन्न पृथ्वी कक्षाओं में 7,702 उपग्रह सक्रिय थे। अमेरिका के पास अधिकतम 2,926 सक्रिय उपग्रह हैं, इसके बाद चीन- 493, यूके- 450, रूस -167 आते हैं, जबकि भारत 58 उपग्रहों के साथ 8वें स्थान पर है। भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतरराष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं। 2014 से पहले, इसरो कभी-कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरूआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक-दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है- 'हमें अलग-थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!'। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नये सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि नासा अपने एक सुविधा केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 'उन्नत प्रशिक्षण' प्रदान करेगा। दोनों पक्षों के समान, अन्य क्षेत्रों के लिए भी परस्पर लाभ में तेजी देखने को मिलेगी। अमेरिकी मेमोरी चिप कंपनी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के गुजरात में एक नई चिप असेंबली और परीक्षण सुविधा इकाई के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी, जो देश में इसकी पहली निर्माण-इकाई होगी। केंद्र सरकार और गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से इस सुविधा केंद्र में 2.75 बिलियन डॉलर का कुल निवेश किया जायेगा।

लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है।

इन दिनों

डॉ. जितेंद्र सिंह

बोधि वृक्ष

आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

मुझे बताइए! नारद मुनि बोले- प्रभु! मृत्यु लोक में अपने अपने पाप कर्मों द्वारा विभिन्न योनियों में जन्म लेने वाले सभी जीव-जंतु, इंसान सभी किसी ना किसी प्रकार के दुख व शारीरिक-मानसिक पीड़ा से ग्रस्त है। भगवन! इन सभी कष्टों वह दुखों से मुक्ति पाने का कोई सरल उपाय बतलाइए, मैं सुनना चाहता हुं। श्री हरि विष्णु भगवान ने कहा- हे वत्स! संसार के भले के लिए आपने बहुत अच्छी बात की है इसलिए मैं आपको इसका उपाय बताऊंगा। इस व्रत को करने से व्यक्ति मोह-माया से मुक्ति पा सकता हैं, इसे सुनिए। भगवान सत्यनारायण का स्वर्ग और मृत्यु लोक में एक महान पुण्यप्रद व्रत है। आपके स्नेह के कारण मैं इसे कह रहा हूं, विधि विधान से भगवान सत्यनारायण व्रत करके मनुष्य शीघ्र ही सुख समृद्धि प्राप्त कर मृत्यु के बाद परलोक में मोक्ष प्राप्त कर सकता है। भगवान विष्णु की बातें सुनकर नारद मुनि बोले- प्रभु इस व्रत को करने का क्या फल मिलता है? इसका विधान क्या है? तथा इस व्रत को किसने किया यह सब विस्तार पूर्वक बताइए मेरी सुनने की इच्छा है। **श्री हरि विष्णु ने कहा** - यह सत्यनारायण व्रत दुख, शारीरिक-मानसिक, शौक आदि का शमन करने वाला है व धन-धान्य की वृद्धि करता है सौभाग्य अखंड करता है और संतान प्राप्ति के लिए किया जाता है। भक्ति और श्रद्धा से बंधु बंधुओं के साथ धर्म में तत्पर होकर सायंकाल के समय भगवान सत्यनारायण की पूजा-आराधना करें। नैवेद्य में उत्तम कोटि के भोज्य पदार्थ सवाया मात्रा में अर्पित करना चाहिए, तथा भोग का प्रसाद बनाने के लिए केलें का फल, घी, दूध साठी गेहूं या चावल का आटा और शक्कर या गुड लेकर इन सभी को एकत्रित करके सवाया मात्रा में भगवान को भोग लगाना चाहिए तथा पूजा के बाद सब लोगों में विस्तृत करना चाहिए।

(क्रमशः)

कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों में दांवपेंच का खेल जारी

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की रणनीति बनाने के लिए कुछ राजनीतिक दलों की पटना में महाबैठक हो चुकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुलावे पर जुटे 15 दलों के नेताओं ने इस बैठक में विपक्षी एकता के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने की बात कही है। मगर भाजपा विरोधी दलों के ये दावे बैठक खत्म होने से पहले ही हवा हो गये। दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण को लेकर लाये गये केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध का कांग्रेस की ओर से ठोस आश्वासन न मिलने से खफा आम आदमी पार्टी बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता से नदारद रही। बैठक के चंद घंटे बाद ही पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर तीखे हमले किये तो ममता बनर्जी ने भी एक बार फिर कांग्रेस और माकपा पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप मढ़ा। बैठक के बाद से हो रही बयानबाजी से स्पष्ट है कि भले ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के नेता विपक्षी एकता की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हों लेकिन उनका असल मकसद एक-दूसरे को विपक्षी एकता में बाधक साबित करके भाजपा का मददगार दिखाना ज्यादा लग रहा है। ताकि भाजपा विरोधी मुस्लिम मतदाताओं पर पकड़ ज्यादा मजबूत की जा सके। लगातार दो आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय ने विरोधियों की नींद हराम कर दी है। राजनीतिक विश्लेषकों के साथ-साथ अब तमाम नेता भी सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकार करने लगे हैं कि भाजपा के विजय रथ को अकेले रोक पाने के क्षमता किसी भी विपक्षी दल में नहीं है। इसीलिए भाजपा के खिलाफ हर सीट पर विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार उतारने की बात की जा रही है। लेकिन इस विपक्षी मोर्चे की कमान किसके हाथ में होगी इसको लेकर मोदी विरोधियों में गहरे मतभेद हैं। गैर भाजपा दलों में कांग्रेस ही एक मात्र पार्टी है जिसका पूरे भारत में संगठन मौजूद है। इसलिए कांग्रेसियों का मानना है कि विपक्षी एकता की कमान स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस को मिलनी चाहिए। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद से कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। उन्हें लगता है कि हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के बाद मोदी विरोधी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर उसकी दावेदारी मजबूत हुई है। ठीक इसके उलट कर्नाटक के चुनावी नतीजे आते ही तमाम क्षेत्रीय दलों के नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। वे पहले के मुकाबले ज्यादा आक्रामक तरीके से कांग्रेस पर हमलावर हैं। दरअसल लगभग सभी क्षेत्रीय दलों की राजनीति जिस मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी हुई है उसमें कांग्रेस की सेंधमारी से ये दल घबराए हुए हैं। बीते 30 साल में जिन राज्यों में भी क्षेत्रीय दलों का विकास हुआ उसकी कीमत कांग्रेस को ही चुकानी पड़ी है। इन दलों ने किसी एक जाति के वोट बैंक को आधार बनाकर उसके साथ मुस्लिम वोटों को जोड़कर सफलता हासिल की है। इस बार खास यह है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहली बार क्षेत्रीय पार्टी जनता दल सेक्युलर के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी करने में सफलता हासिल कर ली। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक मुद्दे काफी उफान पर थे। कांग्रेस ने मुस्लिमों को भरोसा दिया कि प्रदेश में उनकी सरकार बनने पर कक्षाओं में भी हिजाब पहनने की इजाजत दे दी जाएगी।

विकास सक्सेना

नीतीश कुमार के बुलावे पर जुटे 15 दलों के नेताओं ने इस बैठक में विपक्षी एकता के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने की बात कही है। मगर भाजपा विरोधी दलों के ये दावे बैठक खत्म होने से पहले ही हवा हो गये।

राजनीति

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

"समय बहाकर ले जाता है
नाम और निशान,
कोई 'हम' में रह जाता है कोई
'अहम' में।"

दिल भी मिलें तो बने बात, विपक्षी दलों का दलदल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से पटना में 15 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हो चुकी है। इसमें शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की बात कही है। बैठक में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त है, जबकि जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव), झारखंड मुक्ति मोर्चा, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, द्रुमक, भाकपा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, भाकपा (माले) अपने-अपने प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। पटना की बैठक में शामिल 15 दलों की देश के 11 प्रदेशों में सरकार है। पिछले नौ साल में पहली बार यह दल एक मंच पर आये हैं। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सदस्य हैं। यह कुल लोकसभा सदस्यों का 26 प्रतिशत है। राज्यसभा में इन दलों के 94 सदस्य हैं। यह 38 प्रतिशत है। राज्यों की विधानसभाओं की कुल 4123 सीटों में से 1717 इन 15 दलों के पास है। यह कुल विधानसभा सदस्यों का 42 प्रतिशत है। कांग्रेस की देश के चार प्रदेशों राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में सरकार है। कांग्रेस के पास लोकसभा में 49, राज्यसभा में 29 व विभिन्न प्रदेशों की विधानसभाओं में 725 सदस्य हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कुल 11 करोड़ 94 लाख 95 हजार 214 वोट मिले थे। विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस चाहती है कि राहुल गांधी को नेता प्रोजेक्ट किया जाए। राजद नेता लालू यादव व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन राहुल गांधी के पक्ष में खड़े हैं। ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल सामूहिक नेतृत्व की बात कर रहे हैं। पटना मीटिंग में शामिल इन नेताओं के हाथ तो जरूर मिले मगर अभी तक दिल नहीं मिल पाये हैं। अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ लाये गये अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में कांग्रेस को उनका समर्थन करने की बात कही। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व अरविंद केजरीवाल में बहस भी हुई। खड़गे ने कहा कि हम ऐसा कोई वादा नहीं कर सकते हैं। हमारी पार्टी के मंच पर इस बाबत चर्चा करके फैसला लिया जायेगा। केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राज्यसभा में कांग्रेस उनकी सरकार के खिलाफ लाए गये अध्यादेश के खिलाफ मतदान नहीं करेगी तो भविष्य में वह किसी भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ चलाये जा रहे आंदोलन को लेकर नाराजगी जताई। ममता का कहना है कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार अच्छा काम कर रही है। कांग्रेस जानबूझकर उनको बदनाम करने के लिए लगातार आंदोलन कर सरकार की छवि खराब कर रही है। कांग्रेस को अपने प्रादेशिक नेताओं को उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन करने से रोकना होगा। वहीं पश्चिम बंगाल में माकपा व भाकपा भी तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ सक्रिय है। पिछला विधानसभा चुनाव कांग्रेस, माकपा व भाकपा ने मिलकर लड़ा था। उसके बावजूद उनका खाता भी नहीं खुल सका था। इससे तीन दलों के नेताओं को ममता बनर्जी से खासी नाराजगी है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों की सरकार को हटाकर सत्ता में आई थीं।

रमेश सर्राफ धमोरा

पटना की बैठक में शामिल 15 दलों की देश के 11 प्रदेशों में सरकार है। पिछले नौ साल में पहली बार यह दल एक मंच पर आये हैं। पटना में जुटे 15 दलों के लोकसभा में 142 सदस्य हैं।

शिक्षा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

पेरेंट्स के निगेटिव कमेंट्स का बच्चे के कोमल मन पर पड़ता है बुरा असर

हर माता-पिता अपने बच्चे की परवरिश में कोई कमी नहीं छोड़ते हैं। लेकिन कई बार पेरेंट्स की डांट या निगेटिव कमेंट्स बच्चे के कोमल मन को आहत कर देती है। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आपको अपनी आदत में सुधार करने की जरूरत है। बच्चों की अच्छी परवरिश करना कोई खेल नहीं है। हर माता-पिता अपने बच्चे को अच्छे गुण और संस्कार देना चाहते हैं। जब एक बच्चे का जन्म होता है, तो उस के साथ ही माता-पिता का भी जन्म होता है। हालांकि बच्चे की परवरिस में कई गलतियां, एक्सपीरियंस और नई-नई पेरेंट्स को भी सीखने को मिलती हैं। इसीलिए पेरेंट्स होने के नाते आपको संभलकर रहने की आवश्यकता होती है। क्योंकि आपके द्वारा की गई एक छोटी सी गलती आपके बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा असर डाल सकती है। वहीं पेरेंट्स के निगेटिव कमेंट्स का बच्चे पर बुरा असर पड़ता है। अक्सर जब भी बच्चे गलतियां करते हैं तो पेरेंट्स उनको डांटने लगते हैं। कई मामलों में माता-पिता बच्चों को सजा भी देते हैं। बता दें कि बच्चे पर डांटने, मारने व निगेटिव बातों का बुरा असर पड़ता है और यह उनके कोमल मन को आहत करता है। आपके द्वारा कही गईं कुछ निगेटिव बातें बच्चे को डिप्रेशन का

शिकार बना सकती हैं। ऐसे में अगर आप भी बच्चे के साथ इसी तरह का व्यवहार करते हैं, तो आपको अपनी आदत सुधारने की जरूरत है। हर माता-पिता इन आदतों को कैसे सुधार सकता है।

सोच कर बोलें : अगर आप भी बात-बात पर बच्चों को डांटते हैं तो आप खुद को थोड़ा शांत करिए। अक्सर माता-पिता बच्चे की गलती होने पर उसे डांट देते हैं, या गुस्से में कुछ ऐसा बोल जाते हैं। जिससे बच्चे के कोमल दिल पर इसका बुरा असर पड़ता है। इसलिए बच्चे को कुछ कहने या डांटने से पहले एक बार वह चीज खुद पर अप्लाई करके देखिए। अगर कोई आपके साथ ऐसा व्यवहार करता है तो आपको कैसा लगेगा। इसी तरह बच्चे को डांटने से पहले एक बार सोच-विचार जरूर कर लें।

प्यार से समझाएं : अगर आप भी बच्चे को खाने-पीने या कपड़े आदि पहनने के स्टाइल को लेकर उसे झिड़क देते हैं या गलत शब्द कहते हैं। तो यह काफी गलत आदत है। पेरेंट्स से इस तरह की बातों से बच्चे के मन में असुरक्षा की भावना आ जाती है। इसलिए बच्चे को डांटने या निगेटिव कमेंट करने की जगह उसे प्यार से समझाएं। आप उसे सही तरीके से खाने, बात करने व कपड़े पहनने आदि के तरीकों के बारे में बता व सिखा सकते हैं।

जरूरी नहीं हर बार मिले सफलता : हर माता-पिता अपने बच्चे को लेकर काफी प्रोटेक्टिव होते हैं। ऐसे वह बच्चे से कई उम्मीदें पाल लेते हैं। वह चाहते हैं कि बच्चे हर जगह अपना बेहतर प्रदर्शन करें। लेकिन हर बार ऐसा जरूरी नहीं होता है। अगर बच्चा एग्जाम में फेल होता है, या उसके कम नंबर आते हैं तो उस पर निगेटिव कमेंट करने से बचना चाहिए। क्योंकि एक कहावत है कि इंसान अपनी गलतियों से ही सीखता है। इसलिए बच्चे को भी थोड़ी-बहुत गलती करने दें।

रोना भी है जरूरी : कई बार जब पेरेंट्स बच्चों को उनकी गलती के लिए डांट देते हैं, तो बच्चा रोने लगता है। वहीं बच्चे को रोता देख पेरेंट्स भी अपनी भावनाओं पर कंट्रोल नहीं कर पाते और बच्चे को चुप करवाने लगते हैं। लेकिन अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आपको एक बार सोचने की जरूरत है। क्योंकि कई बार बच्चों को रोने देना भी जरूरी होता है। इसलिए बच्चे को बिना कारण न मनाएं।

पागलपंती का चैलेंज

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

आजकल फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुंचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुंह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है। एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुंह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बांकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुंचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुंचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनकी नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूंकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी। तस्वीर चेपने वाले की जमकर तारीफ की जा रही थी, लेकिन पैरदबाऊ महाराज दबे पैर वहां से गायब नजर आए। किसी ने सब्जी के आगे पब्जी के लिए उदास लड़के की तस्वीर पोस्ट कर दी। सभी को लगा हो न हो यह चीन की ही चाल है। किसी ने यूट्यूब के जरिए कढ़ाई को कोयलाबाबू बनाने वाली लड़की की तस्वीर पोस्ट कर डाली।

प्रतियोगिता मानो अपनी ऊफान पर था। लोगों को लगा इसी में से कोई विजेता होगा। लेकिन मास्कधारी प्रतियोगिता आयोजक ने पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त वाला पोस्टर चेप दी। अब मास्कधारियों के मुखौटे उघड़ने लगे थे। पहला पोस्टर मानो एक साथ सौ पर भारी था। जूम मीट का गला दबाते जियो मीट का कपल चैलेंज वाला पोस्टर लोगों को हक्का-बक्का कर दिया। तभी एक और पोस्टर जिसमें सरकार उद्योगपति की पत्नी बनकर रुपयों की वरमाला पहने शरमा रही थी, उथल-पुथल मचा दिया। फेसबुकिया कपल चैलेंज के दंगल में एक से एक कपल और सब के सब एक-दूसरे को उन्नीस-बीस दिखाने पर तुले थे। तभी एक और पोस्टर जिसमें बुलडोजर अपना फावड़ानुमा हाथ झुकाए बालीवुड की झांसी वाले घोड़े से अंखियां चुरा रहा था, ने शक्ति परीक्षा की याद दिला दी। उधर मीडिया कंगना से गलबाही करते हुए हाथ में कंगन और माथे में टीआरपी का सिंदूर भरकर दो फुट लटके घूंघट में अपना चेहरा छिपा रहा था। तभी 2020 के महानायक कोरोना का कपल पोस्टर देख सभी की घिग्घी बंध गयी। कोरोना की बांहों में बेरोजगारी दुल्हन बने मुस्कुरा रही थी। चुंबनदेव की मुद्रा में कोरोना देव बेरोजगारी के साथ लंबी इनिंग खेलने के लिए उतावले हुए जा रहे थे। इन सबके बीच कंकाल, भुखमरी, दरिद्रता और आत्माविहीन निर्भरता वाले किसान की पोस्टर चेप दी गई। उसके हाथ में उसकी जीवनसंगिनी फांसी का फंदा था। सेज के नाम पर पेड़ से लटकने के लिए डाली, फूलों के नाम पर नकली बीज और दूध के गिलास के स्थान पर कीटनाशक का डिब्बा पड़ा था, जिसे किसान ने थोड़ी देर पहले ही खाली की थी। अब वह ऐसी नींद में जाने वाला था जिसका कपल चैलेंज कई सदियों के लिए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

❖ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

विटामिन बी6 की कमी हो सकती है नुकसानदायक...

महिलाओं के लिए विटामिन बी6 बहुत जरूरी है। अगर शरीर में इसकी सही मात्रा हो तो पीरियड्स से पहले होने वाले दर्द को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा विटामिन बी6 गर्भवती महिलाओं में मतली की समस्या को कम करता है। सेहतमंद रहने के लिए कई तरह के विटामिन और पोषक तत्वों की जरूरत होती है। शरीर में पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए हमें अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कई बार कुछ पोषक तत्वों को कमी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। इन पोषक तत्वों या विटामिन की कमी होने पर शरीर में इसके लक्षण दिखने लगते हैं। विटामिन बी6 एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह ब्रेन हेल्थ और इम्यूनिटी को बरकरार रखने में मदद करता है। विटामिन बी6 को पैराडॉक्सिन भी कहते हैं। एक शोध में पाया गया कि शरीर में विटामिन बी6 की कमी से कैंसर का जोखिम बढ़ता है।

विटामिन बी6 के लाभ

कैंसर के जोखिम को कम करें : शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन6 से कैंसर का जोखिम कम होता है। यह एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है इसलिए यह कैंसर से शरीर की रक्षा करता है।

दिल की सेहत के लिए फायदेमंद : विटामिन बी6 दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। यह खून में होमोसाइटिन के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है। होमोसाइटन का स्तर बढ़ने से हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है। शरीर में विटामिन बी6 की पर्याप्त मात्रा होने से खून की धमनियों में चिपचिपा पदार्थ नहीं जम पाता है। इससे हार्ट डिजीज का खतरा कम होता है।

महिलाओं के लिए जरूरी : महिलाओं के लिए विटामिन बी6 बहुत जरूरी है। अगर शरीर में इसकी सही मात्रा हो तो पीरियड्स से पहले होने वाले दर्द को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा विटामिन बी6 गर्भवती महिलाओं में मतली की समस्या को कम करता है।

विटामिन बी6 की कमी के लक्षण

- थकान और सुस्ती
- बालों को झड़ना
- ड्राई स्किन और फटे होंठ
- मुंह पर सूजन

विटामिन बी6 की आपूर्ति के लिए क्या खाएं : विटामिन बी6 की कमी को पूरा करने के लिए अपने आहार में साबुत अनाज जैसे गेहूं, बाजरा, जौ, मक्का, मटर आदि शामिल करें। इसके अलावा अखरोट, बीन्स, केला, बंद गोभी, सोया बीन्स, गाजर और हरी सब्जियों में भी विटामिन बी6 की प्रचुर मात्रा मौजूद होती है। अगर आप नॉन वेज खाते हैं तो अपनी डाइट में मछली, अंडे, चिकन, मटन आदि शामिल कर सकते हैं।

अंडे व चिकन की जगह इन चीजों से पूरी करें प्रोटीन की कमी

अंडा एक सुपरफूड है और इसमें प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। लेकिन अगर आप शाकाहारी हैं तो प्रोटीन के लिए इन फूड्स का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि इन फूड्स में अंडे से ज्यादा प्रोटीन पाई जाती है। अंडा एक सुपरफूड हैं। अंडे में विटामिन बी2, विटामिन बी12, विटामिन डी, विटामिन ए, फैटी एसिड पाया जाता है। अंडे के सेवन से सबसे ज्यादा प्रोटीन मिलता है। इसके सेवन से शरीर ताकतवर बनता है। हालांकि अंडा एक नॉन-वेजिटेरियन फूड है, लेकिन शाकाहारी लोग अंडे का सेवन नहीं करते हैं। वहीं भारी सप्लाई और बर्ड फ्लू या अन्य संक्रमण के कारण भी लोग इसको खाने से कतराते हैं। ऐसे में अंडे की जगह दूसरे फूड्स का सेवन करते हैं। जिनमें अंडे से ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनमें अंडों से ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है। वहीं एक रिसर्च की मानें तो 100 ग्राम अंडों के अंदर 12.6 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसके अलावा ओमेगा-3 में फैटी एसिड और कई सारे विटामिन व मिनरल्स भी पाए जाते हैं।

चिकन : आपको बता दें कि चिकन में अंडे से दोगुना प्रोटीन पाया जाता है। इसलिए आप प्रोटीन के लिए चिकन का सेवन कर सकते हैं। 100 ग्राम चिकन में 23.2 ग्राम प्रोटीन मिलता है। चिकन में प्रोटीन के अलावा कैल्शियम, आयरन, सोडियम जैसे पोषक तत्व भी पाते हैं।

फ्लैक्स सीड्स : अगर आप शाकाहारी हैं और प्रोटीन के लिए आप चिकन या अंडे का सेवन नहीं कर सकते हैं। तो आपको अपनी डाइट में 100 ग्राम फ्लैक्स सीड्स शामिल करना चाहिए। 100 ग्राम सीड्स में 18.3 ग्राम प्रोटीन होता है। फ्लैक्स सीड्स में अंडे से काफी ज्यादा प्रोटीन पायी जाती है। यूएसडीए के अनुसार, फ्लैक्स सीड्स में कैल्शियम, आयरन, फाइबर, सोडियम, विटामिन बी, फैटी एसिड भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

चिया सीड्स : चिया सीड भी फ्लैक्स सीड्स शरीर को ताकतवर बनाते हैं। बता दें कि 100 ग्राम चिया सीड्स में 16.5 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इन बीजों में आयरन, सोडियम, विटामिन बी, कैल्शियम, फाइबर और फैटी एसिड मिलते हैं।

टोफू : कुछ लोग सिर्फ वीगन खाते हैं। इसलिए वीगन खाने वाले लोगों के लिए टोफू बढ़िया प्रोटीन फूड है। 100 ग्राम टोफू में 17.3 ग्राम प्रोटीन मिलता है। टोफू दिखने में पनीर की तरह होता है। बता दें कि इस फूड से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं बल्कि जिंक, सेलेनियम, आयरन, फाइबर और कैल्शियम का भी बढ़िया स्त्रोत है।

सूडोकु नवताल- 6745

★★★✯✩ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6744 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

दैनिक पंचांग

29 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	06.38 बजे से
चंद्र	तुला में	सिंह	08.55 बजे से
मंगल	कर्क में	कन्या	11.06 बजे से
बुध	मिथुन में	तुला	13.17 बजे से
गुरु	मेष में	वृश्चिक	15.32 ब.से
शुक्र	कर्क में	धनु	17.48 बजे से
शनि	कुंभ में	मकर	19.53 बजे से
राहु	मेष में	कुंभ	21.40 बजे से
केतु	तुला में	मीन	23.12 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		मेष	00.43 बजे से
		वृष	02.23 बजे से
		मिथुन	04.21 बजे से

गुरुवार 2023 वर्ष का 180 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** स्वाती 16.30 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 03.43 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 15.07 बजे तदनन्तर विष्टि 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 15' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871659 **जूलियन दिन** 2460124.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 10 **विशेष** देवशयनी एकादशी, बकरीद(ईद अल-अज्हा)।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
शुभ	05.54 से 07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से 07.11 बजे तक
रोग	07.22 से 08.51 बजे तक	चर	07.11 से 08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से 10.19 बजे तक	रोग	08.43 से 10.15 बजे तक
चर	10.19 से 11.47 बजे तक	काल	10.15 से 11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से 01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से 01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से 02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से 02.51 बजे तक
काल	02.43 से 04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से 04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से 05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7807

■	1		2	■	3		4	■
5		■		■		■	6	7
	■	■	8	9		10	■	
11		12	■		■	13		
■	■	14		■	15		■	■
16			■	17	■	18		19
	■	■	20		21	■	■	
22	23	■		■		■	24	
■	25			■	26			■



बाएँ से दाएँ

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका, टूंटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

ऊपर से नीचे

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

शब्द पहेली -7806 का हल

न	भ	■	न	र	म	■	मा	त
म	■	शा	म	■	द	म	■	प
क	न	क	■	ज	■	ना	प	ना
■	गा	■	ख	न	क	■	र	■
गा	ज	दा	र	■	स	रो	व	र
■	गा	■	ल	गा	म	■	रि	■
र	ह	न	■	ल	■	मि	श	न
म	■	खु	त	■	पा	त्र	■	जा
ल	ब	■	वा	च	क	■	ता	त

आज का राशिफल

मेष राशि : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

वृष राशि : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

मिथुन राशि : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें।

कर्क राशि : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

सिंह राशि : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

कन्या राशि : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

तुला राशि : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

वृश्चिक राशि : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

धनु राशि : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

मकर राशि : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कुंभ राशि : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

मीन राशि : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

विश्व कप के लिए स्टेडियम पर करोड़ों खर्च करेगा दिल्ली

एजेंसी। नई दिल्ली

अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के दौरान पांच मैचों की मेजबानी करने वाले अरूण जेटली स्टेडियम की मरम्मत और साज सज्जा पर 20 से 25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल की शुरूआत में दूसरे टेस्ट की मेजबानी करने वाले स्टेडियम में दर्शकों की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखे जाने के कारण काफी आलोचना हुई थी। अप्रैल में बताया गया कि दिल्ली समेत पांच स्टेडियमों में काफी काम की जरूरत है। इनमें हैदराबाद,

कोलकाता, मुंबई और मोहाली शामिल है। मोहाली में हालांकि विश्व कप का कोई मैच नहीं होना है। भारत में क्रिकेट की अपार लोकप्रियता के चलते बीसीसीआई प्रसारण अधिकारों से करोड़ों कमा रहा है लेकिन अधिकांश स्टेडियमों की हालत इतनी खराब है कि मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव रजत मनचंदा ने कहा कि फोकस विश्व कप के दौरान दर्शकों का अनुभव यादगार बनाने पर होगा। उन्होंने कहा, ह्यहमें पांच मैचों की मेजबानी दिए जाने के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद देते हैं। हमें स्टेडियम का बुनियादी ढांचा बेहतर करना होगा ताकि दर्शकों का अनुभव यादगार रहे। इसमें दर्शकों की सीटें बदलना, नए वॉशरूम बनाना, पुताई और टिकट सॉफ्टवेयर में बदलाव शामिल है।' अरूणटली स्टेडियम की दर्शक क्षमता करीब 35000 है और मनचंदा ने बताया कि डीडीसीए करीब 10000 सीटें बदलेगा। उन्होंने कहा, ह्यहम दर्शकों को साफ सुथरे वॉशरूम, सस्ती दर पर अच्छा खाना और पानी उपलब्ध कराएंगे। हाउसकीपिंग स्टाफ भी बढ़ाया जाएगा। यह सारा काम 15 सितंबर तक पूरा किया जाना है।' उन्होंने बताया कि आईसीसी और बीसीसीआई की टीम जुलाई के तीसरे सप्ताह में स्टेडियम का मुआयना करेगी। दिल्ली में सात अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और क्वालीफायर का मैच होना है। यहां भारत और अफगानिस्तान के बीच 11 अक्टूबर को मैच होगा। बाकी मैच 14 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और छह नवंबर को होने हैं।

अर्मांड डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में बनाया आउटडोर विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी। ओस्ट्रावा

स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांड डुप्लांटिस ने गोल्डन स्पाइक मीट में 6.12 मीटर का फासला नापकर आउटडोर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले विश्व रिकॉर्ड 6.11 मीटर का था जो उन्होंने इस महीने की शुरूआत में नीदरलैंड के हेंजेलो में बनाया था। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 6.12 मीटर की बाधा पार की। अमेरिका में जन्में डुप्लांटिस ने 25 फरवरी को फ्रांस के क्लेरमोंट फेरांड में 6.22 मीटर

का इनडोर रिकॉर्ड बनाया था। शॉटपुट में अमेरिका के विश्व रिकॉर्डधारी रियान क्राउसर ने 22.63 मीटर का थ्रो फेंककर अपना ही इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड बेहतर किया। ओलंपिक चैम्पियन पुएर्तो रिको की जैसमीन सी किन ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ जीती। पुरूषों की सौ मीटर दौड़ दक्षिण अफ्रीका के अकानी सिम्बाइन ने जीती । वहीं पुरूषों की 200 मीटर दौड़ में दक्षिण अफ्रीका के लुक्सोलो एडम्स ने बाजी मारी।

लॉर्डस टेस्ट जीतने पर एशेज का फैसला हो जाएगा : मैकग्रा

एजेंसी। लंदन

महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा का मानना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया लॉर्डस पर दूसरा टेस्ट जीत लेती है तो पैट कमिंस इंग्लैंड में एशेज सीरीज जीतने की उपलब्धि हासिल कर लेंगे जो रिकी पोंटिंग और माइकल क्लार्क जैसे विश्व कप विजेता कप्तान भी नहीं कर पाये। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 से बढत बना ली है। मैकग्रा ने 'बीबीसी' से कहा, पिछली बार 2005 में किसी टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करके एशेज जीती थी। मैं उस टीम का हिस्सा था। वही हालात अब भी है। ऑस्ट्रेलिया अगर दूसरा टेस्ट जीत लेती है तो एशेज का फैसला लगभग हो जाएगा। इंग्लैंड पर काफी दबाव होगा क्योंकि हारने पर उनके लिए वापसी मुश्किल होगी।" ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में आखिरी बार टेस्ट सीरीज 2001 में जीती थी। मैकग्रा ने कहा, ऑस्ट्रेलिया

के पास 2001 के बाद इंग्लैंड में एशेज जीतने का सुनहरा मौका है।

कमिंस वह हासिल कर सकते हैं जो रिकी पोंटिंग और माइकल क्लार्क नहीं कर सके। उन्होंने कहा, कप्तान हमेशा मोर्चे से अगुवाई करते हैं और कमिंस ने पहले टेस्ट में वही किया। उन्होंने इंग्लैंड के आक्रामक खेल की भी तारीफ करते हुए कहा, वे आक्रामक हैं और सकारात्मक भी। जब आप बेखौफ खेलते हैं, तभी पता चलता है कि आप कितने सक्षम हैं।"

आईसीसी विश्व कप 2023 क्वालीफायर

वेस्टइंडीज पर पहली बार बाहर होने का खतरा

एजेंसी। नई दिल्ली

जिम्बाब्वे और पूर्व चैंपियन श्रीलंका इस साल के एकदिवसीय विश्व कप के लिए अंतिम दो क्वालीफाइंग बर्थ सुरक्षित करने की रेस में सबसे आगे हैं, जबकि वेस्टइंडीज, जिसने दो बार ट्रॉफी जीती है, पर पहली बार टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा है। सभी चार ग्रुप मैचों में जीत हासिल करने के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने चार-चार अंकों के साथ क्वालीफायर के महत्वपूर्ण सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 6 विकेट पर 408 रन के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपने प्रभावशाली बल्लेबाजी प्रदर्शन के साथ, जिम्बाब्वे की टीम आगामी मैचों में आत्मविश्वास के साथ

उतरेगी। सोमवार को यूएसए को 304 रन से हराने वाले मैच में 174 रन बनाने वाले सीन विलियम्स ने कहा, हमने अपनी लय हासिल कर ली है और हम इसे जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं। लियम्स टूर्नामेंट में 390 रनों के साथ स्पष्ट रूप से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने नेपाल के खिलाफ नाबाद शतक के साथ अपना दबदबा दिखाया और इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 91 रन की ठोस पारी खेली। विलियम्स के अलावा, क्रेग एर्विन और सिकंदर रजा दोनों ने उल्लेखनीय शतक बनाए। रजा ने न केवल बल्लेबाजी बल्की गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और आठ विकेट भी लिए। ओमान, श्रीलंका और स्कॉटलैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे अपने आगामी मैच हरारे की जगह बुलावायो में खेलेगा। आयोजन स्थल में बदलाव के बावजूद, घरेलू टीम अपने प्रशंसकों के अटूट समर्थन पर भरोसा कर सकती है, जो निस्संदेह उनके पक्ष में काम करेगा। विलियम्स ने कहा, यह एक अलग स्थान है, और इसके बारे में सब कुछ अलग है लेकिन फिर भी हमें दर्शकों का समर्थन मिलेगा और उनका होना हमेशा 12वें खिलाड़ी के होने जैसा होता है। 1996 की चैंपियन श्रीलंका की टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में यात्रा अपेक्षाकृत आसान रही। हालाँकि, शुक्रवार को नीदरलैंड के खिलाफ उनका आगामी मैच एक दिलचस्प चुनौती पेश कर सकता है।

आयरलैंड से 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलेगा भारत

एजेंसी। डबलिन

वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलने और अगस्त में सभी प्रारूपों का विंडीज दौरा समाप्त करने के बाद, भारत महीने के अंत में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में तीन मैचों की छोटी श्रृंखला खेलने के लिए सीधे आयरलैंड की उड़ान भरेगा। क्रिकेट आयरलैंड के एक बयान के अनुसार, भारत और आयरलैंड के बीच तीन टी20 मैच 18, 20 और 23 अगस्त को मालाहाइड में खेले जाएंगे। भारत और आयरलैंड ने जून 2022 में दो मैचों की टी20 श्रृंखला खेली, जिसमें मेहमान टीम ने श्रृंखला 2-0 से जीती। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने कहा, हम 12 महीनों में दूसरी बार आयरलैंड में भारतीय टीम का स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। हमारे 2022 में दोनों मैचों के सभी टिकट बिक गए थे, इसलिए इस साल तीन मैचों की श्रृंखला होने से और भी अधिक प्रशंसकों को इसका आनंद लेने का मौका मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा,"बीसीसीआई को हमारा हार्दिक धन्यवाद, सबसे पहले, भारतीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम में आयरलैंड को लगातार शामिल करने और प्रशंसकों के अनुकूल कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने के लिए - शुक्रवार और रविवार को मैच होने से उम्मीद है कि प्रशंसकों की उपलब्धता अधिकतम होगी।" भारत 3-13 अगस्त तक वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलने के बाद आयरलैंड पहुंचेगा। विंडीज के खिलाफ आखिरी दो मैच अमेरिका के फ्लोरिडा के लॉडरहिल में ब्रोवार्ड काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे। दूसरी ओर, आयरलैंड हाल ही में जिम्बाब्वे में चल रहे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा, इस प्रकार 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए भारत जाने का मौका चूक गया।

कबड्डी में भारत ने जापान को हराया

एजेंसी। बुसान

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने बुधवार को यहां एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 में जापान को 62-17 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मंगलवार को कोरिया के खिलाफ शानदार शुरूआत करने वाले असलम इनामदार ने टूर्नामेंट का अपना दूसरा सुपर 10 हासिल किया और एक बार फिर मैच में शीर्ष स्कोरर रहे। प्रवेश भैंसवाल ने रक्षा में भारत की कमान संभाली। भारत और जापान दोनों दो-दो जीत के साथ मैच में उतरे। जापान, जो मंगलवार को हांगकांग पर 85-11 की जीत में निर्मम था और पहले दिन में कोरिया को 45-18 से हराया था, भारतीय कबड्डी टीम के खिलाफ जवाब खोजने में विफल रहा। भारत ने जापान को मैच में कुल छह बार ऑल-आउट किया। ओलंपिक्सडॉटकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा चैंपियन ने चौथे मिनट में अपना पहला ऑल-आउट स्कोर किया और 18-0 की बढ़त बना ली। जापान ने आठवें मिनट में जाकर अपना खाता खोला। पहला हाफ भारत के पक्ष में 32-6 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ। कप्तान पवन सहरावत पहले हाफ में छह अंकों के साथ भारत के शीर्ष रेडर थे। जापान ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया और अंत में तेजी से अंक बनाये। हालांकि, भारत ने कबड्डी मैच 45 अंकों के अंतर से जीत लिया।

महिला एशेज : इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टी-20 टीम घोषित

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के तहत खेली जाने वाली टी-20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर डेनियलगिब्सन को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया है। गिब्सन, जो वेस्टर्न स्टॉर्म के लिए खेलती हैं, इस साल की शुरूआत में टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की ट्रैवलिंग रिजर्व का हिस्सा थीं और उन्हें हाल ही में संपन्न एशेज टेस्ट के लिए भी टीम में नामित किया गया था। फरवरी में विश्व कप से चूकने वाली इस्सी वोंग को भी इंग्लिश टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज वोंग ने महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया और चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए 15 विकेट लिए। वोंग हाल के मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंग्लैंड महिला ए टीम की भी सदस्य थीं। मुख्य कोच जॉन लुईस ने कहा, डेनियल गिब्सन को हमारी टी20 टीम में पहली बार चुना गया है, वह क्षेत्रीय स्तर पर

शानदार फॉर्म में है और जब भी उन्हें मौका मिला है, उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। इस्सी वोंग मुंबई इंडियंस के साथ महिला प्रीमियर लीग में अपनी सफलता के बाद टी20 टीम में लौट आई हैं, यह देखना रोमांचक होगा कि वह उन अनुभवों से कैसे और कितना आगे बढ़ी हैं। 26 जून को समाप्त हुए टेस्ट मैच के बाद, महिलाओं की एशेज श्रृंखला सबसे छोटे प्रारूप में शुरू होगी। तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच 1 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा, जबकि अगले दो मैच 5 और 8 जुलाई को क्रमशः ओवल और लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

सिकंदर रजा और निकोलस पूरन को रैंकिंग में फायदा

एजेंसी। दुबई

जिम्बाब्वे में पुरुष एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के ग्रुप चरण में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, ऑलराउंडर सिकंदर रजा और वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने नवीनतम पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ा फायदा हासिल किया है। घरेलू मैदान पर क्वालीफायर में तीन दमदार पारियों के दम पर रजा बुधवार को जारी बल्लेबाजी रैंकिंग में सात पायदान की छलांग लगाकर 27वें स्थान पर पहुंच गए। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 102 रनों की पारी के साथ अभियान की शुरूआत की और इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 68 और यूएसए के खिलाफ 48 रन बनाए। अपनी ऑफ स्पिन के साथ, रजा आठ विकेट के साथ क्वालीफायर में शीर्ष छह विकेट लेने वालों में भी शामिल हैं। बल्ले और

गेंद दोनों से शानदार फॉर्म के कारण रजा एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। दूसरी ओर, क्वालीफायर में वेस्टइंडीज के लिए दो शतकों के बाद पूरन वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 13 स्थान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ का बल्लेबाज ग्रुप चरण के दौरान 296 रन के साथ दूसरा सबसे बड़ा स्कोरर था, जिसमें नेपाल के खिलाफ 115 और नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 104 रन शामिल थे, लेकिन सुपर ओवर में हार के कारण यह शतक व्यर्थ चला गया। पूरन ने ग्रुप स्टेज में सबसे ज्यादा 15 छक्के भी लगाए हैं और अब वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में स्थान हासिल करने की वेस्टइंडीज की उम्मीदों के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व बन गए हैं। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स की तीन पारियों में तीन अर्द्धशतकों के परिणामस्वरूप वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 24 स्थान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टूर्नामेंट के मौजूदा शीर्ष रन-स्कोरर, जिम्बाब्वे के अनुभवी सीन विलियम्स 10 स्थान चढ़कर 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वर्षगांठ नीता अंबानी ने पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया

द बूडल्स में लगा टेनिस सितारों का मेला

एजेंसी। मुंबई

रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने बकिंघमशायर के स्टोक पार्क में आयोजित, द बूडल्स टेनिस इवेंट में डिएगो श्वाट्र्जमैन को रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया।

द बूडल्स टेनिस इवेंट को विंबलडन चैंपियनशिप से पहले एक बेहतरीन अभ्यास टेनिस इवेंट माना जाता है। स्टोक पार्क में खेला जाने वाला यह टेनिस इवेंट अपनी 19वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह टूर्नामेंट 27 जून - 1 जुलाई 2023 के बीच खेला जाएगा। पूरे 5 दिन चलने वाले इस टेनिस इवेंट में हर दिन रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप पुरस्कार दिए जाएंगे।

टेनिस इवेंट के पहले दिन रिलायंस फाउंडेशन की नीता अंबानी ने विजेता डिएगो श्वार्टजमैन को पहला रिलायंस फाउंडेशन ईएसए कप प्रदान किया उन्होंने यूके के बकिंघमशायर में स्थित एक्शन4यूथ के लिए सहायता राशि भी दी। एक्शन4यूथ आज के विजेता डिएगो श्वार्टजमैन के दिल के करीब है।

इस मौके पर रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने

कहा, यहां का माहौल अद्भुत है। हमें कुछ बेहतरीन टेनिस देखने को मिला। खेल के साथ धर्मार्थ सेवा करने के अवसर ने इसे और भी सार्थक बना दिया है। मैं सभी युवाओं को शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि वे अपनी पसंद का कोई भी खेल अपनाएंगे और अपने और अपने आस-पास के लोगों के लिए उत्साह, दृढ़ विश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर आएंगे।

द बूडल्स 2023 में टेनिस के सुपरस्टार्स का मेला लगा हुआ है। दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में से 7 इस साल द बूडल्स टेनिस में खेल रहे हैं, जिनमें टेनिस स्टार स्टेफानोस सितसिपास (विश्व नंबर 5), होल्गर रून (विश्व नंबर 6) और एंड्री रुबलेव (विश्व नंबर 7) शामिल हैं। महामारी के बाद द बूडल्स के मैदान पर फिर से टेनिस की वापसी हुई है। लंबे अंतराल के बाद खेल जा रहे इवेंट को लेकर टेनिस दीवानों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत की स्पोर्ट्स लीडर नीता अंबानी विभिन्न खेलों से सीधी जुड़ी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। जिन्होंने भारत में खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही विभिन्न एथलेटिक्स संगठनों और ओलंपिक खेलों में विभिन्न एथलीटों का समर्थन करके भारत में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



NEWS इन ब्रीफ

हिंदुजा समूह का इंडसइंड बैंक में हिस्सेदारी बढ़ाने का प्लान

चेन्नई। इंडसइंड बैंक के प्रमोटर हिंदुजा समूह को अपनी हिस्सेदारी 9.5 फीसदी से बढ़ाकर 26 फीसदी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिलने की उम्मीद है, ऐसा विश्वसनीय रूप से पता चला है। हिंदुजा समूह के करीबी सूत्रों के मुताबिक उम्मीद है कि आरबीआई समूह को हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए औपचारिक मंजूरी दे देगा। एक विश्लेषक सम्मेलन में, इंडसइंड बैंक प्रबंधन ने कहा था कि प्रमोटरों ने हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आरबीआई के पास आवेदन किया है।इस समय दो कंपनियों- इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड और इंडसइंड लिमिटेड की इंडसइंड बैंक में क्रमशः 12.57 प्रतिशत और 3.93 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

वी बिजनेस ने एमएसएमई सेक्टर के लिए किया सबसे बड़ा मूल्यांकन

रांची। वी बिजनेस ने भारत के एमएसएमई सेक्टर का सबसे बड़ा मूल्यांकन किया, जिसके तहत 16 उद्योगों से तकरीबन 1 लाख उत्तरदाताओं को कवर किया गया। वी बिजनेस ने एमएसएमई की डिजिटल तैयारियों पर अपने विचार प्रस्तुत किये हैं। एमएसएमई की डिजिटल परिपक्वता एवं डिजिटल अडॉप्शन के उनके स्तर को समझना इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है। इन 16 उद्योगों में मीडिया एवं एंटरटेनमेन्ट, मैनुफैक्चरिंग, आईटी एवं आईटीईएस, शिक्षा, लॉजिस्टिक्स, पेशेवर सेवाएं, बैंकिंग, निर्माण, खनन आदि शामिल हैं। 360 डिग्री रैडी फॉर नेक्स्ट 2.0 प्रोग्राम के लॉन्च के साथ इन पहलुओं को कवर किया जाएगा।

देश में बीते वित्त वर्ष में 2.7 करोड़ वाहनों का हुआ उत्पादन

एजेंसी। मुंबई

घरेलू वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2022-23 में विभिन्न वाहन खंडों एवं किस्मों के तहत 108 अरब डॉलर (करीब 8.7 लाख करोड़ रुपए) मूल्य के कुल 2.7 करोड़ वाहनों का उत्पादन किया। इसमें मूल्य के हिसाब से यात्री वाहनों की हिस्सेदारी 57 प्रतिशत रही। प्रबंधन सलाहकार फर्म प्राइमस पार्टनर्स ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष में कुल वाहनों में वाणिज्यिक वाहन खंड की हिस्सेदारी 10 लाख वाहनों की रही जिनका मूल्य करीब 1.7 लाख करोड़ रुपए रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में देश में कुल दो करोड़ दोपहिया वाहनों का उत्पादन हुआ जो कुल वाहनों का करीब 77 प्रतिशत है। वहीं मूल्य के हिसाब से 1.8 लाख करोड़ रुपये वाले दोपहिया खंड की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत रही है। इस अवधि में देश के वाहन उद्योग में करीब 1.9 करोड़ लोगों को रोजगार मिला था। रिपोर्ट कहती है कि यात्री वाहन खंड में मध्यम आकार और पूर्ण आकार वाले एसयूवी उप-खंडों की हिस्सेदारी मूल्य के लिहाज से आधे से भी अधिक रही। कॉम्पैक्ट एसयूवी उप-खंड ने भी कुल वाहनों के मूल्य में 25 प्रतिशत योगदान दिया। वहीं लक्जरी खंड के वाहनों ने मूल्य में 63,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय बाजार में अब सस्ती 'मिनी' कारों और सेडान कारों को अधिक पसंद नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से इनकी हिस्सेदारी घटी है। जहां तक बैटरी-चालित वाहनों का सवाल है तो इसका बड़ा हिस्सा दोपहिया और तिपहिया खंड में ही देखने को मिला है। रिपोर्ट कहती है कि भारतीय ईवी उद्योग चीन, अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे अग्रणी बाजारों से पीछे चल रहा है लेकिन इस खंड में भारी निवेश होने से भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत नजर आते हैं।

टमाटर की कीमतों में जल्द आयेगी गिरावट : सचिव

नई दिल्ली। देश के अधिकतर शहरों में टमाटर की कीमत 100 रुपए के पार पहुंच गई हैं। वहीं इसकी अधिकतम कीमत 122 रुपए प्रति किलो भी दर्ज की गई है। टमाटर के साथ कुछ सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में सभी को इस बात का इंतजार है कि आखिर टमाटर की कीमतें कब कम होंगी। इस बारे में सरकार की ओर से संकेत मिले हैं। एक टॉप ऑफिशियल ने कहा है कि टमाटर की कीमतों में उछाल टेंप्रेरी मौसमी घटना है और कीमतें जल्द ही कम हो जाएंगी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने मीडिया रिपोर्ट में कहा कि टमाटर जल्द खराब होने वाली सब्जी की कैटेगिरी में आती है, जिन इलाकों में अचानक बारिश होती है, वहां ट्रांसपोर्टेशन प्रभावित होता है। यह एक टेंप्रेरी इश्यू है, कीमतें जल्द ही कम हो जाएंगी।

बंधन बैंक ने अपनी शाखाओं की संख्या तीन गुना तक पहुंचाया

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में सबसे तेजी से बढ़ते बैंकों में से एक बंधन बैंक ने अपना परिचालन शुरू करने के 8 वर्षों से भी कम समय में अपनी शाखाओं की संख्या को तीन गुना तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बैंक की अब कुल 1,500 से अधिक बैंक शाखाएँ हैं। बैंक के पास पहले से मौजूद अन्य 4,500 बैंकिंग इकाइयों के नेटवर्क के साथ, देश भर में बैंकिंग आउटलेट की कुल संख्या अब 6,000 से अधिक है। बैंक ने 23 अगस्त 2015 को 501 शाखाओं के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। बैंक वर्तमान में भारत के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 6,000 से अधिक बैंकिंग आउटलेटों के एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से 3 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बैंक की कोशिश है कि प्रत्येक भारतीय की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जाए, चाहे वे कहीं भी रहते हों, या फिर उन्हें किसी भी वित्तीय उत्पाद की आवश्यकता हो और वे कोई भी बैंकिंग चैनल पसंद करते हों - फिजिकल या डिजिटल। बैंक के एमडी और सीईओ चंद्रशेखर घोष ने कहा, आज का दिन बंधन बैंक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जब हमने अपनी शाखाओं की संख्या को तीन गुना तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

सीबीआई ने किया चंदा कोचर के बारे में बड़ा खुसाला

वीडियोकॉन से 64 करोड़ की ली रिश्वत

एजेंसी। नई दिल्ली

आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ चंदा कोचर ने अपने निजी इस्तेमाल के लिए बैंक के पैसों का दुरुपयोग किया। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने कोर्ट में ये बताया। सीबीआई ने बताया कि चंदा कोचर ने 64 करोड़ रुपए की रिश्वत ली। एजेंसी ने कोर्ट में कहा कि वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को लोन देने में धोखाधड़ी और अनियमितताएं बरती गई है। एजेंसी ने इस मामले में चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और अन्य के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट से संज्ञान लेने का अनुरोध किया। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में कहा कि चंदा कोचर ने लोन के मानकों पर खरी न उतरने वाली वीडियोकॉन ग्रुप कंपनियों को लोन दिया। इसके बदले में उन्होंने 64 करोड़ रुपये की रिश्वत ली और वीडियोकॉन के स्वामित्व वाले मुंबई के चर्चगेट में स्थित एक फ्लैट को उनके परिवार के नाम ट्रांसफर किया गया। सीबीआई ने कहा कि कोचर को 2016 में चर्चगेट में सीसीआई चैंबर्स में सिर्फ 11 लाख रुपए में एक फ्लैट मिला, जबकि उनके बेटे ने नवंबर 2021 में उसी इमारत में उसी मंजिल पर 19.11 करोड़ रुपए में एक फ्लैट खरीदा थी। बता दें कि चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन ग्रुप के प्रमोटर वीएन धूत पर 3,250 करोड़ रुपए के लोन मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सीबीआई ने मार्च के अंत में इस मामले में 11,000 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी, जिसमें तीनों का नाम शामिल था। एजेंसी ने धूत के भतीजे, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (वीआईईएल) के पूर्व डायरेक्टर सौरभ धूत और कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट दत्तात्रय कदम को भी आरोपी बनाया है। इस मामले में कोचर दंपत्ति को पिछले साल दिसंबर में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। बाद में बॉम्बे हाई कोर्ट ने दंपति को अंतरिम जमानत दे दी थी।

सेंसेक्स पहली बार 64,000 और निफ्टी 19,000 के पार

एजेंसी। मुंबई

बुधवार को शेयर बाजार ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 64,050 के स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली और ये 499 अंक चढ़कर 63,915 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले इसी महीने 22 जून को शेयर बाजार ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। तब सेंसेक्स ने 63,601 का स्तर छुआ था। इधर, निफ्टी ने भी 19,011 का ऑल टाइम हाई बनाया। इसके बाद ये भी थोड़ा नीचे आया और 154 अंकों से ज्यादा की तेजी है और यह 18,972 के करीब कारोबार कर रहा है। इससे पहले इसका हाई 18,887.60 था जो उसने 1 दिसंबर 2022 को बनाया था। एनएसई पर मीडिया को छोड़कर लगभग सभी सेक्टर्स में तेजी है। सबसे ज्यादा 1.68% निफ्टी मेटल चढ़ा है। निफ्टी पर सबसे ज्यादा चढ़ने वाला शेयर अडाणी एंटरप्राइजेज है, जो 5% से ज्यादा चढ़ा है।इस साल बाजार में अब तक शानदार तेजी देखने को मिली है। इस साल की शुरूआत यानी 2 जनवरी (1 जनवरी को बाजार बंद था) को सेंसेक्स 61,167 के स्तर पर था जो अब 63,915 अंक पर पहुंच गया है। इस साल इसमें अब तक 4% से ज्यादा यानी 2,748 अंक की तेजी देखने को मिली है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आगे भी ये तेजी जारी रह सकती है।

विदेश

रूसी सेना ने यूक्रेन के क्रामातोर्स्क शहर में मिसाइल से किया हमला

कीव। रूस की सेना ने यूक्रेन के क्रामातोर्स्क शहर में हवाई हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी सेना ने मिसाइल से पूर्वी यूक्रेन के क्रामातोर्स्क शहर में एक भीड़-भाड़ वाले रेस्तरां को निशाना बनाया। इस हमले में चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। हमले के फौरन बाद आपातकालीन सेवा घायलों की मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं। डोनेट्स्क क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख पावलो किरिलेंको के अनुसार, मिसाइल हमला मंगलवार शाम 7:30 बजे (स्थानीय समय) किया गया। उन्होंने कहा कि हम हमले में घायलों और मृतकों की सही संख्या का पता लगा रहे हैं। जिस रेस्तरां पर हमला किया गया वो शहर के केंद्र में स्थित है और वहां भारी भीड़ जमा होती है। अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूसी सेना ने दूसरा मिसाइल हमला शहर के बाहरी इलाके में एक गांव पर किया।

भारतीय मूल के व्यक्ति को तीन साल की सजा

800 लोगों को अवैध रूप से करा चुका है सीमापार

एजेंसी। वाशिंगटन

न्याय विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि तस्करी गिरोह के प्रमुख सदस्य के तौर पर उसने कनाडा से सैकड़ों भारतीय नागरिकों को सीमा पार कराया था। इस दौरान उसने नागरिकों से 500,000 अमेरिकी डॉलर से भी अधिक रकम के तौर पर लिया था। कैलिफोर्निया के रहने वाले राजिंदर पाल सिंह को अमेरिका के जिला कोर्ट ने मंगलवार को लोगों क तस्करी और मनी लॉन्ड्रींग मामले के लिए 45 महीने की जेल की सजा सुनाई। कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी टेसा एम. गोर्मन ने बताया कि पिछले चार सालों में राजिंदर सिंह ने 800 से भी अधिक भारतीय नागरिकों को उत्तरी सीमा और वाशिंगटन के जरिए अमेरिका में तस्करी कराने में मदद की है। उन्होंने कहा कि आरोपी की यह हरकत केवल वाशिंगटन की सुरक्षा के लिए खतरा नहीं बल्कि भारत से अमेरिका तक चलने वाली तस्करी मार्ग द्वारा तस्करी कर लाए गए लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा था। आरोपी ने अमेरिका में बेहतर जीवन की उम्मीद रखने वाले लोगों की उम्मीदों को नुकसान पहुंचाया और उन लोगों पर 70,000 अमेरिकी डॉलर का भारी कर्ज भी लाद दिया गया। जुलाई 2018 से राजिंदर सिंह और उसके सहयोगियों ने कनाडा के सिएटल क्षेत्र में अवैध रूप से सीमा पार करने वाले लोगों के लिए उबर का इस्तेमाल किया। 2018 और 2022 तक सिंह ने लोगों की तस्करी के लिए 600 यात्राओं का आयोजन किया। जांच के दौरान आरोपी के आवास से 45,000 अमेरिकी डॉलर और कुछ नकली दस्तावेज बरामद किया गया।

इथियोपिया में भूख से 700 से ज्यादा की मौत

नैरोबी। इथियोपिया के उत्तरी टाइग्रे क्षेत्र में बीते सात दिन में 700 से ज्यादा लोगों की भूख से मौत हो गई। इसके पीछे असल में संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका की तरफ से अनाज व भोजन की आपूर्ति बंद करना है। जरूरतमंद लोगों के लिए दान किए गए गेहूं को चुराने के मामले सामने आने पर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने टाइग्रे में मार्च में खाद्य सहायता को बंद कर दिया था। इसके बाद उन्होंने जून की शुरूआत में इथियोपिया के बाकी हिस्सों में भी खाद्य सहायता को धीरे-धीरे कम कर दिया। विश्व निकाय के महासचिव एंतोनियो गुटेरस ने विएना में बाहरी अंतरिक्ष के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओओएसए) के निदेशक पद पर भारतीय मूल की ब्रिटिश उपग्रह विशेषज्ञ आरती होल्ला-मैनी की नियुक्ति की है। आरती यूएनओओएस निदेशक के रूप में इटली की सिमोनेत्ता दि पिप्पो की जगह लेंगी।

हथियारबंद व्यक्तियों ने 14 पुलिस अधिकारियों का किया अपहरण

एजेंसी। मेक्सिको

दक्षिणी मेक्सिको में हथियारबंद व्यक्तियों ने राज्य पुलिस के 14 अधिकारियों को अगवा कर लिया जिसके बाद संघीय और स्थानीय बलों के जवानों को भारी संख्या में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चियापास राज्य में सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सचिव ने एक बयान में बताया कि सभी 14 अधिकारी पुरुष हैं और उन्हें तलाश करने के लिए जमीन से लेकर आसमान तक अभियान चलाया जा रहा है।राज्य पुलिस बल के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि अधिकारी एक निजी ट्रक से चियापास की राजधानी जा रहे थे लेकिन रास्ते में बंदूकधारियों ने गाड़ी को रुकवाकर उन्हें अगवा कर लिया। अधिकारी ने बताया कि ट्रक में सवार महिलाओं को छोड़ दिया गया जबकि वे पुरुषों को अपने साथ ले गए। सिनालाओ कार्टेल' और जैलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल' के बीच क्षेत्रीय विवाद को लेकर मेक्सिको के सरहदी क्षेत्र में हाल के महीनों में हिंसा बढ़ी है।

आक्रोश हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाए जाने पर भड़का आरोपी

कोर्ट में ही अपने वकील को जड़ा घूंसा

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका में मौत की सजा सुनाए जाने पर एक आरोपी इतना भड़क गया कि उसने अदालत में ही वकील को घूंसा जड़ दिया। आरोपी फ्लोरिडा का रहने वाला है जिसको 1990 में एक 11 वर्षीय लड़की और उसकी 32 वर्षीय आया की हत्या का दोषी ठहराया गया। इसके बाद कोर्ट ने उसको मौत की सजा सुना दी। घटना से जुड़ा वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि आरोपी जीलर अपने वकील केविन शर्ली को इशारा करके पास बुलाता है। केविन को लगता है वह उससे कुछ बात करने को बुला रहा है लेकिन जैसे ही वकील जीलर की बात सुनने को नीचे झुकता है तभी जीलर उस पर कोहनी से उसके मुंह पर वार करता है। हालांकि जीलर के हाथ हथकड़ी से बंधे थे और उसके आसपास दो पुलिसवाले भी थे लेकिन उसने फिर भी वकील पर हमला कर दिया। जैसे ही उसने हमला किया तभी पास खड़े पुलिस अधिकारियों ने उसे तुरंत जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद, जज ने वकील से पूछा कि क्या वह ठीक है तो उसने शांति से जवाब दिया, ₹मैं ठीक हूं। मैं बॉक्सिंग करता था, मैंने उससे कहीं बेहतर शॉट लिए हैं।' वकील ने कहा कि मुझे नहीं पता था कि वह ऐसा कुछ करने जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि लड़की और महिला मई 1990 में केप कोरल अपार्टमेंट में पाए गए थे। बच्ची रॉबिन की माँ रात में कहीं बाहर गई थी और जब वह अगली सुबह लौटी तो उसने दोनों को मरा हुआ पाया। जांचकताओं ने कहा कि जांच में पता कि दोनों पीड़ितों का यौन उत्पीड़न किया गया था। केप कोरल फ्लोरिडा का एक शहर है। 2016 में, फ्लोरिडा के केप कोरल में जांचकताओं ने जीलेर को तब जोड़ा जब फोरेंसिक परीक्षणों से पता चला कि घटनास्थल पर पाया गया वीर्य उसके डीएनए से मेल खाता है। उसे 2016 में गिरफ्तार किया गया और सात साल बाद, एक ग्रैंड जूरी ने उसे दोषी करार दिया। जूरी ने उसके कृत्यों के लिए सिफारिश की कि उसे मौत की सजा दी जानी चाहिए।

पाकिस्तान में हमलावरों ने एक परिवार के नौ लोगों को मौत के घाट उतारा

पेशावर। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को बंदूकधारी हमलावर ने घर में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस दौरान एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना मालाकंद जिले के बटखेला तहसील में हुई। हमलावर ने तीन महिलाओं और छह पुरुषों सहित एक ही परिवार के नौ सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लेवीज बल घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बटखेला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, इस नृशंस हत्या के पीछे शादी का विवाद था और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री मुहम्मद आजम खान ने पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को कटघरे में लाया जाएगा। पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाएगा।

'वैगनर विद्रोह के बाद रूस में स्थिति पर कड़ी नजर'

एजेंसी। टोक्यो

जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने कहा है कि रूस में वैगनर विद्रोह के बाद स्थिति पर जी 7 की कड़ी नजर है। जापानी सरकार ने सोमवार को कहा कि रूस में बागी वैगनर समूह द्वारा विद्रोह के बाद वह स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए सात देशों के समूह (जी 7) के अन्य देशों के साथ समन्वय करेगी। क्योडो न्यूज के अनुसार किशिदा ने संवाददाताओं से कहा, हम जी7 के साथ मिलकर काम करके स्थिति का जवाब देना चाहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने कहा कि उन्होंने विद्रोह के बाद रूस में किसी बड़ी झड़प के बारे में नहीं सुना है, लेकिन सरकार देश में रहने वाले जापानी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगी। मात्सुनो ने पुतिन के शासन और यूक्रेन में युद्ध पर विद्रोह के संभावित प्रभाव पर टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा, हम वैगनर ग्रुप के कदमों और रूस की घरेलू स्थिति पर गंभीरता से नजर रखना जारी रखेंगे। वैगनर समूह के नेता येवगेनी प्रिगोझिन, जो यूक्रेन में रूसी सेना के साथ लड़ रहे थे, ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सेना रूसी खून बहाने को बचाने के लिए मास्को पर अपने हमले रोक देगी। क्योडो न्यूज के अनुसार तनाव बढ़ने के बीच कूटनीतिक कार्रवाई की सुगबुगाहट के बीच, जी7 के विदेश मंत्रियों ने फोन कॉल के दौरान अपनी प्रतिक्रिया को बारीकी से समन्वित करने पर सहमति व्यक्त की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों पर चर्चा की। जी-7 में अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और यूनाइटेड किंगडम के अलावा यूरोपीय संघ भी शामिल है। व्हाइट हाउस के अनुसार, रविवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर बातचीत में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने संयुक्त राज्य अमेरिका को निरंतर सुरक्षा, आर्थिक और मानवीय सहायता सहित अटूट अमेरिकी समर्थन की पुष्टि की। एक टेलीविजन साक्षात्कार में, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि इस आंदोलन से पुतिन के नियंत्रण में वास्तविक दरारें सामने आईं। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, हम अनुमान नहीं लगा सकते या ठीक-ठीक नहीं जान सकते कि यह कहां जाने वाला है। हम जानते हैं कि पुतिन को आने वाले हफ्तों और महीनों में जवाब देने के लिए और भी बहुत कुछ है।

विद्रोह के बाद रूस में किसी बड़ी झड़प के बारे में नहीं सुना है, लेकिन सरकार देश में रहने वाले जापानी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगी

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, ह्लईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों ओर विदेश में बसे हुए भारतीयों, विशेषकर हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा प्रेम, त्याग और बलिदान का पवित्र त्योहार है।

मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वह 29-30 जून को मणिपुर में रहेंगे। इस दौरान वह राहत शिविरों का भी दौरा करेंगे। यह जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को दी। वेणुगोपाल ने कहा कि मणिपुर के हालात अभी भी ठीक नहीं हैं। राहुल गांधी वहां जाकर लोगों से मिलेंगे और शांति की अपील करेंगे।

शाह आज बिहार में व कल राजस्थान जाएंगे

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 29 जून को एक दिवसीय दौरे पर बिहार जाएंगे। उसके अगले दिन यानी 30 जून को वह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को शाह बिहार के लखीसराय जिले में पहले अशोक धाम मंदिर में पूजा व दर्शन करेंगे। उसके बाद अशोक धाम संग्रहालय का दौरा करेंगे।

सरकार विकास में तेजी लाने को प्रतिबद्ध : गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग ने कहा कि सरकार उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) क्षेत्रों में अनुकूल व्यावसायिक माहौल बनाने और विकास में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा पीएलआई योजनाओं पर आधारित कार्यशाला को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने पीएलआई योजना की नीतियों, प्रक्रियाओं तथा प्रभावशीलता को आकार देने के लिए उद्योग की प्रतिक्रिया और सहयोगी कार्य को प्रोत्साहित किया। बैठक में गोयल ने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन पर उद्योग की एकाग्रता के महत्व पर बल दिया, जो उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। पीयूष गोयल ने सभी हितधारकों से एक ऐसा माहौल बनाने के लिए मिल कर काम करने का आग्रह किया, जो उद्योगों के विकास, नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे सके। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाना तथा उनमें स्वामित्व की भावना पैदा करना था, ताकि वे 14 प्रमुख क्षेत्रों के तहत पीएलआई योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अपने ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें।

कार्यशाला में 14 प्रमुख क्षेत्रों के तहत 10 कार्यान्वयन केंद्रीय विभागों, कंपनियों/पीएलआई लाभार्थियों, विभिन्न परियोजना प्रबंधन एजेंसियों (पीएमए) जैसे आईएफसीआई, सिडबी, मैकॉन, आईआरईडीए और एसईसीआई, चुनिंदा उद्योग संघों (सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और पीएचडीसीसीआई) तथा संबंधित निर्यात संवर्धन परिषदों यानी एफआईईओ, ईईपीसी और टीईपीसी ने भाग लिया। इसके अलावा बैठक में विस्ट्रॉन, फॉक्सकॉन, सैमसंग, डेल, विप्रो जीई, डॉ. रेड्डीज, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नोकिया सॉल्युशंस, आईटीसी, डाबर, जेएसडब्ल्यू और रिलायंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का समूह शामिल हुआ।

भाई-बहन के साथ घर लौटे भगवान जगन्नाथ

बाहुडा यात्रा में देश विदेश के लाखों श्रद्धालु हुए शामिल

बलभद्र के रथ को खींचते समय रस्सी टूटने से छह घायल

एजेंसी। भुवनेश्वर

अपने मौसी के घर श्रीगुंडिचा मंदिर में रहने के बाद नौंवे दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा श्रीमंदिर लौट आए हैं। पुरी में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा देश विदेश के लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए हैं। भगवान बलभद्र के रथ तालध्वज को खींचते समय अचानक रस्सी टूटने से एक भोई सेवायत समेत छह श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें पुरी स्थित मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को सुबह बाहुड़ा यात्रा पूरे विधिविधान और रीति नीति के साथ शुरू हुई। सुबह चार बजे मंगल आरती के साथ अन्य नीति संपादित हुईं। इसके बाद गोपाल बल्लभ व खिचड़ी भोग नीति हुई। इसके बाद चतुर्धा मूर्तियों की पहंडी बिजे की नीति शुरू हुई। सबसे पहले सुदर्शनजी की पहंडी शुरू हुआ। सुदर्शनजी देवी सुभद्रा के रथ दर्पदलन में बैठे। इसके बाद भगवान बलभद्र को पहंडी के जरिए तालध्वज रथ में लाया गया। इसके बाद माता सुभद्रा को पहंडी के जरिए दर्पदलन में लाया गया। सबसे अंत में जगन्नाथ पहंडी के जरिये नंदीघोष रथ में विराजमान हुए। इस दौरान चारों ओर हरि बोल और जय जगन्नाथ की ध्वनि गूंजती रही। भगवान बलभद्र के रथ तालध्वज को खींचते समय अचानक रस्सी टूट गई। इस कारण एक भोई सेवायत समेत छह श्रद्धालु घायल हो गए।

शिमला : खाई में गिरी बारात से लौट रही कार, दुल्हन के भाई समेत चार की मौत

एजेंसी। शिमला

जिले के रामपुर उपमंडल में शादी की खुशियां एक पल में मातम में बदल गई। बुधवार को दुल्हन को बारात संग विदा कर लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सलूणी कैंची में एक गहरे नाले में गिर गई। इस दुर्घटना में दुल्हन के भाई सहित चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक युवती घायल है। घटना हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रामपुर उपमण्डल की है। जानकारी अनुसार मंगलवार शाम देवठी से एक बारात कलेड़ा गई थी। बुधवार को बारात की विदाकर कर एक कार से घर लौट रहे थे। कार में दुल्हन के भाई व तीन युवतियों समेत पांच लोग सवार थे। सलूणी कैंची में उनकी कार अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरे नाले में जा गिरी। कार को दुल्हन का भाई अविनाश चला रहा था। दुर्घटना में कार चालक अविनाश (24) पुत्र देविंदर मांटा निवासी दयोथि, सुमन (22) पुत्र भाग चंद निवासी दरकाली, हिमानी (22) पुत्री दलीप सिंह निवासी दरकाली और संदीप (40) पुत्र चेत राम निवासी दरकाली की मौत हो गई। इसके अलावा शिवानी (22) पुत्री दलीप कुमार को घायलावस्था में खनेरी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस हादसे की खबर गांव में पहुंचने से घर में खुशियां मातम में बदल गईं। जिस घर में एक दिन पहले शहनाई गूंज रही थीं, वहां कोहराम मच गया।

मध्य प्रदेश : दतिया में ट्रक नदी में गिरा, पांच शव बरामद, कई लापता

एजेंसी। दतिया/ भोपाल

मध्यप्रदेश के दतिया जिले में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। वैवाहिक समारोह में हिस्सा लेने जा रहे लोगों से भरा हुआ मिनी ट्रक बुहारा नदी के पुल से गुजरते समय नदी में जा गिरा। पांच लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि कई लोग अब भी लापता हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्वालियर के भेलेटी गांव से लगभग 50 मजदूर बेटी की शादी करने टीकमगढ़ के जतारा जा रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन बुहारा नदी के पुल पर से गुजरते वक्त अनियंत्रित हो गया और नीचे नदी में जा गिरा। बुहारा नदी में इन दिनों पानी का बहाव है। ट्रक के पलटने के बाद बड़ी संख्या में लोग बहने लगे। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया। राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया है कि इस अब तक पांच लोगों के शव बरामद हुए हैं बाकी सभी लोगों को बचा लिया गया है। वहीं ट्रक में सवार एक व्यक्ति ने बताया कि उसमें 40-50 लोग सवार थे जिनमें अब तक 30 लोगों को ही निकाला गया है।

जयपुर-अजमेर हाइवे पर तीन ट्रकों में लगी आग, 5 जिंदा जले

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान में जयपुर-अजमेर हाइवे पर दूदू के रामनगर मोड़ पर बुधवार अलसुबह तीन ट्रक और ट्रेलर में टक्कर के बाद आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि ट्रक में बैठे ड्राइवर और खलासी को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। हादसे में पांच लोग जिंदा जल गए। करीब साढ़े चार घंटे तक तीनों वाहनों में आग की लपटें निकलती रहीं। हाइवे पर आग के बाद अफरा-तफरी मच गई। एक ट्रक में मवेशी लदे हुए थे। इस हादसे में वो मवेशी भी जिंदा जल गए। सूचना मिलने पर दूदू थाने का स्टाफ और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सुबह करीब नौ बजे तक आग पर काबू पाया गया। दूदू थाना अधिकारी जयसिंह ने बताया दो ट्रेलर बुधवार को दूदू के करीब हाइवे पर स्थित रामनगर मोड़ पर रुके थे। यहां देवनारायण होटल पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान जयपुर से अजमेर की ओर जा रहा ट्रक हाइवे पर बेकाबू हो गया और ट्रेलर से जा टकराया। ट्रक में डीजल टैंक के साथ सीएनजी किट भी लगा था। टक्कर के बाद अचानक डीजल टैंक फट गया और तेज धमाके होने लगे।

वित्त मंत्रालय ने 12 राज्यों को 66,413 करोड़ रुपये अतिरिक्त उधारी जुटाने की दी मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने 12 राज्यों को बिजली क्षेत्र में सुधार तेज करने के वित्तीय प्रोत्साहन को मंजूरी दी है। वित्त मंत्रालय ने विद्युत मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर 12 राज्यों को वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2022-23 में किए गए सुधारों के लिए ये अनुमति दी है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि बिजली सुधारों को लागू करने के लिए पिछले दो वित्त वर्षों में 12 राज्यों को 66,413 करोड़ रुपये की अतिरिक्त उधारी जुटाने की मंजूरी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले दो वित्तीय वर्षों में उन्हें अतिरिक्त उधारी अनुमतियों के माध्यम से 66,413 करोड़ रुपये के वित्तीय संसाधन जुटाने की अनुमति दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक पश्चिम बंगाल को इस दौरान सबसे ज्यादा 15,263 करोड़ रुपये की उधारी जुटाने की मंजूरी दी गई है। राजस्थान को 11,308 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 9,574 करोड़ रुपये, केरल को 8,323 करोड़ रुपये, तमिलनाडु को 7,054 करोड़ और यूपी को 6,823 करोड़ रुपये उधारी की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा असम को 4,359 रुपये, हिमाचल प्रदेश को 251 करोड़ रुपये, मणिपुर को 180 करोड़ रुपये, मेघालय को 192 करोड़ रुपये, ओडिशा को 2,725 करोड़ रुपये और सिक्किम को 361 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में राज्यों को बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में सुधारों के साथ अतिरिक्त उधारी की मंजूरी को जोड़ने की घोषणा की थी। इस कदम का उद्देश्य बिजली क्षेत्र की दक्षता और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए सुधार करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करना और समर्थन करना है।

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर देवबंद में जानलेवा हमला

एजेंसी। देवबंद

उत्तर प्रदेश के देवबंद में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला हुआ है। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भीम आर्मी के प्रमुख पर कुछ हथियारबंद लोगों ने फायरिंग की, जो उनके पास से गुजरी है। हालांकि, अभी वह ठीक हैं। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि चंद्रशेखर की पीठ को गोली छूकर निकली है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। फायरिंग में उनकी कार के शीशे भी टूट गए। फिलहाल पुलिस ने नाकेबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। जिस समय ये हमला हुआ तब चंद्रशेखर दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे। तभी, बीच रास्ते देवबंद में उनके काफिले पर हमला हो गया।

FILMY हलचल

रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी' से बेघर हुई आलिया सिद्दिकी

सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' इस समय जियो सिनेमा पर धूम मचा रहा है। शो के पहले दिन से ही बिग बॉस के घर में कंटेस्टेंट्स का जबरदस्त कंफ्यूजन देखने को मिल सकता है। शो में लगातार आ रहे ट्विस्ट एंड टर्न्स को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। 'बिग बॉस ओटीटी 2' शुरू होने के एक हफ्ते के अंदर दो प्रतियोगी घर से बाहर हो गए हैं। अब तीसरा शख्स भी एलिमिनेट हो गया है। पलक के बाद आलिया सिद्दिकी भी मिड वीक एविक्शन के जरिए शो से बाहर हो गई हैं। महज 10 दिनों में एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दिकी की पत्नी आलिया को भी घर छोड़ना पड़ा। हाल ही में बिग बॉस द्वारा आयोजित नॉमिनेशन टास्क में जिया शंकर और आलिया सिद्दिकी को नॉमिनेट किया गया था। दोनों को 15 मिनट का समय दिया गया, जिसमें उन्हें अपना बैग पैक करना था। इस टास्क के बाद बिग बॉस ने अपना फैसला सुनाया और कम वोटों के कारण आलिया को घर से बाहर जाना पड़ा।

रश्मिका मंदाना ने अल्लू अर्जुन फिल्म 'पुष्पा 2' की शूटिंग की शुरू

रश्मिका मंदाना ने अल्लू अर्जुन स्टारर अपकमिंग फिल्म 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म सेट से एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन दियाः 'हैशटैग नाइटशूट'। वह 'पुष्पा 2' में भी श्रीवल्ली की भूमिका निभाएंगी। रश्मिका ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एनिमल' की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें रणबीर कपूर हैं। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका रेनबो और वीएनआर ट्रायो में भी नजर आएंगी।

यश कुमार की फिल्म 'एक था जोकर' का फर्स्ट लुकआउट

यश कुमार एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म 'एक था जोकर' का एक और लुकआउट सामने आ गया है, जिसमें यश कुमार का फेस रिवील हुआ है। इसमें यश कुमार अनोखे गेट अप में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के लुक ने बॉक्स ऑफिस का तापमान बढ़ा दिया है। फिल्म के निमार्ता यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा हैं। यह फिल्म एक अद्भुत कहानी पर आधारित है, जिसे भव्य तरीके से फिल्माया गया है। इस फिल्म के निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। फिल्म 'एक था जोकर' यश कुमार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसको लेकर यश कुमार ने बताया कि 'एक था जोकर' एक ऐसी फिल्म है, जिसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, सिर्फ एहसास हैं। फिल्म का ट्रेलर जल्द ही रिलीज किया जाएगा और फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्टर कैसा लगने पर लोगों से राय भी मांगी है। वहीं, फिल्म के निर्देशक सुजीत वर्मा ने भी दावा किया कि फिल्म 'एक था जोकर' भोजपुरी में इस साल की सबसे अनोखी और मनोरंजक फिल्म होने वाली है। इस फिल्म की कहानी के साथ-साथ गीत संगीत की अलग लेवल का होने वाला है। हमारी फिल्म बजट के हिसाब से भी बेहद समृद्ध होने वाली है।

रणनीति

निक्की हेली ने चीन को बताया सबसे बड़ा खतरा

भारत से रिश्ते सुधारने की पैरवी

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के अगले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की दावेदार निक्की हेली ने चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। अमेरिकी थिंक टैंक अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट में संबोधन के दौरान उन्होंने भारत से रिश्ते सुधारने की पैरवी की। रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है, जो अमेरिकी सुरक्षा और समृद्ध के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है। उत्तरी कैरिलिना की पूर्व गवर्नर ने 2024 में राष्ट्रपति चुने जाने पर चीन के प्रति अमेरिका की नीति में व्यापक बदलाव लाने का भी संकल्प लिया और कहा कि कम्युनिस्ट चीन अमेरिकी सुरक्षा और समृद्धि के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है। हेली ने चीन को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका के सामने आया सबसे खतरनाक विदेशी खतरा करार दिया। उन्होंने कहा कि चीनी साम्यवाद की निंदा की जानी चाहिए और बधाई कभी नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की चीन के साथ बातचीत को लेकर भी उनकी आलोचना की। हेली ने कहा कि चीनी आक्रामकता को रोकने के लिए राष्ट्रपति के रूप में उनकी शीर्ष प्राथमिकता अमेरिका की अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कु हम चीनी आक्रामकता से अमेरिका की समृद्धि और मातृभूमि की रक्षा करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

नई दिल्ली। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ'फैरेल एओ ने बुधवार को उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह ट्वीट किया, भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ'फैरेल ने आज उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ'फैरेल एओ ने ट्वीट किया, भारत के उपराष्ट्रपति और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल दोनों के रूप में, आप अतुल्य भारत को बेहतर ढंग से समझने में मेरी मदद करने के लिए अपने समय और विचारों के प्रति उदार रहे हैं। धन्यवाद जगदीप धनखड़ जी।